हनुमानगढ़ जंक्शन
मंगलवार 2 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण एकादशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 178 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,476.19 | +443.46 |
| निफ्टी | 24,141.95 | +131.35 |
| डॉलर | 83.46 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 31° अधिकतम 39°

# स्वदेशी हो गया क्रिमिनल जस्टिस सिस्टमः अमित शाह



**तीन नए कानून लागू, गृह मंत्री बोले- अब दंड की जगह मिलेगा न्याय, 22.5 लाख पुलिसकर्मियों को 12 हजार मास्टर ट्रेनर ने ट्रेनिंग दी**

**नई दिल्ली.** देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानूनों की जगह 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। इन्हें आईपीसी (1860), सीआरपीसी (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह लाया गया है। कानूनों के लागू होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया को इन कानूनों की जानकारी दी। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है। शाह बोले-अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा। गृहमंत्री के मुताबिक देशभर में 22.5 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की ट्रेनिंग 12 हजार से ज्यादा मास्टर ट्रेनर्स ने दी है। लोकसभा में 9.29 घंटे चर्चा हुई, उसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 6 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। इसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया। शाह ने कहा कि यह भी झूठा कहा जा रहा है कि विधेयक को सांसदों को बाहर भेजे जाने (निलंबित किए जाने) के बाद लाया गया। विधेयक को पहले ही कार्य मंत्रणा समिति के पास भेजा जा चुका था।

### मौजूदा कानून बिना बहस खत्म किए गएः चिदंबरम

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा-सरकार ने मौजूदा कानूनों को बिना बहस किए खत्म कर दिया। नए कानूनों में और बदलाव किए जाने चाहिए ताकि उन्हें संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप बनाया जा सके। गौरतलब है कि चिदंबरम इन तीनों कानूनों की जांच को लेकर बनाई गई संसद की स्थायी ... शेष पेज 9 पर

# अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही सरकारः भजनलाल

**नए कानूनों की क्रियान्विति को लेकर सीएम ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक, वर्चुअल रूप से जुड़े 50 जिले के आला अधिकारी व सीएलजी सदस्यों सहित अन्य प्रतिनिधि**




**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संविधान की मूल भावना को बल मिला है। पुराने कानूनों में केवल सजा का प्रावधान था, लेकिन अब इन नए कानूनों में न्याय पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधमुक्त राजस्थान बनाने तथा शीघ्र एवं सुलभ न्याय के लिए ये कानून मील का पत्थर साबित होंगे। शर्मा सोमवार को नवीन आपराधिक कानूनों को आमजन तक पहुंचाने के संबंध में गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक ले रहे थे। बैठक में सभी 50 जिलों से पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, ग्राम रक्षक और पुलिस मित्र तथा आमजन वर्चुअल रूप से जुडें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1860 में बने भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा 1872 में बने एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने से कानून में भारतीयता की आत्मा को दुबारा स्थापित किया गया है। इन नए कानूनों में न्याय की अवधारणा, पीड़ित केन्द्रित सोच तथा त्वरित न्याय के सिद्धांत पर बल दिया गया है। बैठक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जुडें।

### नए कानूनों में महिलाओं, बच्चों तथा पीड़ितों पर विशेष ध्यान

सीएम शर्मा ने कहा कि नए कानूनों में पीड़ित को जल्द न्याय उपलब्ध कराने और दोषी के स्थान पर पुनर्वास की भावना को प्रधानता दी गई है। साथ ही, महिलाओं, बच्चों तथा... शेष पेज 9 पर

# 'नवाचारों को अपनाए सहकारी समितियां ताकि ग्रामीणों को मिले राहत'

**» सहकार भवन में पुरस्कार वितरण समारोह में बोले सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक**




**जयपुर.** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों को स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये नवाचारों को अपनाना चाहिये ताकि ग्रामीण जीवन को सरल और सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नवाचार का अधिक से अधिक लोगों में प्रचार प्रसार करें जिससे लोगों में सहकारिता को अपनाने का भाव बढ़े। दक सोमवार को सहकार भवन में एनसीडीसी के क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार-2023 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी की श्रेष्ठ कार्य करने वाली सोसायटियों को सम्मानित करने की पहल से प्रदेश स्तर पर अधिक से अधिक कार्य करने के लिये ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की पहल पर 54 नये नवाचार हुए है। सहकारिता में विकास की अकूत संभावनाएं हैं। आवश्यकता यह है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को नये आयाम दिये जायें। उन्होंने कहा कि सहकारिता के बैनर के तहत नवाचारों के माध्यम से हम छोटे से छोटे कार्य से लेकर बडे से बड़ा कार्य कर सकते हैं। आज सहकारी समितियां सुपर स्टोर के संचालन के साथ-साथ पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी आदि का संचालन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाली सहकारी समितियां अपने जिले की अन्य सहकारी समितियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करे एवं उनका सहयोग करे। उन्होंने कहा कि सहकारिता में सकारात्मक विचार विमर्श के साथ नई नई योजनाओं को बनाकर क्रियान्वित किया जा सकता है। इसके लिये सहकारिता विभाग के अधिकारी व सहकारजनों को मिलकर ... शेष पेज 9 पर

# हल्की बारिश, तापमान गिरा पर उमस ने किया परेशान



### निकासी व्यवस्था के अभाव में कई जगहों पर भरा बरसाती पानी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में सोमवार को हनुमानगढ़ सहित अन्य तहसीलों में बारिश दर्ज की गई। तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दोपहर को हुई बारिश के बाद धूप नहीं खिली। भीषण गर्मी से तो राहत मिली लेकिन बारिश के बाद बढ़ी उमस आमजन को परेशान करती रही। हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में बारिश से निचली जगहों पर पानी भराव हो गया। सड़कों पर भी पानी भर गया। बच्चों ने बारिश के पानी में भीगकर इस मौसम का आनंद उठाया। मौसम बदलने से सोमवार शाम को बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल रही। मामूली बारिश के बाद जंक्शन व टाउन शहरी क्षेत्र में कई जगह पानी निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से कई जगह पानी भराव हो गया। इससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना... शेष पेज 9 पर

# हनुमानगढ़ में नहीं बढ़ेगी डीएलसी की दरें

### विधायक गणेशराज बंसल ने रखा प्रस्ताव तो सबने किया समर्थन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



डीएलसी की दरों के निर्धारण को लेकर हुई बैठक में फिर से बढोत्तरी नहीं करने का निर्णय किया गया है। कलक्टर कानाराम की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक गणेशराज बंसल ने इस आशय का प्रस्ताव रखा जिसका सबने समर्थन किया। विधायक गणेशराज बंसल ने कहाकि हनुमानगढ़ में पहले ही डीएलसी दरें ज्यादा हैं, इससे खरीदने वालों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में इस वक्त बढ़ोत्तरी का निर्णय उचित नहीं होगा। प्रशासन ने विधायक के प्रस्ताव को मान लिया और तरह डीएलसी दरों में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं पर विराम लग गया है। गौरतलब है कि एडवोकेट बनवारीलाल पारीक के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने विधायक गणेशराज बंसल से मुलाकात की थी और उनसे डीएलसी रेट नहीं बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। एडवोकेट बनवारीलाल पारीक ने बताया कि हनुमानगढ़ में प्रोपर्टी के रेट ज्यादा हैं, इसकी वजह से बेचने और खरीदने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर फिर डीएलसी दरों में वृद्धि हो गई तो प्रोपर्टी खरीदना और मुश्किल हो जाएगा। विधायक गणेशराज बंसल ने जन हित में इस मुद्दे को प्रभावी तरीके से रखा जिस वजह से आम जन को राहत मिली है।

# राज्य में 622 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

### 9325 पंचायतों में टीबीमुक्त ग्राम पंचायत अभियान का तीसरा चरण शुरू

**जयपुर.** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर राजस्थान को वर्ष 2025 तक टीबीमुक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इसी दिशा में डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार से 9 हजार 325 ग्राम पंचायतों में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' का तीसरा चरण शुरू किया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश को टीबीमुक्त बनाने के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान, सामुदायिक भागीदारी एवं जन जागरूकता बढ़ाने संबंधी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में यह अभियान 7 हजार 700 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया था। इनमें से 622 ग्राम पंचायतों को भारत सरकार द्वारा टीबीमुक्त पंचायत घोषित किया गया है। सिंह ने बताया कि राजस्थान को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चिकित्सा विभाग 1 जुलाई से आगामी 31 मार्च तक यह अभियान संचालित कर रहा है। अभियान के दौरान आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता वर्ष में दो बार घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की खोज करेंगी। टीबी से उपचारित हो चुके 'टीबी चैम्पियन' उपचाररत रोगियों एवं संभावित रोगियों को जागरूकता गतिविधियों द्वारा टीबी रोग के लक्षण, पूर्ण उपचार एवं उपचार के दौरान नियमितता आदि को लेकर जागरूक करेंगे। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालयों, ग्राम सभा आदि में 'टीबी रोग-शपथ' भी दिलाई जाएगी। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर क्षय रोगियों को... शेष पेज 9 पर

# सेना हर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारः आर्मी चीफ

**» नए सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

**नई दिल्ली.** देश के नए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को सोमवार को सेरेमनी के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में हुए इवेंट के बाद 30वें सेना प्रमुख ने अपने भाई के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जनरल द्विवेदी ने 30 जून को ही बतौर सेना प्रमुख कार्यभार संभाला है। वे जनरल मनोज पांडे के बाद आर्मी चीफबनाए गए हैं। 19 फरवरी को उन्हें वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बनाया गया था। 13 लाख सैनिकों के चीफ का कार्यभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना, ... शेष पेज 9 पर

# कांग्रेस की मुस्कान बानो 125 मतों के अंतर से विजयी

तेज | रिपोर्टर. भादरा



भादरा नगर पालिका के वार्ड नंबर 32 के उप चुनाव की सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं हुई मतगणना में कांग्रेस की प्रत्याशी मुस्कान बानो 125 मतों के अंतर से विजय रही वही भाजपा समर्थित प्रत्याशी प्रवीण कुमार को 131 मत वह नोटा को तीन मत प्राप्त हुए। मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। मतगणना के बाद उपखंड अधिकारी जेपी चंदेलिया ने मुस्कान बानो को शपथ दिलाते हुए विजय का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर तहसीलदार मोनिका बांसल, रफीक कुरेशी, ईस्लाम कुरेशी उपस्थित रहे। विजय घोषित होने के पश्चात मुस्कान बानो ने कहा यह जीत भादरा की जनता व वार्ड वासियों की जीत है जिन्होंने उस पर भरोसा जताया है । तत्तपश्चात वार्ड वासी गुलाल खेलते हुए ढोल के साथ मुख्य बाजार से मुस्कान बानों को लेकर वार्ड नं. 32 पहुंचे। विदित रहे मुस्कान बानो पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी दाऊद कुरैशी व बैतूल बानो की पोत्री है तथा 8 अगस्त को होने वाले नगरपालिका अध्यक्ष के उपचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की प्रत्याशी भी होगी। आगामी 8 अगस्त को होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भाजपा ने सूरतगढ़ व कांग्रेस ने जयपुर मे पार्षदों की बाड़ेबंदी कर रखी है। पिछले लगभग 15 वर्षो से भादरा नगरपालिका अध्यक्ष पद पर मरहूम हाजी दाऊद कुरेशी परिवार का कब्जा है।

# पटवार विश्रान्ति भवन का शिलान्यास

**» विधायक, जिला कलक्टर, सभापति ने रखा नींव पत्थर**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला मुख्यालय पर जंक्शन में सोमवार को पटवार विश्रान्ति भवन का शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। विधायक गणेश राज बंसल, जिला कलक्टर कानाराम और नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने नींव पत्थर रखकर भवन का शिलान्यास किया। 1996 में कृषि उपज मंडी समिति की ओर से आवंटित 45 गुणा 100 फीट भूखण्ड पर पटवार विश्रान्ति भवन का निर्माण हो रहा है। इस भवन के निर्माण से पटवारियों के रुकने की व्यवस्था होगी। इस मौके पर विधायक गणेश राज बंसल ने भवन निर्माण शुरू होने पर पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि पटवारियों की ओर से आमजन में बनाए गए विश्वास व कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही पुराने बुजुर्ग कह गए हैं कि ऊपर करतार व नीचे पटवार। जहां पटवारी की कलम चल गई उस कार्य को जिला कलक्टर तक नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि भविष्य में भवन के निर्माण के लिए राजस्थान पटवार संघ को जो आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जाएगा। जिला कलक्टर कानाराम ने कहा कि भवन बनने से पटवारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने संघ सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा व लग्न से कार्य निष्पादन कर आमजन की समस्याओं का त्वरित गति से निदान करने की बात कही। सभापति सुमित रणवां ने भवन के आसपास सघन पौधारोपण करने की बात संघ पदाधिकारियों से कही। राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष विनोद बिजारणिया ने बताया कि कि नोहर, भादरा, पल्लू सहित अन्य तहसीलों से चुनाव ड्यूटी या बाढ़ राहत के लिए हनुमानगढ़ ... शेष पेज 9 पर

# हनुमानगढ़ जिले में टेलर मास्टर सहित दो व्यक्तियों की करंट लगने से मौत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में बीते दो दिनों के दौरान करंट लगने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। टिब्बी थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश पांडर ने बताया कि टिब्बी में कल दोपहर रविवार को अपनी दुकान में काम कर रहे एक टेलर मास्टर विनोद शर्मा (45) निवासी वार्ड नंबर 14 को करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विनोद की बाजार में टेलरिंग की दुकान है। वह कपड़े प्रेस कर रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। मृतक विनोद के भतीजे सुनील शर्मा द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। उधर, रावतसर थाना क्षेत्र के गांव ढंढेला निवासी बलबीर कुम्हार (45) की भी करंट लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बिजली पोल पर लगी तार से हाथ लगने से बलबीर को करंट का जबरदस्त झटका लगा, जिससे वह अचेत होकर गिर गया। उसे ... शेष पेज 9 पर













हार्दिक बधाई
रोहित बेनीवाल
की ग्राम किकरवाली स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कनिष्ट लिपिक पद पर नियुक्ति होने पर हार्दिक बधाई।
-:: शुभेच्छु ::-
दादा भोमाराम बेनीवाल, बड़ा दादा साहब राम बेनीवाल
ताऊ कृष्ण, ताई गायत्री देवी, पिता अमर सिंह
माता श्रीमती सरला देवी, बहन स्नेहा, भाई डॉ. विकास चौधरी
एवं समस्त बेनीवाल परिवार

# सूरतगढ़ सिटी पुलिस की करतूत: थर्मल कर्मी की नौकरी बचाने के लिए हैंडबॉल प्लेयर को अवैध पिस्तौल केस में फंसाया

## मामला पुलिस महानिरीक्षक के संज्ञान में लाया गया, पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र षड्यंत्रकारी पुलिस कर्मियों समेत सभी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी





देश में नए कानून लागू होने से ठीक पहले सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट में एक कर्मचारी की सरकारी नौकरी बचाने के लिए कॉलेज के छात्र एवं हैंडबॉल के स्टेट प्लेयर को अवैध रूप से देसी कट्टा रखने के एक संगीन मामले में षड्यंत्र रचकर फंसाने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सूरतगढ़ सिटी पुलिस की करतूत उजागर होने पर लोगों में आक्रोश है।आज सूरतगढ़ से गणमान्य व्यक्तियों के साथ श्रीगंगानगर आए पीड़ित युवक प्रदीप शर्मा(20) निवासी कनवानी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को दिया गया। प्रदीप शर्मा ने मांग की है कि उसे अवैध देसी कट्टा रखने के मुकदमे में फंसाने वाले सूरतगढ़ सिटी थाना के पुलिसकर्मियों और षड्यंत्र में शामिल अन्य सभी व्यक्तियों के खिलाफ न केवल कार्रवाई की जाए बल्कि उस पर दर्ज किए मुकदमे से दोषमुक्त करवाने की भी कार्यवाही की जाए। यह उसके भविष्य का ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत जीवन का भी सवाल है।प्रदीप शर्मा की सगाई हो चुकी है।कुछ दिनों बाद उसका विवाह भी होने वाला है।वह रावतसर के एक कॉलेज में द्वितीय वर्ष का छात्र है और हैंडबॉल की स्टेट लेवल की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुका है। प्रदीप शर्मा को सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने विगत 24 जून को सूरतगढ़ में ही बड़ोपल रोड पर पैदल जाते पकड़ने और उससे 315 बोर का एक देसी कट्टा बरामद होने का मुकदमा दर्ज किया है। इसी मुकदमे को लेकर कुछ लोगों के साथ मिलकर सूरतगढ़ सिटी पुलिस द्वारा एक बड़ा षड्यंत्र रचने का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले को लेकर ब्राह्मण समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। सूरतगढ़ में ब्राह्मण समाज के लोगों ने मामले का पता चलने पर कल शाम को एक बैठक की,जिसमें पीड़ित प्रदीप शर्मा को न्याय दिलाने का निर्णय किया गया। इसी क्रम में आज प्रदीप शर्मा को लेकर सूरतगढ़ के अनेक लोग पूरे मामले से अवगत करवाने के लिए श्रीगंगानगर पहुंचे और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। एसपी ने मामले की जांच श्रीगंगानगर में नियुक्त एक डीएसपी को दी है।इससे पहले बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश को भी इस सारे मामले की जानकारी दी गई। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच करवाने और दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुआ था झगड़ा

प्रकरण के मुताबिक सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र के गांव सरदारपुरा खर्था निवासी और मिल्क डेयरी संचालक सुरेंद्र सहारण का विगत 23 जून को किसी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष के लोगों के साथ झगड़ा हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के कुछ लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया। आज पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में प्रदीप शर्मा ने बताया कि झगड़ा करने व्यक्तियों में सुरेंद्र सहारण का भाई कमलेश भी था जो कि सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट में सरकारी सेवारत है। उसके कब्जे से झगड़े के दौरान पुलिस ने 315 बोर का देसी कट्टा बरामद किया था। उस पर अवैध हथियार रखने का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया बल्कि उसकी नौकरी बचाने के लिए पुलिस ने सुरेंद्र सहारण आदि के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा। प्रदीप शर्मा सुरेंद्र सहारण की मिल्क डेतरी में काम करता है। वह बहुत ही गरीब परिवार से है।

### थाने में बुलाया, हस्ताक्षर करवा रवाना किया

पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में प्रदीप शर्मा ने बताया कि 24 जून को सुरेंद्र सहारण ने उसे फोन करके बताया कि उनका दूसरे पक्ष के साथ झगड़ा हो गया है,जिस पर पुलिस ने उनको शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पकड़ा है। सुरेंद्र सहारण ने जमानत के कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करने के लिए उसे सूरतगढ़ थाने में आने के लिए कहा। उस रोज शाम 6ः30 बजे रावतसर निवासी सुनील शर्मा के साथ उसे कार द्वारा सूरतगढ़ थाने में लाया गया। पुलिस ने कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करवाए। उसे 20-25 मिनट बाद थाने से वापस भेज दिया गया। इसके दो दिन बाद 26 जून को सोशल मीडिया पर चली एक खबर से पता चला कि सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने उसे एक अवैध पिस्तौल बरामद किया है और उसके खिलाफ मुकदमा (नंबर 353/ 24) दर्ज किया है। यह पता चलने पर उसने सुरेंद्र सहारण से बात की तो उसने बताया कि कमलेश सरकारी कर्मचारी है। इसलिए अगर उसके पास देसी कट्टा दिखाते तो उसकी नौकरी खतरे में पड़ जाती।इसलिए औपचारिकता स्वरूप इस मामले में उसका नाम लिखवाया गया है। हमारी सारी बात थाना प्रभारी से हो चुकी है। उसका कोई नुकसान नहीं होने देंगे। प्रदीप शर्मा के अनुसार सुरेंद्र सहारण से फोन पर हुई इस सारी बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके पास है।

### पुलिस ने यह मामला दर्ज किया

सूरतगढ़ सिटी थाना में 24 जून को हवलदार कुलविंदरसिंह की रिपोर्ट पर प्रदीप शर्मा के खिलाफ अवैध हथियार रखने का मुकदमा रात्रि 11.24 बजे दर्ज किया गया। हवलदार कुलविंदर सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि वह 24 जून को रात 8.05 बजे हवलदार दुर्गादत्त और सिपाही रामकुमार के साथ प्राइवेट वाहन में बड़ोपल रोड नजदीक किशनपुरा आबादी तिराहा की ओर गश्त लगाने के लिए रवाना हुआ। वहां जाने पर एक मुखबिर ने बताया कि बडोपल रोड पर करीब 20 वर्ष का एक युवक जिसने हाफ बाजू की शर्ट और नीले रंग का लोअर पहना हुआ है,पैदल सूरतगढ़ बाजार की तरफ जा रहा है।उसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है।करीब 8:20 बजे उसे यह युवक किशनपुरा आबादी तिरहा पर दिखाई दिया। रोक कर पूछा तो अपना नाम प्रदीप (पुत्र धन्नाराम शर्मा) निवासी कनवानी थाना रावतसर बताया। तलाशी लेने पर उसके लोअर के डब में एक देसी कट्टा बरामद हुआ। प्रदीप के पास कोई लाइसेंस और परमिट नहीं था। उस पर 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसकी जांच सब इंस्पेक्टर संपतराम को दे दी गई। प्रदीप को पकड़ने वाले सभी पुलिसकर्मी अब खुद फंसते दिख रहे हैं

### जमानत के बहाने से बुलाया

जानकारी के मुताबिक प्रदीप को सुरेंद्र सहारण आदि की जमानत के कागजातों पर हस्ताक्षर करने के बहाने थाने में बुलाया गया और उसके ही खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे संबंधी कागजातों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। जानकार सूत्रों ने बताया कि 9/ 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रावधान है कि अगर आरोपी 21 वर्ष से कम आयु का है तो उसे थाने में ही जमानत लेकर छोड़ा जा सकता है। इसीलिए प्रदीप को उसके खिलाफ अवैध हथियार का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने कुछ देर बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया गया। वह लगभग आधे घंटे में खाने से बाहर निकल गया।

### हमारे सिस्टम से चलता है थाना

इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में वायरल हुई। सुरेंद्र सहारण और प्रदीप शर्मा के एक परिजन की बातचीत की रिकॉर्डिंग बहुत ही चौका देने वाली है। इसमें सुरेंद्र सहारण द्वारा दावा किया गया है कि थाने का सिस्टम उनके हिसाब से ही चलता है। इस रिकॉर्डिंग में सुरेंद्र सहारण ने बार-बार प्रदीप के परिजन को विश्वास दिलाया कि उसका कुछ भी नुकसान नहीं होने देंगे। पुलिस से सारी बात हो रखी है। उसके खिलाफ दर्ज हुआ मामला भी रफा- दफा करवा दिया जाएगा। उन्होंने यह सब जो कुछ किया है उसकी किसी भी सजा के लिए तैयार हैं। यह सब कुछ एक सिस्टम के चलते हो गया। इस बातचीत में सुरेंद्र सहारण द्वारा यह भी कबूल किया जा रहा है कि 23 जून को जब उनके दूसरे पक्ष से झगड़ा हुआ था, तब प्रदीप वहां नहीं था।प्रदीप को अगले दिन थाने में बुलाया गया था। पुलिस वालों ने ही कहा था कि देसी कट्टे की बरामदगी दिखाने के लिए वह किसी ऐसे बंदे को पेश कर दें जो बाहर का रहने वाला हो। इसीलिए प्रदीप को बुलाया गया था कि उसे थाने में आने के कुछ देर बाद ही वापस भेज दिया जाएगा।

### हमने सही कार्यवाही की है

इस प्रकरण के बारे में पूछने पर सूरतगढ़ सिटी थाना के प्रभारी सीआई सुरेश कस्वा ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने इतना ही कहा कि पुलिस द्वारा बिल्कुल सही कार्यवाही की गई है। आरोपी प्रदीप शर्मा के कब्जे से ही 24 जून की रात को पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अवैध हथियार बरामद किया था। इस मामले को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर थाना प्रभारी ने कहा कि जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।

## श्रीकरणपुर में रंजिश को लेकर युवक पर कातिलाना हमला

**श्रीगंगानगर**। सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर कातिलाना हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया अमनदीप उर्फ गोली नामक यह युवक श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में भर्ती है।उसके पिता रामदास निवासी श्रीकरणपुर द्वारा दी गई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने गुरविंदर उर्फ गौंदी, पवनदीप, गोपीराम, कालासिंह आदि 6-7 व्यक्तियों पर हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार अमनदीप अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार दोपहर को श्रकरनपुर में मोटरसाइकिल पर रडेवाला की तरफ जा रहा था। इसी दौरान एक गाड़ी में सवार होकर आए उक्त लोगों ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पहले अमनदीप के मोटरसाइकिल में टक्कर मारी। फिर लाठी व अन्य हथियारों से उसे पर घातक हमला कर दिया। अमनदीप को उसके साथ मोटरसाइकिल पर सवार दो दोस्तों ने बचाने का प्रयास भी किया। इस प्रयास में वे भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।तब तक आरोपी फरार हो गई थी।पुलिस ने बताया कि अमनदीप को श्रीकरनपुर के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रैफर कर दिया गया।उसके दोनों दोस्तों को मरहम पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। जांच कर रहे एएसआई शिवलाल ने बताया कि दोनों पक्षों के युवकों में पिछले चार-पांच दिन से किसी बात को लेकर विवाद तथा झगड़ाबाजी चल रही थी। अमनदीप के सिर में चोट लगी है, वही उसके एक पैर में भी फ्रैक्चर हुआ है।

## आशा सहयोगिनी के घर से सोने चांदी के जेवरात और नगदी चोरी

**श्रीगंगानगर**। सादुलशहर थाना क्षेत्र के करडवाला गांव में एक आशा सहयोगिनी के घर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात तथा नगद राशि चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक करडवाला निवासी पंकज शर्मा द्वारा दी गई। रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस को पंकज शर्मा ने बताया कि करडवाला के वार्ड नंबर एक में उनका मकान है। विगत 28 जून को सुबह लगभग 6 बजे वह किसी काम से सादुलशहर आ गया था। उसकी मां दुर्गा देवी आंगनबाड़ी केंद्र में आशा सहयोगिनी का काम करती है। उसकी मां भी सुबह लगभग 10 बजे मकान को ताला लगाकर आशा सहयोगिनी के काम से सादुलशहर गई थी। दोपहर 3ः30 बजे मां जब वापस घर पहुंची तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो संदूक के ताल भी टूटे हुए थे और अलमारी खुली पड़ी थी। सामान चेक करने पर संदूक में से तीन तोला सोने का एक हार, सोने की तीन अंगूठियां, दो चूड़ियां, एक जोड़ी कांटे,एक मंगलसूत्र, एक मूरत एक टाप्स जोड़ी, चांदी की तीन पाजेब जोड़ियां और अलमारी में रखे 80 हजार रुपए रुपए नहीं मिले। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हवलदार धर्मवीर द्वारा जांच की जा रही है।पुलिस सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को चेक करने में लगी है।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन के वॉशिंग यार्ड में एक अज्ञात व्यक्ति की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस के मुताबिक कल रविवार सुबह सवेरे सूचना मिली कि वॉशिंग गार्डन में रेल पटरी के पास एक व्यक्ति मृत पड़ा है। मौके पर गए हवलदार सूराराम ने बताया कि मृतक लगभग 40 वर्ष का है,जो की देखने में भिखारी बाबा लगता है। उसने सफ़ेद रंग टी- शर्ट और हल्के आसमानी रंग की जींस पैंट पहनी हुई है। जींस पेंट को उसने तौलिए से बांध रखा था। पहने हुए कपड़ों में शिनाख्त के लायक कुछ भी नहीं मिला।रेलवे स्टेशन के उप अधीक्षक राजेश कुमार की ओर से मर्ग दर्ज की गई है। लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया हुआ है। इस व्यक्ति की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

# शादी के 4 महीने बाद युवती की संदेहास्पद मौत

## ससुराल वालों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

शादी के 4 महीने बाद ही युवती की अपने ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उसकी मां द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले में संगरिया थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में विवाहित प्रियंका को उसके ससुराल वालों ने विगत शनिवार को हनुमानगढ़ टाउन के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जिसकी कुछ ही देर में मृत्यु हो गई। यह पता चलने पर प्रियंका की मां बलजीत कौर रायसिख (40) निवासी वार्ड नंबर 16 सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर अपने बेटे परविंदर सिंह तथा परिवार के अन्य लोगों को साथ लेकर हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल पहुंची। पुलिस को रिपोर्ट देते बलजीतकौर ने बताया कि उसने प्रियंका की शादी 4 महीने पहले गांव फतेहपुर निवासी गुरजंटसिंह उर्फ मोनू रायसिख से की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही गुरजंटसिंह उसकी मां जोगिंदर कौर आदि ससुराल वाले प्रियंका को तंग परेशान करने लगे। गुरजंटसिंह ने प्रियंका को अपने पीहर से अढ़ाई लाख रुपए लाकर देने के लिए कहा, क्योंकि वह कपड़ों की दुकान करना चाहता था। बलजीतकौर के अनुसार उसने अपने दामाद को ढाई लाख रुपए दिए लेकिन कुछ दिनों बाद वह और रुपयों की मांग करने लगा। चार-पांच दिन पहले प्रियंका ने जब बताया कि उसे प्रताड़ित किया जा रहा है तो वह अपने बेटे को लेकर उसे लेने के लिए फतेहपुर गई। ससुराल वालों ने प्रियंका को भेजने से इनकार कर दिया। वह और उसका बेटा वापस आकर ससुराल वालों को समझने के लिए पंचायत करने के बारे में विचार करने लगे। बलजीतकौर के अनुसार शनिवार सुबह प्रियंका ने फोन पर कहा कि उसे जाकर ले जाओ नहीं तो ससुराल वाले हत्या कर देंगे। दोपहर 2:30 बजे उनको सूचना मिली कि प्रियंका की मौत हो गई है। वे जब हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल पहुंचे तो प्रियंका की लाश मोर्चरी में रखी हुई थी। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है, जिसकी जांच डीएसपी (साइबर) अरुण शर्मा कर रहे हैं।

# युवक द्वारा खुदकुशी, सुसाइड नोट में लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला और मृतक के भाई का नाम

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सूरतगढ़ में विगत शनिवार की सुबह एक युवक द्वारा खुदकुशी कने के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को रिपोर्ट देते हुए प्रद्युमन शर्मा निवासी वार्ड नंबर 18 ने बताया कि उसके छोटे भाई देवेंद्र शर्मा(32) ने शनिवार को सुबह 10:30 बजे अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देवेंद्र शर्मा काफी समय से कौशल्या देवी निवासी सूर्यनगरी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने कौशल्या देवी पर निरंतर देवेंद्र शर्मा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर जांच सब इंस्पेक्टर संपत राम को दी है। घटना के दिन मौके पर सब इंस्पेक्टर संपत राम पहुंचे थे। थाना प्रभारी सीआई सुरेश कस्वा ने बताया कि देवेंद्र शर्मा के घर में तीन-चार पंक्तियों का लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने कौशल्या देवी के साथ-साथ अपने एक भाई का नाम भी लिखा है। जानकारी के मुताबिक देवेंद्र शर्मा और कौशल्या देवी तीन-चार वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार लगभग अब लगभग 1 वर्ष से कौशल्या देवी अलग रह रही थी। कौशल्या देवी बीएसएनल में कार्यरत बताई जाती है। पुलिस ने कहा कि सारे मामले की जांच जांच जारी है।

## शॉर्ट सर्किट से कार में आग लगी

**श्रीगंगानगर**। नगर विकास न्यास कार्यालय के सामने सरस्वती नगर में कल शाम को एक कार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने फायर टेंडर के साथ मौके पर जाकर आग पर काबू पाया।पुलिस ने बताया कि कार की वायरिंग से शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे कार के इंजन में आग लगा गई। दमकल कर्मियों ने काफी हद तक कार को बचा लिया लेकिन इंजन का नुकसान हो गया। यह कर लेकर एक शख्स सरस्वती नगर में अपने किसी जानकार के यहां आया था।

# तय मजदूरी के हिसाब से भुगतान करवाने की मांग

## » प्रवासी मजदूरों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

हनुमानगढ़। तय मजदूरी के हिसाब से भुगतान करवाने की मांग के संबंध में उत्तर प्रदेश के प्रवासी ईंट भट्ठा के मजदूरों ने सोमवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने बताया कि वे गांव जंडावाली के नजदीक हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर रोड पर स्थित गुरुनानक ईंट उद्योग पर पिछले लगभग नौ माह से मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। सीजन पूरा हो जाने पर ईंट भट्ठा के मुनीम की ओर से उनका हिसाब किया गया परन्तु तय मजदूरी के हिसाब से भुगतान नहीं किया जा रहा। बिजली के बिल के रूप में 300 रुपए प्रति माह प्रति कमरे के हिसाब से रुपए भी काटे जा रहे हैं जबकि आरम्भ में उनसे बिजली का किसी प्रकार का कोई भुगतान लिया जाना तय नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि गुरुनानक ईंट उद्योग के संचालकों की ओर से उन्हें तय मजदूरी के हिसाब से सम्पूर्ण भुगतान न कर धोखाधड़ी की जा रही है। मजदूरों ने गुरुनानक ईंट उद्योग के संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनके हक के रुपए दिलवाने की मांग की। इस मौके पर सरपंच बलदेव सिंह, शेरसिंह शाक्य के अलावा ईंट भट्ठा मजदूर सुनील, रामवालक, सुखवीर, अर्जुन, नन्हेलाल, रूपसिंह, रवि, भागेश, दीपक आदि मौजूद थे।

# गंगानगर में पानी की कमी के खिलाफ किसानों का धरना जारी

## जीकेएस के महासचिव पंजाब पहुंचे, पानी बढ़ने की मांग की







तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

ग्रामीण किसान मजदूर समिति (जीकेएस) द्वारा गंगनहर में पूरे पानी को लेकर सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना जारी है। धरनास्थल पर उपस्थिति ग्रामीण किसान मजदूर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रणजीतसिंह राजू ने बताया कि गंगनहर में पानी का उतार - चढ़ाव अभी चल रहा है, जिससे वरीयता में चल रही बीबी नहर को बंद करना पड़ा। राजू ने बताया कि गंगनहर की सभी नहरों पर दो - दो , तीन - तीन बारियां खाली जा रही है,जिससे ग्वार और मूंग की बिजाई प्रभावित हो रही है।आज धरना स्थल पर गंगनहर परियोजना अध्यक्ष गंगनहर हरविन्द्रसिंह गिल जीकेएस प्रदेश सह - संयोजक विक्रमजीतसिंह शेरगिल, गुरदीपसिंह गिल , हिंदुमलकोट ब्लॉक अध्यक्ष दलजीतसिंह बाजवा, चुनावढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजकरण संधू, जगविंद्रसिंह बराड़, जीजी माईनर चेयरमैन लाभसिंह बराड़, स्वर्णसिंह , रमनदीपसिंह, अंगद संधू,समेत अन्य किसान साथी उपस्थित रहे ।

**5 जुलाई तक अल्टीमेटम**

धरनास्थल पर उपस्थित किसानों ने एकराय होकर कहा कि गंगनहर में पूरे पानी को लेकर सिंचाई विभाग , प्रशासन , राज्य सरकार गंभीर नहीं है । किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने व नहरों की लगातार डबल, ट्रिपल बारियाँ खाली जाने के कारण खरीफ फसलों की बुवाई पर गहरा संकट मंडरा रहा है।किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पानी पूरा नहीं हुआ तो 5 जुलाई को किसान जिला मुख्यालय को ट्रेक्टर - ट्रालियों से घेरकर जाम कर देंगे ।

**महासचिव संतवीर सिंह पंजाब दौरे पर**

गंगनहर में पानी कम होने की सूचना मिलने पर जीकेएस प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा ने पंजाब पहुंचकर वहां के सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर पानी बढ़ाने की मांग की। पंजाब के सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिंचाई विभाग के गेज रीडर की वजह से पानी कम हो गया, जिसको पूरा करवा दिया गया है।

**अध्यक्ष ने किया एच नहर का दौरा**

गंगनहर परियोजना अध्यक्ष हरविन्द्र सिंह गिल ने आज रेगुलेशन खंड के कनिष्ठ अभियंता विनोद भैरवा के साथ एच नहर का दौरा किया।बाईफिरकेशन हैड से शुरू कि आरडी 0 से 20 तक का निरीक्षण करने पर पाया गया नहर कि लाइनिंग पर बहुत बढ़ी तादाद में पेड़ ऊग गये हैं और बर्म भी बहुत ज़्यादा है,जिसकी सफाई करवाना बहुत ज़रूरी हो गया है।आने वाले दिनों में इस नहर की सफाई करवायी जायेगी,जिससे किसानों को राहत मिल सके। हरविन्द्रसिंह गिल ने बताया कि गंगनहर फिडर की पीएस हैड से लेकर डाबला हैड तक बर्म की सफाई का कार्य भी लगातार जारी है।पोकलेन मशीन पीएस हैड से फीडर कि दाईं तरफ सफाई कि जा रही है। आरडी-235 तक सफाई हो गई है। डाबला हैड से वापस बाईं तरफ़ सफाई की जाएगी।

# पौधारोपण महाअभियान की तैयारियां करें समयबद्ध पूरी




**हनुमानगढ़**। जिला कलेक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पौधारोपण महाअभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू हो गई है। सभी विभाग अपने लक्ष्यों के अनुसार पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदाई समयबद्ध कराएं। साथ ही, वन विभाग से समन्वय कर पौधे प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पौधारोपण महाअभियान शुरू होगा। इसमें लापरवाही नहीं बरतें। विद्यालयों, महाविद्यालय, राजकीय कार्यालयों, कल्याण भूमि, बड़े स्थानों सहित पौधारोपण के लिए जगह चिंहित की जाए। उन्होंने कहा कि पौधों की जियो टैगिंग भी होगी। इसलिए पौधे उन्हीं स्थानों पर रोपें, जहां उनकी सुरक्षा हो सकें। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के कार्यों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सुनीता चौधरी, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव सहित सभी विभागों से अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. रामावतार मीना ने ग्रहण किया कुलपति का पदभार

### उत्तम किस्मों के बीज का उत्पादन बढ़ाना बताया प्राथमिकता

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



एसकेडी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रो. डॉ. रामावतार मीना ने पदभार ग्रहण किया है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन दिनेश जुनेजा, मैनेजिंग डायरेक्टर गिरीश चावला, गुड डे डिफेंस स्कूल के प्रिंसिपल कर्नल सौरभ, प्रो. श्यामवीर, सभी विभागों के डीन, अध्यक्ष, प्राध्यापक एवं कृषि विभाग की सभी फैकल्टी मौजूद रही। प्रो. डॉ. रामावतार मीना प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक हैं जिनका कृषि अनुसंधान में 33 वर्ष का अनुभव रहा है। इनका 9 कपास की किस्म के विकास में योगदान रहा है जिनमें कपास का हाइब्रिड सीआईसीआर-2 मुख्य है जो अधिक उत्पादन के कारण किसानों में अत्यधिक लोकप्रिय है। इनके 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं तथा दो पुस्तक इनकी ओर से लिखी गई हैं। प्रो. डॉ. रामावतार मीना के अनुसार आईसीआर के कृषि वैज्ञानिक के रूप में लम्बा अनुभव होने से उनकी प्राथमिकता देश के किसी भी अनुसंधान केन्द्र पर अधिक पैदावार देने वाली गेहूं, सरसों, चना, जौ, धान व कपास की उन्नत किस्मों की राजस्थान, हरियाणा व पंजाब के वातावरण में अनुकूलता जांचना तथा जांच में पाई गई उत्तम किस्मों के बीज का उत्पादन बढ़ाने पर रहेगा ताकि अधिक उपज देने वाली किस्मों का बीज किसानों को उपलब्ध हो सके। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय की ओर से भी कृषि रिसर्च बढ़ाने की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में नवीन टेक्नोलॉजी आधारित उद्योगों के लिए ट्रेनिंग उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी। इसके आधार पर इस क्षेत्र में लाभप्रद उद्योगों के विकास में योगदान बढ़ेगा। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक विभाग में से प्रतिभा को छांटा जाएगा एवं सम्बंधित ट्रेनिंग देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

## गर्मी और उमस के कारण चक्कर आने से युवक की मौत

**रावतसर।** थाना क्षेत्र में एक युवक की अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण चक्कर आने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय राज लोहार नामक यह युवक विगत 26 जून को गांव निरवाल एक खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान चक्कर आने से वह बेहोश होकर गिर गया।उसे रावतसर के सरकारी अस्पताल में लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप किया तो उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने बताया कि राज लोहार पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले में बामणी टी गार्डन के समीप वामनडंगा गांव का निवासी था। वह काफी समय से निरवाल में रहकर खेती मजदूरी कर रहा था। उसकी मृत्यु होने की सूचना देने पर परिवारजन कल रविवार को रावतसर पहुंचे। मृतक के बहनोई शिवप्राण (21) निवासी सुखानी बस्ती, जलपाईगुड़ी बंगाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी गई।

# समय प्रबंधन और व्यवस्थित दिनचर्या ही सफलता की गारंटी



### » बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में विद्या की देवी मां शारदा की आराधना के साथ हुई सत्र की शुरुआत

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार को स्टूडेंट्स का पहला दिन था। इसलिए शुरुआत विद्या की देवी मां शारदा की आराधना के साथ की गई। कॉलेज सभागार में बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय, चेयरमैन आशीष विजय, वाइस चेयरमैन रौनक विजय, प्रशासक परमानंद सैनी, प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक, उप प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किए। उन्होंने मां वीणावादिनी से छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना कीं। डायरेक्टर तरुण विजय ने कहा कि छुट्टियों के बाद कॉलेज का पहले दिन का खास महत्व है। आज आप पूरे एक साल की प्लानिंग कर लीजिए। समय प्रबंधन और अपनी दिनचर्या को योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित कर उसे अमली जामा पहनाने का प्रयास शुरू कर दीजिए। साल भर बाद यानी जब परीक्षा परिणाम आएगा तो आप टॉप पर रहेंगे, इसकी पूरी गारंटी है। मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन आशीष विजय ने कहा कि भले आप कितने शिक्षित हो गए लेकिन अगर आपके पास संस्कारों की कमी है तो वह शिक्षा अधूरी है। शिक्षा और संस्कार मिलकर ही अच्छे इंसान का निर्माण करते हैं। भारत दुनिया से अलग इसलिए है क्योंकि यहां पर गौरवशाली संस्कृति है, सभ्यता है, संस्कार है। बेशक, यह सब दूसरे देशों में नहीं है। इसलिए भारतीयता को जीना बेहद जरूरी है। कॉलेज प्रशासक परमानंद सैनी व वाइस चेयरमैन रौनक विजय ने कहा कि प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं के लिए हरसंभव सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं ताकि उन्हें सहूलियत मिले। प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक व उप प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य तय करना और फिर उसे हासिल करने के लिए खुद को समर्पित कर देना ही सफलता का पैमाना है। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. शायर सिंह ने कहा कि सच्चाई को समझने और जीवन में आत्मसात करने वाले ही शीर्ष पर नजर आते हैं। कॉलेज का पहला दिन महत्वपूर्ण होता है। इसलिए यह आयोजन आपके जीवन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# पुलिस कर्मी पर ठेका राशि हड़पने का आरोप

### » भवन निर्माण करने वाले मिस्त्री ने थाना में सौंपा परिवाद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मचारी पर मकान निर्माण की ठेका राशि हड़पने व शटरिंग का सामान वापस नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए भवन निर्माण कार्य करने वाले एक मिस्त्री ने सोमवार को जंक्शन पुलिस थाना में परिवाद सौंपा। जसविन्द्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी वार्ड छह, गांव सतीपुरा ने बताया कि वह मकान निर्माण करने का कार्य करता है। उसने पुलिस विभाग में कार्यरत कुलवंत सिंह निवासी सुपर स्टार सिटी कॉलोनी, चक ज्वालासिंहवाला रोड, जंक्शन के मकानों का निर्माण कार्य सुपर स्टार सिटी कॉलोनी में करने के लिए ठेका पर लिया था। करीब चार माह पूर्व मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया परन्तु कुलवंत सिंह ने ठेका राशि में से 28 हजार रुपए अभी तक नहीं दिए। आज-कल का कहकर बात को टाल-मटोल करता रहा। कुलवंत सिंह ने शटरिंग का सामान जाली, बल्ली, घोड़ी, कस्सी, बट्ठल व निर्माण करने के औजार अपने कब्जे में ले रखे हैं। इस कारण उसका शटरिंग के सामान का पिछले चार माह से किराया लग रहा है। कुलवंत सिंह की ओर से किराया देने का कहने पर किराया भी नहीं दिया जा रहा। अब उसने कुलवंत सिंह से दोबारा बात कर ठेका राशि एवं शटरिंग का सामान देने को कहा तो उसने स्पष्ट इन्कार कर दिया। साथ ही कहा कि उसे तो उसके साथ धोखाधड़ी कर कार्य करवाना था जो करवा लिया। अब उसे कोई रुपए नहीं मिलेंगे, न ही शटरिंग का सामान मिलेगा। पुलिस विभाग में होने का हवाला देकर धमकी दी कि वह उस पर झूठा मुकदमा दर्ज करवा देगा। अगर सामान या रुपए लेने आ गया तो अच्छा नहीं होगा। जसविन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कुलवंत सिंह शटरिंग का सामान वापस देने के एवज में नाजायज रूप से उल्टा उससे रुपयों की मांग कर रहा है। जसविन्द्र सिंह ने कुलवंत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी करने एवं धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने, ठेके के शेष रुपए व शटरिंग का सामान दिलवाने की मांग की।

# रात को शराब ठेके पर हमला, चार घायल

### कैंपर गाड़ी और ठेके में तोड़फोड़, गोलियां भी चली

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** टाउन थाना इलाके के गांव भोपुरा में हथियार बंद होकर आए आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों ने शनिवार- रविवार की रात को शराब ठेके पर हमला कर दिया।ठेके के ऊपर वाले कमरे में सोए ठेके के सेल्समैन एवं पार्टनर समेत चार व्यक्तियों को मारपीट कर घायल कर दिया। वही ठेके के बाहर खड़ी कैंपर गाड़ी में तोड़फोड़ की। शराब ठेके के अंदर भी तोड़फोड़ तथा लूटपाट करके फरार हो गए।हमलावरों द्वारा गोलियां चलाई जाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक गांव भोमपुरा में शराब ठेके के कर्मचारी व पार्टनर अमित पुत्र नरेश द्वारा अस्पताल में घायल अवस्था में दिए बयान के आधार पर भरत नायक और राहुल सहारण निवासी कच्ची डबली, टोनी बाजीगर, जोकर नायक निवासी रावतसर,विनोद सहारण निवासी ढाणी चाइया, राकेश सिहाग निवासी कीकरवाली आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस को अमित ने बताया कि शनिवार की रात को ठेका बंद करने के बाद वह धर्मपाल, सुनील और प्रमोद ऊपर बने चौबारे में खाना खाने के बाद सो गए। उक्त लोगों ने रात्रि 1.00 बजे ठेके पर आकर फायरिंग की। बाहर खड़ी कैंपर गाड़ी को तोड़फोड़ दिया। चौबारे के गेट को तोड़कर अंदर आ गये और उनके साथ मारपीट की। शराब ठेके के गले में रखे 12 हजार रुपए निकाल लिए।शराब की बोतलों को भी तोड़फोड़ दिया।अमित ने बताया कि उसके पहना हुआ सोने का कड़ा जबरदस्ती उतार लिया् उसके कपड़े उतार कर वीडियो भी बनाया। ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरों का रिकॉर्डिंग इंस्ट्रूमेंट डीवीआर भी उन्होंने उतारकर अपने कब्जे में कर लिया। एसी और अन्य सामान भी तोड़फोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि यह झगड़ा- फसाद शराब ठेकेदारों की आपसी स्पर्धा को लेकर हुआ् मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,जिसकी जांच एएसआई किशोर सिंह कर रहे हैं।

# ई-रिक्शा चालक यूनियन ने किया डीटीओ कार्यालय पर प्रदर्शन



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

ईरिक्शा चालक यूनियन हनुमानगढ़ ने सोमवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ईरिक्शा चालकों ने बताया कि ई-रिक्शों चालक बाजार से सवारियां लेकर उन्हे उनके गणतव्य स्थान तक पहुचाने का कार्य कर रहे है, जिससे वह अपना घर परिवार चला रहे है। यातायात पुलिस हनुमानगढ़ द्वारा कागजात पूरे होने के बावजूद भी ईरिक्शा चालकों को परेशान कर उनके जबरदस्ती चालान किये जा रहे है। कई बार तो रोड़ पर खड़े ई-रिक्शा का चालान यातायात पुलिस के द्वारा कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त टेम्पो यूनियन के सदस्यों द्वारा अपनी ऑटो की फिटनेस नही होने के बावजूद भी ई-रिक्शा चालकों को परमिट के नाम पर परेशान किया जा रहा है जबकि राज्य सरकार के आदेशानुसार ई-रिक्शा पर परमिट का नियम लागू नहीं होता है तथा ई-रिक्शा चालकों के पास कोई पार्किंग स्थल भी नहीं है। ई रिक्शा चालकों ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन देकर उक्त समस्याओं का समाधान कर ई-रिक्शा चालकों को हो रही परेशानी से मुक्त करने की मांग की है। ईरिक्शा चालकों ने चेतावनी दी है कि अगर यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों का अवैध चालान किया जाता है तो ई-रिक्शा चालक आंदोलन करने को विवश होगें एवं इसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर भावना वर्मा, गणेशराम, अशोक दास, अमर, रवि, राजू दास, नणिन्दर सिंह, दिलखुश मण्डल, अशोक, जितेन्द्र दास, मनोज, मोहम्मद हुसैन, कृष्ण, पवन कुमार, जीतू सिंह, शंकर सैनी, कालूराम व अन्य ईरिक्शा चालक मौजूद थे।

# छह को जंक्शन पुलिस थाना के समक्ष प्रदर्शन करेंगे मजदूर

### भवन निर्माण कार्य से जुड़े मिस्त्री-मजदूरों की सुनवाई न करने का आरोप

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान भवन निर्माण मिस्त्री-मजदूर यूनियन की बैठक सोमवार को जंक्शन स्थित सीटू कार्यालय में हुई। बैठक में मिस्त्री-मजदूरों की समस्याओं को लेकर 6 जुलाई को जंक्शन पुलिस थाना के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि भवन निर्माण में कार्य करने वाले मजदूरों के साथ बुरा व्यवहार हो रहा है। बड़े ठेकेदारों की ओर से मजदूर से काम करवा लिया जाता है लेकिन उन्हें समय पर व पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता। कहीं ठेकेदार तो कहीं मकान मालिक मजदूरों को मजदूरी नहीं देता। पीड़ित मजदूरों की ओर से संबंधित पुलिस थानों में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए लिखित शिकायत की जाती है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं होती। भवन निर्माण कार्य में काफी संख्या में महिलाएं मजदूरी का कार्य करती हैं। लेकिन अधिक कार्य करने के बावजूद भी उन्हें पुरुष मजदूरों से कम मजदूरी राशि का भुगतान किया जाता है। इसके खिलाफ छह जुलाई को पुलिस थाना के समक्ष बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें जिले भर से मिस्त्री-मजदूर हिस्सा लेंगे। भवन निर्माण कार्य करने वाले मिस्त्री-मजदूरों के हकों की लड़ाई सीटू लड़ेगी। बैठक में सरपंच बलदेव सिंह, बसंतसिंह, शेरसिंह शाक्य मुकद्दर अली, सुल्तान खान, वारिस अली, तरसेम सिंह, जसविन्द्र सिंह, रुकमा देवी, लिछमा देवी, विक्रम, संदीप, दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## गौसेवा आश्रम में सवामणि के साथ नव सत्र का आगाज

**हनुमानगढ़।** लायंस क्लब भटनेर की ओर से सोमवार को लायंस क्लब के नव सत्र का आगाज जंक्शन की कैनाल कॉलोनी के नजदीक स्थित गौसेवा आश्रम में सवामणि कर किया गया। इसके अलावा टाउन में राजकीय जिला चिकित्सालय के नजदीक स्थित संत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट में प्रभुजनों के भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर रीजन चेयरमैन शिव शंकर खड़गावत की ओर से संत सेवा ट्रस्ट को आटा गूंथने की मशीन के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया। संत सेवा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह व सचिव बलजिन्द्र सिंह ने इसके लिए क्लब सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब अध्यक्ष दिनेश गुप्ता के अनुसार साल भर में ऐसे कार्यक्रम लगातार लायंस क्लब भटनेर के सदस्यों की ओर से आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर क्लब के रीजन हेड प्रमोद खारीवाल व जॉन चेयरमैन श्याम रामावत, कमलजीत सैनी, मनमोहन गर्ग, दिनेश अरोड़ा, सिम्पल बंसल, सुरेश महिपाल, दीपक सिंगला, मेघराज गर्ग, नरेश मेहन आदि मौजूद रहे।

## रात को युवती से मिलने आए युवक को रंगे हाथों पकड़ा, दो दोस्त फरार

**हनुमानगढ़।** जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र में रात को लड़की से मिलने उसके घर आए एक युवक को लड़की के परिवार वालों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। युवक के दो साथी भाग जाने में कामयाब हो गए। पुलिस के मुताबिक टिब्बी के वार्ड नंबर 8 में शनिवार- रविवार की रात को हुई। इस घटना के संबंध में लड़की के एक परिजन द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर सुखविंदरसिंह और जग्गासिंह निवासी बशीर तथा छिंदासिंह निवासी लीलांवाली के खिलाफ रात को घर में घुसकर नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके पर पकड़े गए सुखविंदरसिंह को पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश पांडर ने बताया कि शनिवार की रात को सुखविंदरसिंह अपने दो दोस्तों जग्गासिंह तथा छिंदासिंह के साथ मोटरसाइकिल पर आया था। सुखविंदर सिंह लड़की के घर में चला गया।तभी लड़की के घर वालों ने उसे देख लिया और पकड़ लिया। इसी बीच जग्गासिंह और छिंदासिंह फरार हो गए।उन्होंने बताया कि मामले की जांच डीएसपी (साइबर) अरुण शर्मा द्वारा की जा रही है।

## मेगा हाईवे पर पशु से मोटरसाइकिल टकराया, युवक की मौत

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जिले में मेगा हाईवे पर अचानक सामने आए पशु से मोटरसाइकिल के टकराने से एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया। हनुमानगढ़ टाउन थाना पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की पहचान सूरज ब्राह्मण निवासी वार्ड नंबर 6 रावतसर के रूप में हुई है।सूरज के पिता प्रकाश शर्मा 49 द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। प्रकाश शर्मा ने बताया कि उसका बेटा अपने एक दोस्त अनिल धानका निवासी वार्ड नंबर 10 रावतसर के साथ शनिवार रात को मोटरसाइकिल पर रावतसर से नौरंगदेसर जा रहा था। रास्ते में लक्खूवाली के पास अचानक सामने गाये आ गई, जिससे मोटरसाइकिल टकरा गया। सूरज और अनिल सड़क पर गिर गए।सूरज के सिर में चोट लगी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी।

# व्यक्तिगत कार्य नहीं किया तो सूची से काटा नाम!

### मनरेगा श्रमिकों ने जिला कलक्टर से की शिकायत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



संगरिया पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोरजण्ड सिखान के मनरेगा श्रमिकों ने सरपंच व उनके परिवार के सदस्यों पर मनरेगा श्रमिकों को उनके मूल कार्य से हटाकर व्यक्तिगत कार्य के लिए दबाव डालने व व्यक्तिगत कार्य करने से मना करने पर दो मजदूरों का नाम सूची से काटने का आरोप लगाया है। सोमवार को मनरेगा श्रमिकों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसकी शिकायत की। ग्राम पंचायत मोरजण्ड सिखान के मनरेगा श्रमिकों ने बताया कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य चक 13 एएमपी के रास्ते पर सफाई का कार्य चल रहा है। इस कार्य में लगे मनरेगा श्रमिकों के पास गत दिवस सरपंच पति मक्खन सिंह, केवल सिंह, डॉ. लखवीर सिंह आदि आए और उक्त कार्य को रुकवाकर अपना व्यक्तिगत कार्य ईंटें उठाने को कहा। साथ ही कहा कि अगर वे ईंट उठाने का कार्य करेंगे तो ही वे उनकी मनरेगा मजदूरी आने देंगे। अन्यथा उनका नाम मनरेगा योजना में श्रमिक सूची से काट दिया जाएगा। मनरेगा श्रमिक चरणजीत कौर, गुरतेज सिंह व अन्य ने उनका व्यक्तिगत कार्य करने से मना किया तो केवल सिंह ने चरणजीत कौर को जातिसूचक गालियां निकाली। मक्खन सिंह व डॉ. लखवीर सिंह मिलकर गुरतेज सिंह से मारपीट करने पर उतारु हो गए। अन्य मनरेगा श्रमिकों ने बीच-बचाव किया। इसी रंजिश के चलते चरणजीत कौर व गुरतेज सिंह का नाम मनरेगा श्रमिक सूची से काट दिया गया। अन्य मनरेगा श्रमिकों को भी धमकी दी कि यदि उन्होंने उनके कहे अनुसार उनके खेत में कार्य नहीं किया तो वे उनका नाम भी श्रमिक सूची से काट देंगे। मनरेगा श्रमिकों ने आरोप लगाया कि सरपंच पति व अन्य व्यक्ति मजदूरों की फर्जी हाजरी लगाकर योग्य मनरेगा श्रमिकों के हक व हिस्से की राशि हड़प कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रकरण की जांच करवा दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। चरणजीत कौर एवं गुरतेज सिंह का नाम पुनः मनरेगा श्रमिक सूची में जुड़वाया जाए। मनरेगा योजना में हड़पी गई राशि राजकोष में जमा करवाने के लिए सरपंच पति वगैरा को पाबंद किया जाए। साथ ही श्रमिकों को कार्य के एवज में जल्द भुगतान करवाया जाए। इस मौके पर हरप्रीत कौर, सुखजिन्द्र कौर, परमजीत कौर, सुखप्रीत कौर, सुखजीत कौर, जसप्रीत कौर, हरजिन्द्र कौर, सर्वजीत कौर, जगरूप सिंह सहित कई अन्य मनरेगा श्रमिक मौजूद थे।





# आर्यन खान को कोरियोग्राफर मुदस्सर ने बताया जीनियस, स्टारडम से करने वाले हैं करियर की शुरुआत

शाहरुख भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े चेहरों में से एक हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने 30 साल से भी लंबा सफर तय किया है। इस दौरान उन्होंने लगातार दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। तीन दशक से भी ज्यादा समय तक फिल्मी दुनिया में ना सिर्फ सक्रिय रहना, बल्कि मुख्य अभिनेता के तौर पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म देते रहना एक बड़ी उपलब्धि है। अब उनकी इस विरासत को उनके बच्चे आगे बढ़ाने वाले हैं। अभिनेता की बेटी सुहाना ने तो बतौर अभिनेत्री अपना करियर शुरू भी कर दिया है। अब उनके बेटे आर्यन पर निगाहें टिकी हुई हैं. जो बतौर निर्देशक अपना करियर शुरू करने वाले हैं।

### सुहाना के बाद आर्यन देने वाले हैं दस्तक

साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म द आर्चीज से सुहाना खान ने डेब्यू किया था। मशहूर निर्देशक जोया अख्तर की फिल्म में वह अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा आदि के साथ नजर आई थीं। अब आर्यन खान भी फिल्मी दुनिया में अपना सफर शुरू करने के लिए तैयार हैं। वह अपने आगामी प्रोजेक्ट स्टारडम से बतौर निर्देशक फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। हाल में ही कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस शो में अभिनेता बॉबी देओल नजर आने वाले हैं और इसकी शूटिंग भी पूरी हो चुकी है। अब इस शो से जुड़े कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने इसे लेकर बात की है।

एक इंटरव्यू के दौरान कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने खुलासा किया कि वह फिलहाल शाहरुख खान की कंपनी रेड चिलीज के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह आर्यन खान के इस वेब सीरीज में काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें इसके बारे में ज्यादा बात ना करने को कहा गया है। हालांकि, उन्होंने इतना कहा कि वह इस वेब सीरीज के गानों पर काम कर रहे हैं और फिलहाल ये अभी प्लानिंग के स्टेज पर है। इस बीच आर्यन खान को लेकर मशहूर कोरियोग्राफर ने कहा कि वो काफी जीनियस हैं और बहुत प्रतिभाशाली भी हैं। कोरियोग्राफर ने जोर देते हुए कहा कि आर्यन के साथ काम करने के दौरान उन्हें काफी मजा आने वाला है।



# हरलीन सेठी ने बैड कॉप में मिली भूमिका के लिए निर्देशक का जताया आभार

अपनी बहुमुखी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेत्री हरलीन सेठी इन दिनों बैड कॉप के लिए चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज में अभिनेत्री की अदाकारी को समीक्षकों और प्रशंसकों द्वारा खूब सराहा गया है। यह सीरीज डबल ड्रामा के साथ गहरे रहस्य और साजिश से भरपूर है। बैड कॉप आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और रेंसिल डिसिल्वा द्वारा लिखित है। वहीं अब हरलीन ने सीरीज के बारे में बात करते हुए उन्हें कास्ट करने के लिए निर्देशक आदित्य दत्त का आभार जताया।

आदित्य के विश्वास पर देविका बनीं हरलीन हरलीन सेठी ने सीरीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक की भी तारीफ की। उनका कहना है कि आदित्य दत्त ने उनकी क्षमता और उन पर अटूट विश्वास जताया, जिसके लिए वे निर्देशक की आभारी हैं। उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि कैसे शुरुआती झिझक के बावजूद उन्हें देविका के रूप में चुना गया। आदित्य दत्त के दृढ़ विश्वास से ही हरलीन को चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने का निर्णय लेने में मदद मिली।

### देविका के रूप में हरलीन

हरलीन सेठी ने कहा, आदित्य दत्त को मुझ पर बहुत विश्वास था। उन्हें लगा कि वे इस भूमिका में सिर्फ मुझे ही देख सकते हैं। जब कोई आप पर इतना विश्वास करता है तो आप भूमिका को कैसे नकार सकते हैं? वे मुझसे कहीं ज्यादा आश्वस्त थे। शुरू में जब मैंने स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी थी तो वे मुझे देविका की भूमिका निभाने के लिए मनाने पर अड़े हुए थे और मुझे मनाने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और फिर हमने शो के बारे में उचित बातचीत की।

### आदित्य को कहा शुक्रिया

हरलीन ने आगे कहा, मैं आदित्य सर को धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे अपने साथ जोड़ा, मुझे देविका के रूप में देखा और सेट पर मेरी जिस तरह से मदद की, वह सराहनीय है। बैड कॉप हरलीन सेठी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपनी बहुमुखी भूमिकाओं के साथ मनोरंजन उद्योग में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। 21 जून को रिलीज हुई यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



# राज-डीके की इस सीरीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!

आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में सामंथा रूथ प्रभु के साथ नजर आ सकते हैं। इस सीरीज का नाम रक्तबीज रखा गया है। अगस्त तक मेकर्स इसकी शूटिंग शुरू कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। द नाइट मैनेजर के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है।

### सामंथा के साथ स्क्रीन साझा करेंगे आदित्य

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीरीज से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि आदित्य ने मई में ही इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक रक्तबीज को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, निर्देशक जोड़ी या दोनों कलाकारों की ओर से इस खबर की पुष्टि नहीं की गई है। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। इसके बाद वह अब अभिनेता वरुण धवन के साथ सिटाडेल- हनी बनी में भी मुख्य भूमिका में होंगी। इस सीरीज को एक जासूसी एक्शन थ्रिलर के दिल दहला देने वाले तत्वों को एक प्रेम कहानी के साथ दिखाया गया है। ये 90 के दशक की जीवंत टेपेस्ट्री पर आधारित है। दर्शकों को इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है।




# जिगरा से होगा कंगुवा का मुकाबला, क्या आलिया दे पाएगी बॉबी को टक्कर

स्टूडियो ग्रीन के बैनर से आने वाली सूर्या अभिनीत बहुप्रतीक्षित कंगुवा वास्तव में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। जहां एक ओर शानदार टीजर ने इसकी विशाल और रोमांचकारी दुनिया की झलक दिखाई, वहीं दूसरी ओर सुपरस्टार सूर्या का एक शक्तिशाली योद्धा और बॉबी देओल का एक खलनायक के रूप में पहले कभी न देखा गया अवतार भी पेश किया, जिसे देखने के बाद दर्शक उत्साहित हो गए। एक ओर इन बातों को लेकर चर्चाएं जारी ही थीं कि अब फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। नए पोस्टर के साथ कंगुवा के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख की एक शानदार घोषणा की है। फिल्म 10 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्माताओं ने नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, योद्धा राजा का स्वागत करने के लिए खुद को तैयार रखें। हमारा कंगुवा 10 अक्टूबर 2024 से आपके दिलों और स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है, कंगुवा फॉम ऑक्ट 10। वैसे अब कंगुवा के सामने आलिया भट्ट की फिल्म है, यानी दोनों का सामना होना तय है। कंगुवा का क्लैश आलिया भट्ट की जिगरा से होने वाला है, 11 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बता दें, शिवा ने फिल्म के लेखन से लेकर निर्देशन की कमान संभाली है। इस फिल्म में सूर्या, बॉबी देओल, जगपति बाबू और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में संगीत रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी दिखाएगी, इसलिए ही इसे रिलय लोकेशन पर शूट किया गया। गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत पर इस फिल्म को फिल्माया गया है। खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए 60 दिन लगाए गए हैं। फिल्म की पूरी कहानी दो टाइमलाइन में चलेगी और इसमें 1000 साल को कवर करने की कोशिश की गई है।

# कल्कि 2898 एडी के लिए मैंने तुरंत हां कर दी थी

नाग अश्विन निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी क्रेज है। फिल्म देखने गए दर्शकों को बड़ा सरप्राइज मिला। मूवी में यूं अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी के अहम रोल हैं, लेकिन इसमें और भी कई स्टार स्पेशल अपीयरेंस में दिखे, जिनमें डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा, फिल्म मेकर एस.एस. राजामौली, एक्टर विजय देवेरकोंडा, दुलकर सलमान और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर शामिल हैं। फिल्म में मृणाल ठाकुर ने एक प्रेग्नेंट लेडी अदिति का किरदार निभाया है। फिल्म में अदिति अच्छाई के लिए लड़ते हुए अपनी जान गंवा देती है। फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस को लेकर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने कहा, जब मुझे कल्कि 2898 एडी के लिए ऑफर आया, तो मैंने हां कहने में एक सेकंड भी नहीं लिया। एक्ट्रेस पहले फिल्म के निर्माताओं अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त के साथ फिल्म सीता रामम में काम कर चुकी हैं।





# ताहिरा की फिल्म को लेकर आयुष्मान खुराना का मजेदार ट्वीट

मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी और फिल्म निर्देशक ताहिरा कश्यप इन दिनों चर्चा में हैं। उनकी फिल्म शर्माजी की बेटी आज, यानी 28 जून को आखिरकार रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें आज के जमाने की मध्यमवर्गीय महिलाओं के जीवन और संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। अब इस फिल्म को लेकर आयुष्मान खुराना ने एक मजेदार ट्वीट किया है।

आयुष्मान एक अच्छे पति की तरह अपनी पत्नी का भरपूर साथ दे रहे हैं। उन्होंने अपनी पत्नी का समर्थन करने और अपने प्रशंसकों से सोशल मीडिया के जरिए फिल्म देखने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का जिक्र करते हुए एक दिलचस्प ट्वीट भी किया। 27 जून को खेले गए भारत बनाम इंग्लैंड टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मैच का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा की टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है, वहीं उनकी पत्नी की फिल्म जो शर्माजी की बेटी की कहानी बताती है, वह भी आज रिलीज हो चुकी है। अपने ट्वीट में वह फिल्म की स्क्रीनिंग करने वाली बड़ी स्क्रीन के सामने भारतीय क्रिकेट टीम की शर्ट पहने खड़े नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, इधर हम मैच देख रहे हैं, जिसमें शर्मा जी का बेटा हमारी टीम का नेतृत्व कर रहा है. उधर बड़ी खबर आ रही है कि ताहिरा की पहली फिल्म रिलीज हो गई है। वो हम दोनों के थिएटर वाले दिनों से ही एक जन्मजात लेखिका और निर्देशक हैं। यह फिल्म निश्चित रूप से आपके दिलों को छू जाएगी।

### ताहिरा ने भी लिखा एक भावुक संदेश

आयुष्मान के इस ट्वीट के बाद ताहिरा ने भी एक लंबी और भावुक पोस्ट के साथ ऐसी ही एक तस्वीर साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि सात साल के लंबे अंतराल के बाद इस फिल्म को बनाने का उनका सपना पूरा हुआ है। इसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा, सपने आपको जीवित रखते हैं। आप सांस लेते रहते हैं, मगर ये आपके सपने ही होते हैं, जो वास्तव में आपको आगे बढ़ने के लिए शक्ति देते हैं। इसे बनाने में सात साल लग गए, लेकिन यह वास्तव में उस काबिल था। इस पोस्ट के दौरान उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने उनपर विश्वास किया और उनका साथ दिया।

# सामंथा रुथ प्रभु को हो रहा पछतावा

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अदाकारा हैं। वह अपनी दमदार एक्टिंग, ग्लैमर और हॉटनेस के लिए जानी जाती है। उन्होंने अपने पॉडकास्ट टेक 20 के एक एपिसोड में हेल्दी खाने के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अनहेल्दी ब्रांड्स का ऐड करके गलतियां की हैं। टेक 20 के एपिसोड में सामंथा ने लाइफस्टाइल और वेलनेस एक्सपर्ट अलकेश शारोत्री के साथ हेल्दी खाने के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान एक यूजर के कमेंट ने उनका ध्यान खींचा। एक यूजर ने सामंथा के बारे में कमेंट किया कि वह खुद अनहेल्दी ब्रांड्स का ऐड करती हैं और अपने पॉडकास्ट पर हेल्दी खाने के बारे में बात करती हैं। एक्ट्रेस ने माना कि उन्होंने अनहेल्दी ब्रांड्स के ऐड करके गलती की है। उन्होंने कहा, मैंने अतीत में कई गलतियां की हैं, लेकिन तब मुझे इस बारे में ज्यादा नहीं पता था, लेकिन अब मैं कई सारे ऐड के ऑफर्स को ठुकरा चुकी हूं। मैं हेल्दी रहने के लिए जो बातें कहती हूं, असल जिंदगी में उसको फॉलो भी करती हूं।





### 32 वर्षो तक सीएचसी में नर्सिंग कार्मिक के रूप में सेवा देने वाली निशा शर्मा की कहानी

# राजकीय दायित्व को हमेशा सर्वोपरि माना, 25 लाख से अधिक का सीएचसी में दान भी करवाया, जीवन पर्यंत सेवा को अपनाने का लक्ष्य

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

सीएचसी पीलीबंगा में बीते कई वर्षों तक समर्पित भाव से मरीजों की सेवा करने एवम टीकाकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली निशा शर्मा के रिटायरमेंट पर नर्सिंग यूनियन वालों ने चांदी का मुकुट पहना कर उनका सम्मान किया। इसके अलावा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा एवम सीएचसी प्रभारी डा.सुनील अग्रवाल ने भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके बेहतरीन कार्यकाल के लिए आभार जताया।बता दे कि निशा शर्मा का जन्म 5 जून 1964 को हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी शहर में हुआ था, उन्होंने अपनी सारी पढ़ाई चिंतपूर्णी में ही की और उनकी शादी भी हिमाचल प्रदेश में ही हुई।उन्होंने नर्सिंग की ट्रेनिंग श्रीगंगानगर से पूर्ण की।निशा शर्मा की फर्स्ट पोस्टिंग 20 नवंबर 1992 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीलीबंगा में हुई।लगभग 32 वर्षो से अधिक समय तक उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सेवा कार्य के रूप में राजकीय दायित्व निभाया।

**सेवा का भाव सर्वोपरि, मिला समय-समय पर सम्मान:** निशा शर्मा ने जीवन पर्यंत सेवा का भाव मन में धारण करते हुए अपना राजकीय जीवन शुरू किया। सेवा करते-करते उन्हें सबसे पहले पल्स पोलियो अभियान में उत्कृष्ट योगदान पर वर्ष 1996 में सम्मान मिला। इसके अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रम में मिले लक्ष्य को पूर्ण करने पर स्वास्थ्य विभाग ने उनको प्रशस्ति पत्र से, वर्ष 2005-06 में डॉटस के लिए उत्तम सेवा कार्य सम्मान, वर्ष 2012-13 से वर्ष 2018-19 अड्डद्म में परिवार कल्याण में उत्कर्ष सेवा पुरस्कार प्रोत्साहन राशि के साथ सम्मान, वैश्विक महामारी कोविद-19 में ब्लॉक पीलीबंगा से सर्वश्रेष्ठ योगदान देने पर जिला कलेक्टर एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वर्ष 2020-21 में सम्मानित किया गया। इसके अलावा लगभग 32 वर्ष के सेवाकाल के दौरान एकता मंच, तरुण संघ, लायंस क्लब, आजाद क्लब, युवा क्लब, नेहरू क्लब, तालुका विधिक सेवा समिति,पीर खाना दरगाह कमेटी, बाबा रामदेव संस्था और इंडेन गैस एजेंसी, व्यापार मंडल/ शिक्षण समिति पीलीबंगा, मारवाड़ी युवा मंच सहित वूमेन पावर सोसाइटी द्वारा पदम शौर्य अवार्ड (चंडीगढ़) देकर सम्मानित किया।निशा शर्मा मौजूदा वूमेन पावर सोसाइटी की जिलाध्यक्ष होने के अलावा कई बार सर्व ब्राह्मण महासभा की जिला महासचिव पदाधिकारी भी रह चुकी है। खास बात यह है कि सीएचसी पीलीबंगा में निशा शर्मा ने अपनी ड्यूटी के दौरान भामाशाह/दानदाताओं को प्रेरित करते हुए लगभग 25 लख रुपए की लागत से अस्पताल के लिए 25 कुलर, चार एयर कंडीशनर (एसी) तीन इनवर्टर, 30 कुर्सियां, 20 बेंच बीपी इंस्ट्रूमेंट, ऑक्सीजन सिलेंडर की फिटिंग और पूरे अस्पताल में कैमरे और 20 पंखे,25 गद्दे और टीकाकरण कक्ष में एक एसी, एक कुलर 6 कुर्सियां, दो टेबल, एक इनवर्टर और पूरे कमरे में एक तालिन दान करवा कर सीएचसी के भौतिक संसाधनों में वृद्धि करवाने का भी दायित्व निभाया। उन्होंने दानदाताओं द्वारा भेंट की गई सामग्री की इबादत भी सीएचसी की दीवारों पर अंकित करवा कर हमेशा सकारात्मक के साथ अपना राजकीय दायित्व निभाया।

# बारिश के मौसम के चलते बाढ़ बचाव तैयारियां व जरूरी प्रबंध हों सुनिश्चित: आरके सिंह

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद



उपायुक्त आर.के. सिंह ने कहा कि जिला में बारिश के मौसम के चलते संबंधित विभाग बाढ़ बचाव संबंधी तैयारियां व सभी प्रकार के प्रबंध अभी से सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए संबंधित विभाग अपनी तैयारियां शुरू कर दें। राजस्व विभाग जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत जरूरी उपकरण एवं संसाधन तथा डाटा अवश्य अपडेट कर लें। उपायुक्त सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन स्थित सभागार में जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के साथ बाढ़ बचाव प्रबंधों व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नदियों, नहरों व ड्रेनों के तटबंध मजबूत करने तथा निरंतर सफाई करने जैसे कार्य समय पर करें। इसके अलावा संभावित प्रभावित क्षेत्रों में पंपों की उपलब्धता तथा उनकी वर्किंग कंडीशन चेक कर ली जाएं। सभी तैयारियों व उपकरणों को संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं चेक करें। इसी प्रकार बरसात के समय नदियों व ड्रेनों के तटबंधों की निरंतर निगरानी रखी जाए। गांवों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों आदि का उचित प्रबंध रखें। जिस गांव में पानी भरने की संभावना हो, वहां के ग्रामीणों को पहले से ही सूचना दी जाए। बाढ़ बचाव के लिए जरूरी उपकरण जैसे बोट, चप्पु, लाइफ जैकेट, कम्प्रेशर मशीन, शुद्ध हवा के सिलेंडर, मोटर बोट, तीर कुंडे, रस्से आदि की उपलब्धता जरूर रखें। संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व गांवों का दौरा जरूर करें। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग शहर में बरसात के समय विभिन्न स्थानों पर जमा होने वाले पानी की निकासी आदि की तुरंत व्यवस्था सुनिश्चित करें। बाढ़ बचाव के लिए कंट्रोल रूम आदि का भी प्रबंध हो। बरसात के मौसम के दौरान स्वास्थ्य विभाग जरूरी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता व मलेरिया रोकथाम जैसे उपाय सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने तहसीलदार व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीन पटवारी, ग्राम सचिव आदि को एक्टिव रखें तथा गांव की चौपालों व धर्मशालाओं की पहले से ही सफाई करवाएं। इसके साथ ही गांवों के सरपंचों व नंबरदारों से तालमेल रखें। रेडक्रॉस, जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य विभाग तथा बिजली विभाग के अधिकारी भी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारी पूर्ण रखें। बैठक में एडीसी डा. विवेक भारती, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम डबवाली अभय सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# राजकीय विद्यालय भागसर में विद्यार्थी अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित, प्रतिभाओं का किया सम्मान

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



राउमावि भागसर में सोमवार को विद्यार्थी अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। भीमसैन पटीर ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नए सत्र का आगाज विद्यालय पहुंचे विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया। इसके अलावा बीते शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान हुआ। नए सत्र के प्रारंभ होने पर एसएमसी एवम एसडीएमसी बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र गतिविधियों एवं विद्यालय के भौतिक संसाधनों पर चर्चा हुई। कार्य. प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं प्रर्वेशोत्सव अभियान में अधिकाधिक नामांकन आदि के बारे में चर्चा की। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष सतपाल राठौड, उप सरपंच हंसराज कस्बा, ग्राम सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र मूंढ, भारत भूषण, रोशन लाल, ओमप्रकाश, सैनाराम, नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष भीमसेन पटीर, राजू मिस्त्री, बलवंत सैन, रामलाल, शाला स्टाफ से उदाराम, शा. शिक्षक सुनील कुमार, कविता बिश्नोई, प्रमिला वर्मा, कनिष्ठ लिपिक पूजा सैन, जगदीश चंद्र सुथार, वरिष्ठ अध्यापक रवि चमडिया आदि मौजूद रहे।

# अमानती देवी को बनाया निर्विरोध उप सरपंच

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लखासर के उप सरपंच पद पर सोमवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ।पंचायत वीडीओ सुशील सिद्धू ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व वार्ड पंच शिवकुमार मंडा के आकस्मिक निधन के उपरांत रिक्त हुए पंचायत के वार्ड तीन के वार्ड पंच पद पर बीते सप्ताह निर्विरोध निर्वाचन हुआ था, जिसमें वार्ड वासियों ने कमलेश कुमार को सर्वसम्मति से वार्ड 3 का पंच चुन लिया था, अब सोमवार को पंचायत के रिक्त उप सरपंच पद पर पंचायत लखासर के समस्त वार्ड पंचों ने मिलकर सर्व समिति से अमानती देवी को उप सरपंच बना दिया है।इस मौके पर पंचायत सरपंच अमरजीत कौर चंननका, गठित चुनाव टीम सहित ग्रामीण व वार्ड पंच मौजूद रहे। सरपंच चंननका ने सभी का आभार जताते हुए पंचायत विकास में पदाधिकारी एवं ग्रामीणों का सहयोग अपेक्षित होने की बात कही। इससे पहले सोमवार को उप सरपंच पद पर कमलेश कुमार व मैनपाल ने भी अमानती देवी के समक्ष नामांकन किया था, लेकिन सर्वसम्मति से इन दोनों ने अपना नामांकन वापस लेने पर अमानती देवी को उप सरपंच मनोनीत कर दिया गया।

## प्रेमपुरा में कार्यकर्ताओं द्वारा छोटे बच्चों का पोलियो वैक्सीनेशन



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** ग्राम प्रेमपुरा में सोमवार को कार्यकर्ताओं द्वारा छोटे बच्चों का पोलियो वैक्सीनेशन किया। शंकर लाल,आशा कार्यकर्ता रानी देवी सुथार, कार्यकर्ता सोनू रानी सहित आंगनबाड़ी केंद्र (ए)की टीम ने ग्राम पंचायत के आबादी क्षेत्र में घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के समस्त एवं रविवार को पोलियो बूथ पर दवा से वंचित रहे सभी बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दो बूंद पिलाई। रानी देवी सुथार ने बताया कि उनकी टीम ने पंचायत से कोई भी बच्चा दवा से वंचित नहीं रहने देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सार्वजनिक कार्यशाला का आयोजन कल

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** राउमावि में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला होगी। प्रधानाचार्य असगर अली एवं प्रवक्ता मनोहर लाल बंसल ने बताया कि इस विद्यालय का चयन द्वितीय फेस में पीएम श्री राउमावि विद्यालय हुआ है, इसी संदर्भ में विद्यालयों की आवश्यकता व विकास आदि विषय पर चिंतन बैठक एवं सार्वजनिक कार्यशाला का आयोजन होगा। बैठक में कस्बे की समस्त संस्थाओं एवं आमजन को आमंत्रित कर उनके सुझाव लिए जाएंगे।बैठक का समय 3 जुलाई प्रातः 9.15 बजे से रहेगा।

# दोपहर बाद शाम को तेज हवा के साथ जमकर झमाझम बारिश, छपरा गिरा

तेज | रिपोर्टर चारणवासी



सोमवार सुबह से मौसम परिवर्तन शील रहा और दोपहर बाद एक बार धूल भरी आंधी आई उसके बाद तेज हवा के साथ चार बजे झमाझम बारिश शुरू हुई। बरसात से गर्मी से राहत के साथ नरमा,कपास व हरे पशु चारे को लाभ होगा। बरसात में बच्चों ने नहाने का लुप्त उठाया। कुछ किसानों ने बरसात में ही नरमा की फसल में यूरिया खाद का छिड़काव किया ताकि अच्छे तरीके से फसल बढ़वार हो। अन्य फसलों के लिए तैयार खेतों के लिए भी बरसात फायदेमंद साबित होगी। वहीं उमस व गर्मी से पशु धन का बेहाल था। किसानों ने बताया कि बरसात से किसान वर्ग के साथ अनेक लाभ होंगे, गर्मी से राहत मिलने से बिजली बचत होगी और खेतों में कार्य शुरू होंगे। इसके अलावा चक 27 एनटीआर, भादरा मोड, जसाना, रामसरा, चारणवासी, चक छः आरपीएम,धानसिया, बिरकाली, पिचकराई सहित चक व गांवों में बरसात का समाचार है।

# घर-घर जाकर पिलाई पोलियो रोधी दवा



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** हेल्थ वर्कर्स ने सोमवार को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। ब्लॉक के 162 पोलियो बूथ पर गठित टीमों ने दिनभर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 0 से 5 वर्ष तक के सभी छोटे बच्चों एवं रविवार को दवा से वंचित रहे प्रत्येक बालक बालिका को वैक्सीन पिलाई। बीसीएमओ डा.मनोज अरोड़ा,बीपीओ राकेश जोशी ने ईट भट्टा पर स्थापित पोलियो बूथ पर जाकर काउंसलिंग करते हुए श्रमिक परिवारों से अपने बच्चों को दवा पिलाने का आग्रह किया। अरोड़ा ने बताया कि मंगलवार को भी दूसरे दिन डोर टू डोर पोलियो से बचाव की वैक्सीन पिलाने का अभियान जारी रहेगा।

# कुल्हाड़ी के वार कर पत्नी की हत्या

तेज. रमेश भार्गव | ऐलनाबाद

हरियाणा के सिरसा के डबवाली के गांव गिंदड़खेड़ा में जमीन विवाद को लेकर पति ने शनिवार रात को अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया है कि पति-पत्नी के बीच जमीन बेचने को लेकर विवाद चल रहा था और इसी को लेकर उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। पुलिस के अनुसार गांव गिंदड़खेड़ा निवासी धर्मपाल और उसकी पत्नी के बीच पिछले काफी दिनों से अनबन चल रही थी। धर्मपाल अपनी जमीन को बेचना चाहता था, पत्नी इस फैसले के खिलाफ थी। इस वजह से दोनों में अनबन रहती थी। दोनों गांव के जलघर के समीप स्थित ढाणी में अलग-अलग कमरों में रहते थे। आरोप है कि शनिवार रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हो गया। तैश में आकर धर्मपाल ने अपनी पत्नी 44 वर्षीय राजबाला की कुल्हाड़ी से हमला करके जान ले ली। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डबवाली सदर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे विकास के बयान पर पिता धर्मपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सरकार की पारदर्शी सोच से लाभार्थियों को योजनाओं का घर बैठे मिल रहा लाभ: रणजीत सिंह

तेज | रमेश भार्गव. ऐलनाबाद

प्रदेश सरकार की पारदर्शी प्रणाली के चलते लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था स्थापित होने से अब लोगों को घर बैठे ही लाभ पहुंच रहा है। यह बात बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने रविवार को सीडीएलयू में आयोजित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के जिला स्तरीय स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कही । इस दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बुजुर्ग सम्मान पेंशन, दिव्यांग, विधवा पेंशन आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितिरत किए। जिला सिरसा के पांच हजार से अधिक नए लाभार्थी इस योजना से जुड़े है। मुख्यातिथि सभी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाए दी। बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की क्रियान्वित सभी योजनायें अंत्योदय के भाव को सार्थक कर रही है। योजनाओं के सीधे लाभ से पात्र व्यक्ति को उसका पूरा हक सरलता से मिल रहा है। इसी कड़ी में बुजुर्ग सम्मान पेंशन अब घर बैठे अपने आप बन रही है। इसी व्यवस्था से ये नए लाभार्थी योजना से जुड़े हैं। किसी भी बुजुर्ग को कही जाने की जरूरत नही पड़ी। उन्होंने कहा कि ये सब जनहितैषी सोच के चलते व आमजन की सेवा भाव के संकल्प से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व की प्रदेश सरकार इसी भाव व संकल्प के साथ लोगों की की भलाई के कार्यों में लगी हुई है।

**पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण:** जिला स्तरीय समारोह में पानीपत से मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को लाइव दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से योजनाओं के लाभ के संबंध में बातचीत की। लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं के घर बैठे मिले लाभ के लिए सरकार की प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, पूर्व चेयरमैन रेणू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र आर्य, श्याम बजाज, अमन चोपड़ा, मुकेश मेहता, तरुण गुलाटी, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, डीआईओ सिकंदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी राकेश सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व डाक्टर्स -डे पर आपको मिलवाता हूं डॉ. बीएल शर्मा से...



डॉक्टर का दायित्व मामूली नहीं होता. विशेषकर राजकीय चिकित्सालय के डाक्टर की ड्यूटी बहुत हार्ड होती है. आप देख रहे हैं दिन ब दिन मरीजों की तादाद में इजाफ़ा हो रहा है. उधर आवश्यकता अनुसार संसाधनों में वृद्धि नहीं हो पा रही है. इस कारण चिकित्सालयों में मरीजों की लम्बी लम्बी कतारें देखी जा सकती हैं. ऐसे में चिकित्सक पर भारी दबाव रहता है डाक्टर ऐसे में कैसे अपने दायित्व को निभाता है यह सोचनीय विषय है.

आपको पता है डाक्टर्स-डे है. आज आपको मैं मिलवाता हूं राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत फिजीशियन डाक्टर बी. एल. शर्मा जी से. हुआ क्या... मैंने एक दिन ड्यूटी के समय करीब 10 मिनट उनके पास चुपचाप बैठकर उनकी कार्यशैली निकट से देखी. मरीजों की लम्बी कतार, एक एक मरीज को पहले ध्यान से सुनना. फिर उसकी तसल्ली से जांच करना उसके बाद उसके उपचार के लिए दवाएं लिखना और उसे दवाएं लेने की अवधि और विधि का सलीके से विवरण देना. एक पर एक मरीज ऐसे में डाक्टर को सांस लेने की फुर्सत भी नहीं मिलती है. मैंने पूछा डाक्टर साहब सुबह 8 बजे आरंभ हुआ मरीजों की जांच का यह सिलसिला कब तक चलता है. वे कहने लगे - टाईम तो 2 बजे तक का निर्धारित है. मगर लाईन में मरीज़ है तो समय समाप्त होने पर भी उनकी जांच करते ही हैं. किसी को खाली थोड़ा ही जाने दिया जा सकता है.

डाक्टर बी एल शर्मा जी हमारे सारस्वत समाज से आते हैं. पूछने पर बताया कि वे सोढवाळी के कायल हैं. राजकीय चिकित्सालय में गंगानगर में वे क़रीब ढाई साल से नियुक्त हैं. बहुत ही मिलनसार, मृदुभाषी और विनम्र स्वभाव के डाक्टर बीएल सारस्वत जी से मेरी मुलाकात संयोग से हुई. पिछले कुछ समय पूर्व मैं राजकीय चिकित्सालय में कुछ दवाएं लिखवाने गया था. मैंने मेरे परम मित्र डाक्टर के एस कामरा जी को फोन किया. उन्होंने कहा कि मैं आज बाहर आया हुआ हूं. आप अस्पताल में अपने निकटतम किसी डाक्टर से मेरी बात करवा दें आपका काम हो जायेगा. मेरे नजदीक उस समय डाक्टर बीएल शर्मा जी ही थे. मेरा उनसे परिचय भी नहीं था. मैंने उन्हें फोन दिया. डाक्टर कामरा ने उन्हें बताया कि राजेन्द्र सारस्वत मेरे मिलने वाले हैं. इनका काम कर दें. डाक्टर बी एल शर्मा ने मुझे आदर से बिठाया. फिर हमारी विधिवत मुलाकात हुई. वे कहने लगे - राजेन्द्र जी, मैंने आपके बारे में खूब सुना है. मुलाकात आज हुई है. आप पिछले पचास सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं. आपका बहुत नाम है. और इस तरह हमारी पहली मुलाकात हुई. फिर मैं जब भी काम पड़ता सीधे उनके पास जाकर बैठ जाता हूं.

मैंने पूछा डाक्टर साहब चौबीसों घंटे आपके पास हर समय मरीज़, बीमारी और उपचार व दवा का माहेल रहता है. आप कभी फुर्सत में भी होते हैं क्या...? वे कहने लगे - अब तो आदी से ही हो गये हैं. छुट्टी के रोज़ भी आराम नहीं मिलता. और नहीं तो मिलने जुलने वाले ही दिखाने आ जाते हैं. इतना ही नहीं फ़ोन पर भी लोग परामर्श लेते रहते हैं.

क्या कोई मरीज उपचार के बाद ठीक-ठाक होने पर धन्यवाद देने आता है. डाक्टर हंसने लगे. बोले - मतलब निकलने पर किसे मतलब रहता है. वैसे भी हमारी कोशिश होती है कि जो मरीज़ हमारे पास आए वो तन्दरूस्ती पाकर जीवन की मुख्य धारा में लौट आए. यही हमारे लिए बहुत है.

पांच सात मुलाकात के बाद डाक्टर बीएल शर्मा जी से अपनत्व सा हो गया है. वैसे भी मैं आम तौर चिकित्सकों की बहुत कद्र करता हूं. अब तो समय बहुत बदल गया है. मैं भी अपने आप में सिमट गया हूं. अधिक मेल-मिलाप नहीं कर पाता. मगर एक समय ऐसा था मेरा राजकीय ही नहीं हर निजी अस्पताल के चिकित्सक से मेरी बहुत गहरी दोस्ती रही. बड़े से बड़े डाक्टर के पास धड़ल्ले से चले जाते थे. डाक्टर भी तब मुझे बहुत मान देते थे. अब समय बदल गया है तो सबकुछ परिवर्तन की भेंट चढ़ गया है.

मैं आज डाक्टर्स -डे पर डाक्टर बीएल शर्मा सारस्वत कायल जी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और ईश्वर से कामना करता हूं कि वह उन्हें और अधिक सक्रिय और सक्षम बनाए ताकि वे अधिक से अधिक लोगों की पीड़ा दूर कर उन्हें स्वस्थ कर सकें. मेरी हार्दिक शुभकामनाएं डाक्टर साहब...

**- राजेन्द्र सारस्वत**
स्वतंत्र पत्रकार श्रीगंगानगर

# रोजगार, किसान, गांव और मध्यम वर्ग पर फोकस हो बजट

डॉ. उमेश प्रताप सिंह

मध्यवर्ग को राहत देने के क्रम में सरकार को दो और प्रमुख बातों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। प्रथम, वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की बहाली या पेंशन व्यवस्था में सुधार और द्वितीय, आठवां वेतन आयोग का गठन। यह न सिर्फ वेतनभोगी वर्ग की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए बल्कि अर्थव्यवस्था में उपभोग और आर्थिक समृद्धि को गति देने के लिए आवश्यक है।

बजट सरकार के वित्त का सबसे विस्तृत ब्यौरा होता है जिसमें सभी स्त्रोतों से प्राप्त राजस्व और सभी मदों पर किया गया व्यय सम्मिलित होता है। आय-व्यय के विवरण सरकार के समष्टिभावी आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के हिसाब से तैयार किये जाते हैं। इसलिए बजट सरकरी नीतियों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होता है। बजट के पहले भाग में सामान्य आर्थिक सर्वेक्षण और नीतियों का ब्यौरा होता है और दूसरे भाग में आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष करों के प्रस्ताव रखे जाते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आने के बाद अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में निर्णय जीएसटी काउंसिल ही लेती है इसलिए अब आम लोगों के लिए बजट की उत्सुकता पहले की अपेक्षा कम हो गई है। हाँ, जो लोग प्रत्यक्ष कर दे रहे हैं, उनके लिए अवश्य इसकी उत्सुकता अधिक होती है। सरकार के व्यय करने के कार्यक्रमों और नीतियों के सन्दर्भ में भी अब जनता अधिक जागरूक है।

उच्च संवृद्धि, तेजी से बढ़ता विनिर्माण क्षेत्र, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बजट अनुमानों की तुलना में राजकोषीय घाटे में कमी से लगता है कि इस समय देश में आर्थिक हालात अच्छे हैं। हालांकि रुपये का थोड़ा सा अवमूल्यन हुआ है और भुगतान संतुलन का चालू खाता घाटा जीडीपी का लगभग 0.7% है। परन्तु विदेशी मुद्रा भंडार 665.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। तो फिर बजट में मोदी सरकार के सामने चुनौती इस विकास को बनाए रखने और मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करने की है।

स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सेवाएं दोगुना खचीली हो गई हैं जिनसे हरेक व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। परन्तु आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 5 प्रतिशत से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय नहीं बढ़ रही है। बजट में अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त अलग से रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्रों एवं व्यवसायों पर विशेष रूप से फोकस करना चाहिए। 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार भले हुआ हो, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से भ्रष्टाचार कम होने का दावा भले ही किया जा रहो, परन्तु जमीनी वास्तविकता यह है कि सुगमता एवं स्वतंत्रता के साथ व्यवसाय करने की जद्दोजहद कम नहीं हुई है, राज्य एवं जिला स्तरों पर भ्रष्टाचार बढ़ गया है और लगातार बढ़ती अफसरशाही ने इन्स्पेक्टर राज को मजबूत किया है।

बजट में कर में छूट और सामाजिक व्यय में वृद्धि की उम्मीद है। पिछले बजटों में पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित




किया गया, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिला। परन्तु पूंजीगत व्यय रोजगार पैदा करने और आय बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है इसीलिए उपभोग व्यय में कमी आयी। सरकार ने जिस प्रकार से विभिन्न मंत्रालयों का बंटवारा किया है और पुरानी नीतियों को जारी रखने का संकेत दिया है उससे नीतियों में बजट के दौरान बहुत बदलाव की संभावना नहीं है। आशा है कि सरकार राजकोषीय संतुलन को साधते हुए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं लाएगी, क्योंकि अर्थव्यवस्था में आर्थिक समृद्धि को तेज करने के लिए यह आवश्यक है। साथ ही उन क्षेत्रों और उद्योगों में निवेश बढ़ाने पर अधिक फोकस करेगी जहाँ रोजगार सृजन की संभावना अधिक है।

**रोजगार और आय बढ़ाने के ठोस उपायों की आवश्यकता**

पिछले कुछ वर्षों में राजकोषीय नीति के दो मुख्य उद्देश्य रहे हैं, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके पूंजी निर्माण में वृद्धि करना और राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत से घटाकर वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत करना है।सरकार ने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर और विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यय को कम करके अपने व्यय करने की प्रवृति में थोड़ा बदलाव किया। समग्र बजट में पूंजीगत व्यय का हिस्सा कोरोना काल के लगभग 12 प्रतिशत से बढ़कर अब 23 प्रतिशत से अधिक हो गया है। केंद्र सरकार के लिए सकल घरेलू उत्पाद के लिए पूंजीगत व्यय का अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में 1.7 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2023 -24 में लगातार बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गया। सापेक्षिक रूप से, खाद्य सब्सिडी, मनरेगा, और पीएम किसान जैसे कुछ प्रत्यक्ष कल्याण कार्यक्रमों के लिए आवंटित धन 1.7 प्रतिशत से घटकर जीडीपी का 1.2 प्रतिशत हो गया।

इन वर्षों में, पूंजी निर्माण तेजी से बढ़ा है -वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2023 -24 के बीच इसमें 29.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि हुई। इसी अवधि के दौरान, उपभोग, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है,में केवल 17.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि ही हुई। अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों से उपभोग की मांग के बीच गंभीर विरोधाभास के भी प्रमाण हैं। आर्थिक रूप से मजबूत वर्ग ने विभिन्न प्रीमियम वस्तुओं और सेवाओं की मजबूत मांग दिखाई है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मांग अभी तक कोविड के झटके से उबर नहीं पाई है। पूंजी निर्माण और निर्माण गतिविधि में विस्तार रोजगार पैदा करने के बजाय अधिक पूंजी और प्रौद्योगिकी संचालित रहा है। पूंजीगत व्यय के लिए सरकार के लगातार दबाव के बावजूद, उपभोग और मांग में मजबूत वृद्धि नहीं होने के कारण निजी निवेश में कोई भी सार्थक वृद्धि नहीं हो रही है।

इसलिए,बजट में मांग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी व्यय के पुनः आवंटन की एक उचित नीति की आवश्यकता है। चुनाव में झटका खायी मोदी सरकार द्वारा इसीलिए अगले बजट में आवास, ग्रामीण सड़कें, आजीविका बढ़ाने आदि जैसे कार्यक्रमों के लिए अधिक धन आवंटित किया जा सकता है या मांग को बढ़ावा देने के लिए घरेलू क्षेत्र पर करों में छूट दी जा सकती है, जो आवश्यक भी है।

**रोजगार पर फोकस**

चुनाव का सन्देश बड़ा स्पष्ट है कि जब तक आर्थिक संमृद्धि का लाभ समाज के निचले वर्ग के वंचितों और बेरोजगारों तक नहीं पहुंचता है तब तक वे भारत के सिर्फ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर संतुष्ट नहीं हो सकते। बल्कि उनके लिए रोजगार के अवसरों के लिए सरकार को प्रयास करना ही होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी वास्तविक आय में लगातार वृद्धि हो। आर्थिक वृद्धि के साथ तेज गति से उत्पादक रोजगार तैयार करने पर बजट को फोकस करना चाहिए। रोजगार में वृद्धि कार्यकारी आयु के लोगों में वृद्धि की दर से अधिक होनी चाहिए।

रोजगार सृजन के लिए सिर्फ आर्थिक संवृद्धि पर निर्भर रहने की जगह तेज रोजगार सृजन के द्वारा आर्थिक संवृद्धि तेज करने की रणनीति पर चलना होगा। सरकार पहले ही निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए जीडीपी के तीन प्रतिशत के बराबर पूंजीगत व्यय कर रही है, अब बेहतर कारोबारी वातावरण तैयार करने और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर ध्यान देना चाहिए।भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना में सुधार तथा ई-कॉमर्स एवं डिजिटल भुगतान प्रणालियों के तेजी से विस्तार का उपयोग करके अधिक रोजगार सृजन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मध्य वर्ग को कर में राहत आवश्यक**

सापेक्षिक रूप से देखा जाए तो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों को मिलाकर मध्य वर्ग पर करों का भार सबसे अधिक है। हाल के वर्षों में व्यक्तिगत आयकरदाता के लिए वास्तविक कर भार में बढ़ोत्तरी हुई है। इस समय आय कर का योगदान निगम कर से अधिक हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध निगम कर 9.11 लाख करोड़ रुपये था, जबकि शुद्ध आयकर 10.44 लाख करोड़ रुपये था। इसीलिए आय कर में छूट की अपेक्षा कई वर्ष से की जा रही है। 5 लाख से 20 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को राहत देने की आवश्यकता है। अभी ये लोग 5 लाख से 15 लाख तक 5 से 20 प्रतिशत की कर दर और 15 लाख से ऊपर आय वाले करदाता 30 प्रतिशत की कर दर का सामना कर रहे हैं। वेतनभोगी वर्ग के लिए उनके वेतन और ग्रैच्युटी पर आयकर छूट की अधिकतम सीमा को पर्याप्त रूप से बढ़ाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती की राशि को बढाकर एक लाख रुपए कर देना चाहिए।....

## संपादकीय

### विश्व चैंपियन इंडिया

भारत ने टी-20 विश्व कप चैंपियन बनकर आईसीसी ट्रॉफियों से लंबे समय से चली आ रही दूरी को आखिरकार, खत्म कर दिया। भारत ने आखिरी बार आईसीसी ट्रॉफी 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के तौर पर जीती थी। यहां तक विश्व कप की बात है तो 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप में चैंपियन बना था। इसके बाद करीब 13 साल के समय में भारतीय टीम कई बार नई ऊंचाइयां छूती नजर आई पर आखिरी समय में लड़खड़ा गई और ट्रॉफी से उसकी दूरी बनी रही। पिछले साल वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में हमें इस तरह की स्थिति का ही सामना करना पड़ा। वनडे विश्व कप के फाइनल में हारने के बाद तो टी-20 में रोहित की कप्तानी पर भी सवाल उठने लगे थे। पर बीसीसीआई ने करीब सात महीने पहले रोहित को ही कप्तान बनाने का फैसला किया। इसी दौरान अजित अगरकर भी मुख्य चयनकर्ता बन गए। इस तिकड़ी के बीच बेहतर रिश्तों ने टीम को चैंपियन टीम में बदल दिया। द्रविड़ और रोहित की कोच और कप्तान की जोड़ी ने टी-20 को उसके ही अंदाज में खेलने का फैसला किया। इस विश्व कप के दौरान मुश्किल हालात में भी आक्रामक अंदाज से खेलने की सोच साफ दिखी। इस विश्व कप के फाइनल के हीरो विराट कोहली को ही लें। वह आम तौर पर विकेट पर थोड़ा रुक कर धीरे-धीरे गियर बदलने के लिए जाने जाते हैं पर पहली ही गेंद से आक्रामक रुक अपनाने के फैसले के बाद वह इसमें ज्यादातर मैचों में बड़ा स्कोर बनाने में सफल नहीं हुए। विराट के रोहित के साथ पारी शुरू करने की आलोचना भी हुई पर टीम प्रबंधन इन आलोचनाओं से प्रभावित हुए बगैर अपनी योजना पर आगे बढ़ता रहा। भारत की इस सफलता की खूबी किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन नहीं रहा। भारत के चैंपियन बनने में जितनी अहमियत विराट की पारी की है, उतनी ही अहमियत अक्षर पटेल की पारी की भी है। बुमराह, अर्शदीप और हार्दिक पांड?ा की गेंदबाजी भी चैंपियन बनाने में अहम रही। सूर्यकुमार यादव का बाउंड्री लाइन पर आखिरी ओवर में डेविड मिलर का लपका शानदार कैच भी खास रहा। सही मायनों में द्रविड़ और रोहित द्वारा टीम को एक सूत्र में पिरोने का यह कमाल है पर द्रविड़ का कोच के तौर पर कार्यकाल खत्म होने, रोहित और विराट द्वारा अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा के बाद अब आने वाले कोच की जिम्मेदारी होगी कि वह इस तरह जिम्मेदारी निभाने वाली यंग ब्रिगेड को तैयार करे।

## चिंतन-मनन

### हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं- आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं।

किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुनः उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।

# पेपर लीक, व्यवस्था वीक!


सोनम लववंशी



जोड़-तोड़ की सरकार अब भरोसे के लायक भी नहीं बची है। युवाओं के साथ खेल इस तरह से खेला जा रहा है कि परीक्षार्थी अब सुनहरे सपने के बजाय आजादी के अमृत काल में विषपान को विवश हो रहे हैं। दुर्दांत अपराधी हैं, जो युवाओं के वर्तमान और भविष्य के साथ खेल रहे हैं, लेकिन उस रहनुमाई व्यवस्था को लेकर क्या कहा जाए जो दावा तो आजादी के अमृतकाल और अच्छे दिनों का करती है? ऐसे में कहां गए उसके वो दावे और वादे, जिसकी बिसात पर सत्ता की मद में आमद होकर सियासतदानों ने एक दशक के करीब करोड़ों-अरबों रुपए बना लिए, लेकिन युवाओं को मिला तो सिर्फ खोखले वादे और पेपर लीक वाली सरकारी व्यवस्था! पेपर लीक किसी एक सरकार में उपजी कोई फौरी समस्या नहीं है, लेकिन बनी-बनाई व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ाने का काम आजादी के अमृतकाल के नाम पर हो, तो शोक सभा व्यवस्था और व्यवस्थापक दोनों के नाम पर होना चाहिए। शब्दों का मायाजाल थोड़ा चुभने वाला हो सकता है, लेकिन परीक्षा का जो भ्रमजाल बनाकर युवाओं का भविष्य, उनका वर्तमान, उनका समय और उनका परीक्षा फॉर्म के नाम पर पैसा बर्बाद किया जा रहा उससे कहीं कम है सरकारी तंत्र के लिए इन शब्दों की चुभन। दर्द जब बेइंतहा उठने लगें तो उसकी वेदना में सरकार और उसका सरकारी तंत्र दोनों बेईमानी लगता है।

वर्तमान समय का आलम कुछ यूं ही है। सरकारी तंत्र ने नेट की परीक्षा रद्द करने का एक फरमान जारी किया है। वह भी आजादी के अमृतकाल वाले लैटर हैड पर। अब जरा सोचिए आजादी का ये कैसा अमृत महोत्सव है? जहां युवाओं को पिलाया जहर का घूंट जा रहा। निःसन्देह युवाओं की वेदना, पीड़ा और रुदन किसी विष का पान करने से कम नहीं है। पहले नीट की परीक्षा में धांधली और अब नेट की परीक्षा रद्द। उसके बाद लगातार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं जैसे सीआईएसआर नेट का स्थगित होना। ये साबित करता है कि देश में सरकारी पात्रता परीक्षाओं का हाल ऐसा है, जैसे किसी मुहल्ले के स्कूल की परीक्षा। सच पूछिए तो इतनी धांधली तो राज्यस्तरीय परीक्षाओं में नहीं होती। जितना अब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में धांधली हो रही है। नीट परीक्षा का आलम यह हुआ कि औने-पौने हिसाब से नंबर बांट दिया गया। नीट परीक्षा में नंबर इस तरह से प्रसाद में बांटे गए जैसे किसी सत्यनारायण कथा के बाद प्रसाद। वैसे महंगाई के इस दौर में प्रसाद भी सोच-समझकर बांटा और बनवाया जाता है, लेकिन एक हमारे देश की शिक्षा-व्यवस्था है। जहां सोच-समझकर लगता है कोई काम नहीं हो रहा। परीक्षा फॉर्म के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपए बार-बार वसूले जाते हैं। साल-दो साल के भीतर परीक्षा फॉर्म के लिए लगने वाली फीस बढ़ा दी जाती है, लेकिन युवाओं के जीवन में परीक्षा के बाद कोई सार्थक परिवर्तन देखने को नहीं मिलता। तभी तो युवाओं का भविष्य अंधकार में है और मजबूत और सुरक्षित हाथों में जिसके देश की सरकार है। वो नेट जैसी परीक्षा को रद्द करवाकर जांच सीबीआई को सौंपकर ही भारत माता भाग्य विधाता की धुन में मदमस्त है।

राजस्थान, मध्यप्रदेश जैसे तमाम राज्य हैं। जहां की प्रादेशिक परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक जैसी समस्याएं आम बात रही हैं, लेकिन अब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं और एनटीए जैसा बड़ा संगठन अगर परीक्षाएं बेहतर तरीके से नहीं करवा पा रहा है तो उसकी प्रसांगिकता पर सवाल उठना लाजिमी है। वैसे भी नेट की परीक्षा केवल सरकारी खजाना भरने के अलावा ज्यादा महत्व रखता नहीं, क्योंकि हर छह महीने में 10 लाख के करीब अभियार्थी फॉर्म भरते हैं और परीक्षा के बाद का लब्बोलुआब सिर्फ एक सर्टिफिकेट होता है। जिसके बाद न तो पीएचडी में एडमिशन मिलता और न ही अस्सिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति। ऐसे में रहनुमाई व्यवस्था और उनके सिपह-सालारों से सवाल यही है कि क्या उनके बच्चों के भविष्य के साथ ऐसे खिलवाड़ होता तो उनके आंखों का पानी मरा रह पाता? सवाल बहुतेरे हैं, लेकिन जवाब देने से अब सत्ता और सत्ताधीश डरते नहीं या देना चाहते नहीं हैं। तभी तो कई मर्तबा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी सवाल उठता है। वैसे अब बात सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं, जीवन जीने की स्वतंत्रता और जीवन में सफल होने की चुनौती बहुत बड़ी हो चली है, क्योंकि सरकारी नौकरी ही आज की सामाजिक व्यवस्था में सर्वस्वीकार्य है और उसके लिए आयोजित परीक्षाएं ही धांधली की शिकार है। सियासतदां, युवाओं का दर्द समझ नहीं सकते, क्योंकि उनके बच्चें या तो बड़े राजनीतिक पद पर है या बिजनेस में हैं। वरना विदेश में नेताजी की कमाई से उच्च गुणवत्ता की शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। ऐसे में एक कहावत याद आती है कि, जाके पाँव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई!

# हेमंत सोरेन की जमानत ने झामुमो में जगाई नयी आस



गत पांच माहों से जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए जो टिप्पणियां की हैं उनसे हेमंत सोरेन को जनता के बीच एक बार फिर से सिर उठाकर जाने की ताकत मिल गई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि पूरे केस से पता चलता है कि प्रार्थी विशेष रूप से अथवा अप्रत्यक्ष रूप से 8.86 एकड़ भूमि के अधिग्रहण और कब्जे के साथ साथ ₹अपराध की आय₹ से जुड़े होने में शामिल नहीं है। किसी भी रजिस्टर अथवा राजस्व रिकॉर्ड में उक्त भूमि के अधिग्रहण और कब्जे में प्रार्थी की प्रत्यक्ष भागीदारी का कोई संकेत नहीं है। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के इस दावे को स्वीकार नहीं किया कि उसकी समय पर की गई कार्रवाई ने अभिलेखों में हेराफेरी और जालसजी करके भूमि के अवैध अधिग्रहण को रोका है। झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि प्रार्थी को जमानत देने से कोई हानि नहीं होने वाली है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जमानत पर पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई को सत्य की जीत बताया है।

हाईकोर्ट के इस फैसले से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं क्योंकि अब यह सुनिश्चित माना जा रहा है कि इसी साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनाव अभियान का नेतृत्व हेमंत सोरेन ही करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि हेमंत सोरेन राज्य में पार्टी का सबसे लोकप्रिय चेहरा रहे हैं। अब उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी राज्य की गांगेय विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बन चुकी हैं। निःसंदेह उनकी जीत में हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौरतलब है कि कल्पना सोरेन ने इसी साल जनवरी में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किए जाने के बाद राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया था। गांगेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में उनकी जीत से यह संदेश मिलता है कि झारखंड की जनता और पार्टी कार्यकर्ता राजनीति में उनके प्रवेश के फैसले की आतुरता से प्रतीक्षा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि कल्पना सोरेन उच्च शिक्षित महिला हैं और विगत 5 माहों में झारखंड की राजनीति में उनका कद तेजी से बढ़ा है। हेमंत सोरेन के जेल में रहने के दौरान कल्पना सोरेन ने न केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं का मनोबल बनाए रखा बल्कि उन्होंने विपक्षी इंडिया गठबंधन की रैलियों में विरोधी दलों के नेताओं के साथ मंच भी साझा किया। चुनावी रैलियों में मर्यादित भाषा में संवाद अदायगी की उनकी प्रभावी शैली से विरोधी दलों के नेताओं और आम जनता के बीच जगह बनाने में उन्हें पर्याप्त सफलता मिली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजनीति में उनकी सक्रियता से झारखंड में पार्टी का जनाधार बढ़ना तय है। वे हेमंत सोरेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और उन्हें हर जगह अपनी प्रभावी उपस्थिति का अहसास कराने में सफलता मिल रही है। जमानत पर हेमंत सोरेन की रिहाई के बाद अब यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या उनके मन में वर्तमान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से कुर्सी खाली करा कर पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने की महत्वाकांक्षा जाग सकती है। अभी ऐसे कोई आसार नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से उनके पारिवारिक संबंध हैं और इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है कि चंपई सोरेन आगे भी पूरी तरह से हेमंत सोरेन के प्रति वफादार बने रहेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि पुनः मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालने के बजाय हेमंत सोरेन इसी साल होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्हें जमानत पर रिहा करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने जो टिप्पणियां की हैं वे उनका मनोबल बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। यद्यपि झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें केवल नियमित जमानत पर रिहा किया है परन्तु अब वे जनता को यही भरोसा दिलाने की पुरजोर कोशिश करेंगे कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं। भाजपा को भी इस सच्चाई का अहसास है कि इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों में जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रचार अभियान की बागडोर हेमंत सोरेन के पास होगी तो वे पहले से अधिक आक्रामक नजर आएंगे। हेमंत सोरेन यह मानकर चल रहे हैं कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद जनता उन्हें एक विजेता के रूप में देख रही है इसलिए इसका फायदा उनकी पार्टी को निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनावों में मिलेगा। पांच माह की जेल यात्रा के दौरान जनता के बीच अपने लिए पनपी सहानुभूति को देखते हुए हेमंत सोरेन आगामी विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन से अपनी पार्टी के लिए पहले से अधिक सीटों की मांग भी कर सकते हैं। उधर भाजपा का यह मानना है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार गत पांच सालों में जनता से किए गए वादों को पूरा करने में बुरी तरह नाकामयाब रही है। हेमंत सोरेन अब जब जनता के बीच जाएंगे तब जनता पहले उन्हें उनके झूठे वादों की याद दिलाएगी। भाजपा यह भी मानती है कि चम्पई सोरेन के मुख्यमंत्री बन जाने के बाद राज्य में सत्ता के दो केंद्र बन गए हैं। इससे पार्टी में वर्चस्व की लड़ाई और तेज होगी जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा। भाजपा को पूरा भरोसा है कि झारखंड की जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा इसी बदलाव का संदेश लेकर आ रहे हैं।

-कृष्णमोहन झा

## उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

वाशिंगटन। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बाद उत्तर कोरिया ने सोमवार को दो बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। इसके एक दिन पहले ही उ.कोरिया ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के हालिया संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ''आक्रामक और जबरदस्त'' प्रतिक्रिया देने का संकल्प लिया था। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि दोनों मिसाइल दक्षिण-पूर्वी उत्तर कोरिया के जांग्योन शहर से उत्तर-पूर्वी दिशा में 10 मिनट के अंतराल पर प्रक्षेपित की गईं। पहली मिसाइल ने 600 किलोमीटर (370 मील) और दूसरी मिसाइल ने 120 किलोमीटर (75 मील) की दूरी तय की, लेकिन यह नहीं बताया गया कि ये मिसाइल कहां गिरीं। उत्तर कोरिया आमतौर पर अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर मिसाइल का परीक्षण करता है, लेकिन दूसरी मिसाइल द्वारा तय की गई दूरी इस जलक्षेत्र तक पहुंचने के लिए काफी नहीं थी। एक अज्ञात दक्षिण कोरियाई सैन्य सूत्र के हवाले से बताया कि इस बात की संभावना है कि दूसरी मिसाइल उत्तर कोरिया के अंदरूनी इलाके में गिरी हो। उ.कोरिया की जमीन पर संभावित नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। खबरों में बताया गया कि पहली मिसाइल उत्तर कोरिया के पूर्वी शहर चोंगजिन के पास जलक्षेत्र में गिरी।

## उत्तरी नाइजीरिया में आत्मघाती हमला.....18 लोगों की मौत

लंदन। उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए, इसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं और लड़कियों का इस्तेमाल कर चुका है जिससे यह संदेह पैदा होता है कि इनमें से कुछ हमलावर उन स्कूली बच्चों सहित हजारों लोगों में से हैं जिन्हें आतंकवादियों ने पिछले कुछ सालों में अगवा किया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने इन हमलों को आतंक की हताशाजनक हरकत बताया है। बोको हराम की एक शाखा इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध है और यह नाइजीरिया में इस्लामिक राज्य स्थापित करना चाहता है। अधिकारियों ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है।

## प्रेसिडेंशियल डिबेट में पिछड़े बाइडेन..... चिंतित इजराइल

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले होने वाले प्रेसिडेंशियल डिबेट में राष्ट्रपति बाइडेन की हालत ठीक नहीं दिखी। वे स्पष्ट तौर पर ट्रंप से पिछड़ते दिख रहे है। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों में हलचल होनी शुरू हो गई है। प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन के खराब प्रदर्शन से इजरायल चिंतित है। इजरायल ने चिंता व्यक्त की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का बहस में खराब प्रदर्शन देश के दुश्मनों को बढ़ावा दे सकता है। इजरायल के राजनीतिक विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ईरान और उसके प्रतिनिधि बाइडेन की स्पष्ट कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। एक की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के कई अखबारों ने अपने पहले पन्ने पर बहस को छापा। बहस के दौरान, ट्रंप ने बाइडेन पर आरोप लगाया कि वे नहीं चाहते कि इजरायल गाजा में काम पूरा करे। ट्रंप ने बाइडेन को कमज़ोर कहा। ट्रंप यहीं नहीं रुके और बाइडेन को फिलिस्तीनी तक कह दिया। बाइडेन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने की प्रक्रिया में दोनों प्रमुख पार्टियों डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों के बीच वोटिंग से छह हफ्ते पहले टीवी पर बहस होती है। चुनाव से पहले तीन बार बहस का आयोजन होता है, जहां मतदाताओं को उम्मीदवारों को परखने का मौका मिलता है। डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच दूसरी बहस 10 सितंबर को होगी।

## कैदी से साथ महिला जेल अधिकारी का सेक्स वीडियो वायरल

लंदन। एक महिला जेल अधिकारी का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें महिला अधिकारी एक कैदी के साथ जेल में संबंध बना रही है। यह वाकया साउथ वेस्ट लंदन स्थित जेल एचएमपी वांड्सवर्थ में हुआ। 30 वर्षीय महिला अधिकारी का नाम लिंडा डि सॉसा एब्रू है, जो कि पश्चिमी लंदन फुलहम की रहने वाली है। इस बीच पुलिस ने सेक्स वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू की। आरोप है कि वीडियो को जेल के अंदर शूट किया गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा है कि वीडियो में महिला पहले फुल यूनिफॉर्म में दिखाती है। इसके बाद वह आपत्तिजनक हालात में दिखाई दे रही है। स्कॉटलैंड यार्ड के प्रवक्ता ने जांच की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि स्टाफ द्वारा भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिख रही जेल अधिकारी के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट की गई है। हालांकि उन्होंने मामले से जुड़ी अन्य जानकारियां देने से मना किया है। हाल ही में इस जेल का निरीक्षण हुआ था, जिसमें चौंकाने वाली चीजें सामने आई थीं। इसके मुताबिक जेल में अक्सर हिंसात्मक घटनाएं होती हैं। इसके अलावा स्टाफ भी बेहद कम है। इस जेल को कम कैदियों के लिए बनाया गया था, जबकि फिलहाल क्षमता से 163 फीसदी अधिक 1500 से ज्यादा कैदी बंद हैं।

## मानव मल से बनेगा खाद....हर नागरिक अपने मल को एकत्रित करे, सनकी तानाशाह का आदेश

प्योंगयॉग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपने बयानों और फैसलों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। किम जोंग अपने अजीबों गरीब आदेश के लिए चर्चा में रहते है। उन्होंने खाद संकट दूर करने के लिए खाद फैक्ट्रियों में 10 किलो सूखा मल जमा कराने का आदेश दिया है। यह काम देश के सभी नागरिकों को करना होगा। बात दें कि नॉर्थ कोरिया खाद संकट से जूझ रहा है, इसके बाद सनकी तानशाह ने पॉटी बटोरने का आदेश दिया है। किम जोंग ने उत्तर कोरियाई लोगों को अपना मल इकट्ठा करने को कहा है, ताकि फसलों के लिए खाद की कमी पूरा की जा सके। तानाशाह चाहता है कि हर नागरिक 10 किलोग्राम मल इकट्ठा करके करीबी खाद की फैक्टरी को दे। बता दें कि उ.कोरिया में आयात किए गए खाद की कमी है और किम जों उन की कृषि प्रथम पहल है, जिसके लिए गर्मी में मल का संग्रह शुरू किया गया है। हालांकि उत्तर कोरिया के लोग जो ऐसा नहीं करना चाहते वह कुछ पैसे खर्च कर इससे बच सकते हैं।

## नाबालिग छात्र से शारीरिक संबंध बना रही 43 साल की टीचर को भेजा जेल

न्यूजर्सी। एक 43 साल की टीचर अपने छात्र के साथ सेक्स करते पकड़ी गई। जबकि टीचर का कहना है कि वो निर्दोष है। शिक्षिका पर आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाले एक मासूम के साथ उसने शारीरिक संबंध बनाए। महिला फीहोल्ड इटरमीडिएट स्कूल में स्पेशल एजुकेशन टीचर है। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक महिला का नाम एलीसन हैवमैन नीड्रैक है। जांच के मुताबिक एलीसन ने इसी साल के शुरुआत में स्टूडेंट का यौन शोषण शुरू किया था। हालांकि इस बात का पता कैसे चला यह बात प्रशासन ने नहीं बताई है। प्रशासन का कहना है कि अगर किसी को भी महिला टीचर की हरकतों के बारे में पता है तो वह आगे आए और उन्हें जानकारी दे। प्रशासन ने कहा, अगर किसी को भी एलिसन के बारे में जानकारी हो तो वह सूचना दें। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक एलिसन फीहोल्ड इंटरमीडिएट स्कूल में मार्च 2022 से पढ़ा रही हैं। 2008 से ही वह अलग-अलग स्कूलों में पढ़ा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित स्टूडेंट की उम्र नहीं बताई गई है। हालांकि वह 6 से आठवीं कक्षा के बीच का स्टूडेंट हो सकता है। वहीं महिला टीचर को मॉनमाउथ काउंटी की जेल में रखा गया है। फिलहाल वह हिरासत में है। फिलहाल मामले की सुनवाई कोर्ट में नहीं हुई है। कोर्ट में ही फैसला होगा कि शिक्षिका को जेल में ही रहना होगा या फिर जमानत मिल जाएगी। वह खुद को बेहद गंभीर शिक्षिका बताती हैं और स्टूडेंट्स का अच्छा रिजल्ट लाने का दावा करती हैं। वहीं टीचर की वकील का कहना है कि वह निर्दोष हैं और फिलहाल ज्यादा कुछ बताने से इनकार किया है। बता दें कि दो दिन पहले ऐसी ही घटना अमेरिका के लुइसियाना से आई थी।



इंडोनेशिया में बाली आर्ट समारोह के दौरान डांसर केकक डांस करते हुए।

## पीएम मोदी की रुस यात्रा से पहले रूस में जोर पकड़ रही हिंदुओं की मांग

मास्को। पीएम नरेंद्र मोदी 8 जुलाई को रूस पहुंच रहे हैं। इससे पहले ही हिंदू समुदाय ने मॉस्को में हिंदू मंदिर बनाए जाने की इच्छा जाहिर कर दी है। मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में कई इस्कॉन मंदिर मौजूद हैं। हालांकि, ये मंदिर एक सादे भवन में हैं, जिसे भारतीय समुदाय बदलना चाहता है और मंदिर जैसी इमारत की मांग देश की सरकार के सामने रख दी है। खबरों के अनुसार, इंडियन बिजनेस अलायंस के अध्यक्ष स्वामी कोटवानी ने रूस की राजधानी मॉस्को में पहली हिंदू इमारत तैयार करने की इच्छा जाहिर की है। माना जाता है कि भारत के साथ मजबूत रिश्तों के चलते रूसी सरकार हिंदू मांगों को लेकर खासी गंभीर है। हालांकि, यहां पहले से ही हिंदू धर्म से जुड़े भवन और समुदायिक केंद्र मौजूद हैं। रूस दौरे पर पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात करेंगे। खास बात है कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मोदी का यह पहला विदेशी दौरा होगा। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम जारी होने के बाद पुतिन ने मोदी को फोन पर बधाई भी दी थी। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी इस पास स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी, लेकिन एनडीए सरकार बनाने में सफल रही। दोनों नेता इस साल के अंत में रूस के कज़ान में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा तब हो रही है जब रूस ने भारत के साथ एक रसद साझीदारी समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष पिछले कुछ वर्षों से संयुक्त सैन्य तैनाती पर बातचीत कर रहे हैं, जो अनिवार्य रूप से एक पारस्परिक रसद विनिमय (आरईएलओएस) सौदा है। यह समझौता रूस और भारत के सैन्य संरचनाओं, युद्धपोतों और सैन्य विमानों के पारस्परिक रवानगी की प्रक्रिया पर है।

# पहले दौर के चुनावों में मोदी के दोस्त मैक्रों को लगा झटका, धुर दक्षिणपंथी पार्टी की धमाकेदार जीत

लंदन (एजेंसी)। एग्जिट पोल से पता चला है कि मरीन ले पेन की दक्षिणपंथी नेशनल रैली (आरएन) पार्टी ने फ्रांस के संसदीय चुनाव के पहले दौर में ऐतिहासिक बढ़त हासिल कर ली है। लेकिन अंतिम परिणाम अगले सप्ताह के मतदान से पहले के दिनों पर निर्भर करेगा। इप्सोस, आईफॉप, ओपिनियनवे और एलाबे के एग्जिट पोल से पता चला कि आरएन को लगभग 34त्न वोट मिलते हुए देखा गया, यह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए एक बड़ा झटका है जिन्होंने यूरोपीय संसद में आरएन द्वारा मिली हार के बाद आकस्मिक चुनाव का ऐलान कर दिया।





### कुल वोट में आरएन का हिस्सा

वोट में आरएन का हिस्सा वामपंथी और मध्यमार्गी प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे था, जिसमें मैक्रॉन का टुगेदर गठबंधन भी शामिल था, जिसका ब्लॉक 20.5त्न -23त्न जीतता हुआ देखा गया था। एग्जिट पोल से पता चला कि न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) को लगभग 29त्न वोट मिलने का अनुमान लगाया गया था। एग्ज़िट पोल चुनाव से पहले जनमत सर्वेक्षणों के अनुरूप थे, और ले पेन के समर्थकों ने खुशी जताई। हालाँकि, उन्होंने इस पर थोड़ी स्पष्टता प्रदान की कि क्या आप्रवासी विरोधी, यूरोसेप्टिक आरएन रन-ऑफ के बाद यूरोपीय संघ समर्थक मैक्रों के साथ सहयोग करने के लिए सरकार बनाने में सक्षम होंगे। फ्रांस में कई लोगों के लिए लंबे समय तक अछूत रही आरएन अब पहले की तुलना में सत्ता के करीब है।

चुनाव परिणाम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार, संसदीय चुनाव में 'नेशनल रैली' की जीत की संभावना है। देश में 4.95 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं जो फ्रांस की संसद के प्रभावशाली निचले सदन नेशनल असेंबली के 577 सदस्यों को चुनेंगे। मतदान बंद होने से तीन घंटे पहले 59 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह 2022 में हुए पहले दौर के मतदान से 20 प्रतिशत अधिक है।

## गाजा में भारी बमबारी के बाद ईरान को भी इजरायल ने दी चेतावनी



### -ईरान ने कहा- स्थिति बिगड़ी तो हम भी सभी विकल्पों का करेंगे इस्तेमाल

यरूशलेम (एजेंसी)। इजरायल गाजा में लगातार हमले कर रहा है जिसमें अब तक हजारों बेगुनाह लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटों में इजराइली हमले में 40 फलस्तीनी मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए हैं। इजरायल लगातार गाजा पट्टी में बमबारी कर रहा है। इजराइल की तरह की कार्रवाई का कई यूएन समेत कई देश विरोध कर रहे हैं लेकिन उसका इजराइल पर कोई असर नहीं हो रहा है।

इस बीच अब इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के खात्मे की भी बात कही है। इजरायल के विदेश मंत्री कैट्ज ने कहा कि ईरान विनाशकारी युद्ध की बात कर रहा है, लेकिन ये संदेश उसे विनाश की ओर ले जाएगा। कैट्ज ने एक पोस्ट में कहा कि विनाश की धमकी देने वाली सरकार को खत्म कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हिजबुल्लाह लेबनान से इजरायल पर गोलीबारी बंद नहीं करता और सीमा से दूर नहीं जाता तो इजरायल उसके खिलाफ भी कार्रवाई करेगा। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि अगर इजरायल लेबनान में सैन्य आक्रमण करता है, तो विनाशकारी युद्ध शुरू हो जाएगा। ईरान ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ी तो हम भी अपने सभी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे।

बता दें कि इजरायल और हमास युद्ध के बीच हिजबुल्लाह भी इजरायल पर हमले कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने इस सप्ताह कहा था कि वे स्थिति को हल करने के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाना पसंद करते हैं।

## तुर्की में गैस संयंत्र में हुए धमाके में 5 मरे , कई घायल

इस्तांबुल (ईएमएस)। तुर्की में गैस संयंत्र में हुए धमाके में 5 लोगों की मौ हुई है जबकि 60 से अधिक घायल हैं। ये धमाका पश्चिमी प्रांत इजमिर में एक प्राकृतिक संयंत्र में हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार ये धमाका तोरबाली जिले में एक इमारत में स्थित एक संयंत्र में हुआ। घायलों में से कम से कम 10 की हालत गंभीर है। इजमिर के गवर्नर सुलेमान एल्बान ने कहा कि इस विस्फोट से आसपास की 11 इमारतों को भी नुकसान हुआ है। वहीं न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने कहा है कि धमाके की जांच शुरु कर दी गयी है और इसमें दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

## गाने सुन रहे शख्स से खफा हुआ किम जोंग, सरेआम दे दी मौत की सजा

प्योंगयांग (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपनी सनक के चलते एक युवक की जान ले ली। 22 साल के युवक को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। उसका गुनाह सिर्फ यह था कि वह पड़ोसी देश साउथ कोरिया के गाने सुन रहा था। उस पर आरोप था कि उसने के-पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के कानून को तोड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण ह्वांगी प्रांत के रहने वाले शख्स को दक्षिण कोरिया के 70 गाने सुनने और तीन फिल्में देखने का गुनहगार बताया गया और उसको मौत की सजा दे दी गई। रिपोर्ट में उत्तर कोरिया के ही लोगों को कोट किया गया। एक शख्स ने कहा, आखिर हम ऐसा जीवन क्यों जी रहे हैं। उत्तर कोरिया में जीने से अच्छा तो मर जाना है। जानकारी के मुताबिक उत्तर कोरिया में अधिकारी अकसर किसी का भी फोन चेक करते हैं और पता करते हैं उसमें किस तरह का संगीत है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया में दुल्हनों का सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे का दुल्हन का साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना या फिर शराब पीने के लिए कांच का गिलास इस्तेमाल करना भी अपराध है और इसके लिए कड़ी सजा दी जाती है।

उत्तर कोरिया में रियक्शनरी आइडियोलॉजी ऐंड कल्चर कानून 2020 के तहत यह अपराध है। पूर्व शासक किम जोंग इल के शासनकाल में ही दक्षिण कोरियाई संगीत पर बैन लगाया गया था। वहीं कि जोंग उन के शासन में कानून और कठोर कर दिए गए। के-पॉप और के-ड्रांमा दक्षिण कोरियाई फिल्मों और संगीत का एक रूप हैं जिन्हें दुनियाभर में पसंद किया जाता है। पहले की रिपोर्ट्स में भी दावा किया गया है कि खान-पान और पहनावे को लेकर भी उत्तर कोरिया में बेहद कड़े कानून हैं। यहां कोई भी शख्स चिपकी हुई जींस नहीं पहन सकता है। इसके अलावा हर तरह की हेयर स्टाइल नहीं कर सकता है। ऐसी टीशर्ट नहीं पहन सकता जिसपर विदेशी भाषा में कुछ भी लिखा हो। जानकारों का कहना है कि उत्तर कोरिया के लोगों को दक्षिण कोरिया की संस्कृति पसंद आती है लेकिन तानाशाह किम जोंग उन इसे अपनी सत्ता के लिए चुनौती मांगता है। इसीलिए उसने कड़े कानून बना रखे हैं।

# नेपाल में सियासी भूचाल, देउबा और ओली मिला सकते हैं हाथ!

### -प्रचंड को पद से हटाकर सत्ता अपने हाथ में लेने की तैयारी

काठमांडू, (एजेंसी)। नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दल प्रचंड और सरकार पर खतरा मंडरा रहा है। नेपाली कांग्रेस और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी के नेताओं के बीच बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सियासत तेज हो गई है। माना जा रहा है कि संसद की दो सबसे बड़ी पार्टियां प्रचंड को सत्ता से हटाकर सरकार का नेतृत्व अपने हाथ में लेने की तैयारी में है।

चार महीने पहले ही केपी शर्मा ओली की सीपीएन-यूएमएल सत्ताधारी गठबंधन में शामिल हुई थी। प्रचंड ने इसी साल मार्च में पाला बदलते हुए शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़कर ओली से हाथ मिलाया था। देउबा और ओली के बीच बैठक यूएमएल प्रमुख ओली के सरकार द्वारा पेश बजट की सार्वजनिक आलोचना के कुछ सप्ताह बाद हुई है। उन्होंने इसे माओवादी बजट कहा था। इस बैठक में क्या बात हुई, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। ओली ने कहा है कि देश को मौजूदा हालात में नहीं चलाया जा सकता है।





मीडिया रिपोर्ट में नेपाली कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं ने निष्क्रिय संघवाद और चुनाव प्रणाली की समीक्षा करने और जरुरी बदलावों के बारे में व्यापक समझ बनाने पर सहमति बन गई है। दोनों पक्ष मौजूदा सदन के बाकी बचे 32 महीने के लिए गठबंधन का नेतृत्व करने पर सहमत हो गए हैं, लेकिन पहले आधे समय में कौन नेतृत्व करेगा, इस पर बातचीत चल रही है।


इस बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को ओली के साथ एक बैठक की। इसमें उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्ट के प्रमुख रबी लाबिछ्ने भी शामिल हुए। उनके बारे में अटकले लगाई जा रही है कि वे सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर निकलने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों ने राष्ट्रीय राजनीति, दशकों से पुरानी अधूरी संक्रमणकालीन न्याय प्रक्रिया और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों को हल करने के लिए संभावित सहयोग जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा की।

# पाकिस्तान-अमेरिका ने मिलकर भारत के साथ खेला गंदा खेल! कर दिया होश उड़ाने वाला दावा

कीव (एजेंसी)। पाकिस्तान ने भारत को लेकर ऐसा दावा किया है जिसने कई देशों में बवाल खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान के इस झूठे दावे को दुनियाभर में फैलाने के लिए अमेरिका ने भी पूरी ताकत लगा दी है। यानी ये साफ हो चुका है कि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों मिले हुए हैं। तभी तो एक ही समय पर पाकिस्तान और अमेरिका की तरफ से भारत की खुफिया एजेंसी पर एक जैसे झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सबसे पहले बयान दिया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी जैसे संगठन भारत की खुफिया एजेंसी रॉ से पैसा ले रहे हैं। ये दोनों संगठन भारत से मदद ले रहे हैं। पाकिस्तान ने जैसे ही ये बेबुनियाद आरोप लगाया उसके तुरंत बाद अमेरिका ने सोशल मीडिया पर एक बयान वायरल करवाना शुरू कर दिया।

बयान में अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की एक अधिकारी बोल रही है कि भारत तालिबान की मदद से पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को मरवा रहा है। यानी पाकिस्तान और अमेरिका दोनों आरोप लगा रहे हैं कि भारत दूसरे देशों में आतंकियों की हत्याएं करवा रहा है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये बात तो सच है कि पिछले एक साल में कनाडा, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल और ब्रिटेन में कई आतंकी मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर वो आतंकी मारे गए हैं जो कभी न कभी भारत पर हमला करते रहे हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन हत्याओं का आरोप भारत पर लगाना बिल्कुल गलत है।

भारत ने सभी आरोपों से इनकार किया है। लेकिन प्रत्येक मामले में उसकी प्रतिक्रियाएँ गुणात्मक रूप से भिन्न रही हैं और उन्हें व्यापक नीतिगत स्थिति और वर्तमान रणनीतिक अनिवार्यताओं को प्रतिबिंबित करने के रूप में देखा जा सकता है। कनाडा के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कनाडा की सरकार पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है।



# आईसीसी की विश्वकप टीम ऑफ द टूर्नामेंट में रोहित सहित छह भारतीय खिलाड़ी शामिल

**-विराट को नहीं मिली जगह**



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विश्वकप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा कर दी है। इसमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या सहित छह भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। हैरानी की बात ये है कि इसमें भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को जगह नहीं मिली है जबकि विराट ने टी20 विश्वकप के फाइनल में शानदार पारी खेलते हुए 76 रन बनाये थे। आईसीसी की इस टीम में भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, के अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह व जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को भी शामिल किया गया है। अफगानिस्तान के 3 खिलाड़ी, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के 1-1 खिलाड़ियों को इस टीम में शामिल किया गया है.

वहीं दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्किया को 12वें खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। दक्षिण अफ्रीक के विश्वकप में 15 विकेट लिए थे।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पहली बार विश्वकप जीता। रोहित ने इस टूर्नामेंट में 3 अर्धशतकों की सहायता से कुल 257 रन बनाए। वहीं विश्वकप फाइनल में शानदार बल्लेबाजी करने के अलावा डेडिड मिलर का कैच पकड़ कर मुकाबला भारतीय टीम की ओर करने वाले सूर्यकुमार यादव को भी टीम में जगह मिली है। जसप्रीत बुमराह ने विश्व कप में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 4.17 की इकोनोमी से रन दिए और 15 विकेट लिए। इसके अलावा युवा अर्शदीप सिंह ने 17 विकेट लेकर इस विश्व कप में रिकॉर्ड बनाया।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने 169 रन बनाने के साथ साथ 10 विकेट भी चटकाए। इस कारण उन्हें भी टीम में जगह मिली है। पंड्या के प्रदर्शन भी गेंद और बल्ले से अच्छा रहा। इस कारण उन्हें भी टीम में जगह मिली है। वहीं अफगानिस्तान की ओर से विश्वकप में शानदार शुरुआत करने वाले रहमनुल्लह गुरबाज को भी इस टीम में रखा गया है। गुरबाज ने तीन अर्धशतकों की सहायता से 281 रन बनाए थे। गुरबाज ने 124.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। इसके अलावा वेस्टइंडीज के विकेटकीपर निकोलस पूरन को भी इस टीम में शामिल किया गया है। निकोलस ने 228 रन बनाये और उनका स्ट्राइक रेट 146.15 रहा। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने 14 विकेट इस कारण उन्हें भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा अफगान तेज गेंदबाज फजहलक फारूकी ने इस विश्व कप में 17 विकेट लिए। उनकी सर्वश्रेष्ट गेंदबाजी 9 रन देकर 5 विकेट रही।

**आईसीसी की टी20 विश्व कप टीम इस प्रकार है:** रोहित शर्मा, रहमनुल्लह गुरबाज, निकोलस पूरन, सूर्यकुमार यादव, मार्कस स्टोइनिस, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, फजहलक फारूकी. 12वां खिलाड़ी- एनरिक नॉर्किया।

# पेरिस ओलंपिक के लिए अभ्यास कर रहे मुक्केबाज अमित पंघाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज मुक्केबाज अमित पंघाल आजकल पेरिस ओलंपिक के लिए अभ्यास में जुटे हुए हैं। पंघाल का लक्ष्य अब पेरिस ओलंपिक में पदक जीतना रहेगा। पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट मिलने के बाद से ही वह बेहद उत्साहित हैं। पंघाल ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है जिससे भी उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

पेरिस ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद से ही वह निराश थे, इसे बाद बड़ी मुश्किल से उन्हें जगह मिली। पंघाल को तब अवसर मिला जब दीपक भोरिया दो प्रयासों के बाद भी 51 किग्रा में ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाये। पंघाल को अंतिम क्वालीफाइंग स्पर्धा के लिए चुना गया और उन्होंने इसमें जीत हासिल कर ओलंपिक टिकट हासिल किया। इस मुक्केबाज को पिछ्ले तीन साल में सीमित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण कई पहलुओं पर काम करना पड़ा। उन्हें प्रतियोगिता से केवल एक महीने पहले ही अपने चयन के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, ''मैंने हर चीज पर काम किया। मैंने शरीर को आराम देने पर काम किया क्योंकि मुकाबलों के बीच आराम काफी जरुरी होता है।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम अब भी बदल नहीं पायी दबाव में बिखरने की आदत

**-क्लूजनर से क्लासेन तक वही कहानी टीम ने फिर दोहरायी**

**मुम्बई (एजेंसी) ।** दक्षिण अफ्रीकी टीम एक बार फिर दबाव में बिखरने के मिथक को गलत साबित नहीं कर पायी है। टीम को लेकर बड़े मुकाबले में दबाव के बीच बिखरने की जो बातें कहीं जाती रही हैं। वे एक बार फिर टी20 विश्वकप में सही साबित हुई हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी पर इसे बाद भी उसे करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसकों के मस्तिष्क में लांस क्लूजनर की यादें फिर ताज हो गयी हैं। ये भी साफ हो गया है कि क्लूजनर से हेनरिक क्लासेन तक हालात नहीं बदले हैं। इसी कारण उसने हाथ में आया हुआ मैच खो दिया। दक्षिण अफ्रीकी टीम को अंतिम 30 गेंदों पर 30 रन की जरूरत थी और 6 विकेट हाथ में थे। उस समय हेनरिक क्लासेन आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे। 15वां ओवर में उन्होंने एक ही ओवर में एक ओवर में 24 रन बना लिए। इसके बाद टीम की जीत करीब लगने लगी थी।

मैच के 16वें ओवर तक मैच अफ्रीकी टीम के हाथों में था पर 17 वें ओवर में क्लासेन के आउट होते ही अफ्रीकी टीम की पकड़ मैच से ढ़ीली होने लगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास हमेशा से अच्छे बल्लेबाज ओर गेंदबाज रहे हैं पर इसके बाद भी वह अहम मुकाबलों में गलतियां कर देती है। अब तक खेले गए कुल 18 एकदिवसीय और टी-20 विश्व कप में अफ्रीकी टीम पहली बार फाइनल मुकाबले तक पहुंच पाई। वहीं 7 बार उसे सेमिफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसमें 1999 के एकदिवसीय विश्वकप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए टीम को अंतिम ओवर में 9 रनों की जरूरत थी और उसका आखिरी विकेट ही बचा था। तब ऑलराउंडर लांस क्लूजनर के साथ तेज गेंदबाद एलन डोनाल्ड खेल रहे थे। क्लूजनर ने अंतिम ओवर की पहली 2 गेंदों पर 2 चौके लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इस प्रकार उसे जीत के लिए 4 गेंदों पर केवल एक रन की जरुरत थी।

# भारतीय महिला टीम की बड़ी जीत, एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच में सोमवार को यहां चौथे और आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से शिकस्त दी। भारतीय जीत में शेफाली वर्मा और स्नेह राणा का अहम योगदान रहा। शेफाली ने पहली पारी दोहरा शतक जड़ा जबकि राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए।



शेफाली की 197 गेंद में 205 रन और पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित की। टीम ने राणा की शानदार फिरकी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को 266 रन पर समेट दी। भारत ने पहली पारी में 337 रन की बढ़त लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन करया।

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लॉरा वुलवार्ट (122) और पूर्व कप्तान सुने लुस (109) की शतकीय पारियों के बाद मध्यक्रम की बल्लेबाज नादिने डि क्लर्क की 61 रन की पारी के दम पर 373 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 37 रन का लक्ष्य दिया। शुभा सतीश (नाबाद 13) और शेफाली (नाबाद 24) ने 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के जीत की औपचारिकता पूरी की। भारतीय टीम ने इससे पहले तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया था। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का आगाज पांच जुलाई से होगा।

## अभी आईपीएल खेलते रहेंगे रोहित

बारबाडोस ।भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अभी आईपीएल खेलते रहेंगे। जिस प्रकार से रोहित ने विश्वकप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था उसके बाद ही अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि वह आईपीएल को भी अलविदा कह सकते हैं पर रोहित ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। रोहित ने कहा, मैंने इस समय टी-20 से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोचा था पर जिस तरह के हालाते थे उसमें मुझे लगा कि मेरे लिए टी-20 को अलविदा कहने के लिए यह बिल्कुल सही सही समय है पर मैं आईपीएल पक्के तौर पर खेलूंगा। रोहित ने भारत को 2024 का टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद ही टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। 2007 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 विश्व कप में खेलने की उपलब्धि मिली है।

# आईएल टी20 क्रिकेट लीग में खेलेंगे नरेन , रसेल ओर बोल्ट जैसे दिग्गज

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में टी20 अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग अगले साल की शुरुआत में होगी। इस लीग के 13 जनवरी से शुरु होने की संभावना है। इसमें अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी ही खेल सकते हैं। ऐसे में इसमें दिग्गज क्रिकेटर सुनील नरेन, आंद्रे रसेल , ट्रेंट बोल्ट, एलेक्स हेल्स, मोईन अली, वनिंदु हसरंगा आदि खेलते हुए नजर आयेंगे। इसमें 6 टीमें भाग लेंगीं और 34 मैच खेले जाएंगे। इसमें सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। इस लीग के दौरान ही दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश में टी20 लीग खेली जाएंगी। दक्षिण अफ्रीका की एसए 20लीग 10 जनवरी से 11 फरवरी तक खेली जानी है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग दिसंबर में शुरू होकर 4 फरवरी तक चलेगी जबकि पाक की पीएसएल लीग 9 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस लीग में अबू धाबी नाइट राइडर्स, दुबई कैपिटल्स, एमआई एमिरेट्स के अलावा शारजाह वॉरियर्स, डेजर्ट वाइपर्स और गल्फ जायंट्स जैसी टीमें भी भाग लेंगी। इसमें 6 टीमों में कुल 84 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ही यूएई के भी 24 खिलाड़ी खेलेंगे।

# सही प्रकार से तैयार नहीं हुई थीं ड्राप इन पिचें : गेल



ब्रिजटाउन ।वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा है कि अमेरिका में हुए टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में 'ड्राप इन पिचों के कारण कम रन बने। गेल के अनुसार अन्य जगह पर बनी ये ड्राप इन पिचें सही प्रकार से तैयार नहीं हुई थीं। इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार करने के बाद अमेरिकी मैदान पर लगाया गया था। गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की ड्राप इन पिचों को तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला। फ्लोरिडा से ट्रकों के परिये इन पिचों को न्यूयॉर्क लाया गया था। इन पिचों पर आसामान्य उछाल के कारण खिलाड़ियों के लिए खेलना काफी कठिन रहा।

गेल ने कहा कि इसी कारण ये कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है। यहां विकेट भी धीमा हो जाता है। यह बल्लेबाजों का प्रारूप है पर इस बार इसमें गेंदबाज हावी रहे। साथ ही कहा कि आने वाले समय में हम बेहतर पिचें देखना चाहेंगे। उन्होंने हालांकि अमेरिका में खेल को बढ़ावा देने के प्रयासों के आईसीसी के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि इससे क्रिकेट दुनिया भर में फैलेगा। इसलिए वह आईसीसी के काम को एक सकारात्मक प्रयास मानते हैं। साथ ही कहा कि जिस देश में बेसबाल , बास्केटबॉल जैसे खेल लोकप्रिय हैं वहां क्रिकेट को इस प्रकार पेश करना एक अच्छी पहल है। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से भारी तादामें में प्रशंसक मैदान में आये उससे भी पता चलता है कि क्रिकेट अब अमेरिका में भी पसंद किया जाने लगा है।

# दिनेश कार्तिक को मिली बड़ी जिम्मेदारी, इस आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बनाया बल्लेबाजी कोच और मेंटर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को अपना नया बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया। कार्तिक ने 2015 और 2016 में पहली बार आरसीबी के लिए खेला था। उन्होंने 2024 के सीजन में 15 मैचों में 187.36 की स्ट्राइक रेट से कुल 326 रन बनाए, लेकिन उनका प्रभाव सिर्फ रन बनाने की संख्या से कहीं ज़्यादा था। कार्तिक की नियुक्ति के बारे में बात करते हुए आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर मैदान पर रोमांचकारी थे और कोचिंग समूह के लिए एक बेहतरीन जोड़ होंगे।



आरसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बोबट के हवाले से कहा गया, 'डीके हमारे कोचिंग समूह में एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्हें मैदान पर देखना रोमांचकारी था और मुझे यकीन है कि वे कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावशाली होंगे। एक खिलाड़ी के रूप में उनकी लंबी अवधि और ट्रैक रिकॉर्ड उनके कौशल और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। मुझे पता है कि वे इस नए पेशेवर अध्याय में भी वही गुणवत्ता और प्रतिबद्धता लाएंगे।'

39 वर्षीय खिलाड़ी ने 2004 में 19 वर्षीय के रूप में भारत के लिए अपना वनडे डेब्यू किया था, के पास दो दशकों से अधिक का विशाल बल्लेबाजी अनुभव है, जिसके दौरान उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 257 आईपीएल मैच में भी भाग लिया जिसमें 22 अर्द्धशतकों सहित कुल 4842 रन बनाए। बैटिंग कोच और बैटिंग मेंटर के रूप में नियुक्ति पर दिनेश कार्तिक ने कहा, 'पेशेवर स्तर पर कोचिंग करना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है और यह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने जीवन के नए अध्याय के रूप में लेकर वास्तव में भावुक हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरे अनुभवों की चौड़ाई समूह के विकास में योगदान दे सकती है और अतिरिक्त मूल्य ला सकती है।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि क्रिकेट की सफलता न केवल तकनीकी दक्षता पर निर्भर करती है, बल्कि मैच की बुद्धिमत्ता और संयम पर भी निर्भर करती है। मैं अपने बैटिंग ग्रुप को कोचिंग देने और सलाह देने के लिए उत्सुक हूं, ताकि उन्हें न केवल अपने तरीके को निखारने में मदद मिल सके, बल्कि दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मैच जागरूकता भी विकसित हो सके। यह भी बहुत अच्छा है कि मैं आरसीबी के साथ अपना जुड़ाव जारी रख सकता हूं क्योंकि फ्रैंचाइज़ी लगातार मजबूत होती जा रही है।'

कार्तिक की बैटिंग शैली और मैदान पर बिजली की तरह मौजूदगी ने भी उन्हें तुरंत पसंदीदा बना दिया था। बल्लेबाजी के प्रति अपने शांत दृष्टिकोण के साथ टीम के भाग्य को आकार देने की उनकी क्षमता ने उन्हें कोच एंडी फ्लावर के साथ युवा भारतीय बल्लेबाजों को पोषित करने और उनका मार्गदर्शन करने की आरसीबी की खोज में स्वाभाविक रूप से फिट बनाया।

# वर्तमान में रहें और खुले दिमाग से खेलें, बिंद्रा की ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को सलाह

चंडीगढ - भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बखूबी पता है कि शीर्ष स्तर पर दबाव का सामना कैसे करना है और उन्होंने पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को वर्तमान में रहने और खुले दिमाग से खेलने की सलाह दी। बीजिंग ओलंपिक 2008 में पुरूषों की 10 मीटर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ओलंपिक में बिताये समय का पूरा लुत्फ उठाना चाहिए। उन्होंने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा एक कार्यक्रम में कहा, 'मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देना चाहता हूं। उन्होंने इतनी स्पर्धाओं में लगातार अच्छा खेलकर वैसे ही हमें गौरवान्वित किया है। अब विश्व स्तर पर छा जाने का समय है।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेलों का सर्वोच्च मंच है। पूरी दुनिया उनका स्वागत करने को तत्पर है। पूरा देश चाहता है कि हमारे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें।' बिंद्रा ने कहा, 'मैं यही कहूंगा कि वर्तमान में रहें, अतीत या भविष्य का नहीं सोचें। खुले दिमाग से खेलें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें। असली आत्मविश्वास उसी मेहनत से आता है जो आप इतने समय से कर रहे हैं।'



दो बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके शॉट पुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर ने कहा कि तोक्यो में नीरज चोपड़ा को भाला फेंक में मिले स्वर्ण पदक से ट्रैक और फील्ड में बाकी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'हमारे एथलीट पेरिस में पदक जीतेंगे। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से बाकी एथलीट भी प्रेरित हुए हैं।' एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने कहा, 'हमें देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। यह खुशी की बात है कि इतने खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। हमें अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।'

# जय शाह ने की पुष्टि, टीम इंडिया के नए मुख्य कोच श्रीलंका सीरीज से जुड़ेंगे

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। टीम इंडिया को तीन मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करना है जिसकी शुरुआत 27 जुलाई से होगी। टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती।

बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो लोगों का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे। बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे।

शाह के हवाले से कहा गया, %कोच और चयनकर्ता दोनों की नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी। सीएसी ने साक्षात्कार लिया है और दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और मुंबई पहुंचने के बाद जो भी उन्होंने तय किया है, हम उसके अनुसार चलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे जा रहे हैं, लेकिन श्रीलंका सीरीज से एक नया कोच शामिल होगा।'



गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए काफी जोड़ा जा रहा है, कई पूर्व क्रिकेटरों ने 2011 विश्व कप विजेता को भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सफल होने का समर्थन किया है। गंभीर 2007 आईसीसी विश्व टी20 और 2011 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे, को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उनकी हाल की सफलता के लिए प्रशंसा मिली थी, जब वे इंडियन प्रीमियर लीग फ्रैंचाइजी में उनके मेंटर के रूप में वापस आए थे। हाल ही में समाप्त हुए सीजन में लगभग बेदाग प्रदर्शन करने के बाद केकेआर ने अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता।

# विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले होने की उम्मीद : पॉल-एरिक

नई दिल्ली । विश्व बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) के प्रमुख पॉल-एरिक ने कहा है कि अगले साल भारत में होने वाले विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगी। होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में काफी अच्छी प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजन और भी अहम होगा। '' उन्होंने कहा, ''भारतीय बैडमिंट संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा।(बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था।



# पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा का बड़ा ऐलान, पेरिस डायमंड लीग में नहीं आएंगे नजर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेलों का महाकुंभ ओलंपिक फ्रांस के पेरिस में शुरू होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और स्टार भारतीय जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ ने ओलंपिक से पहले होने वाले पेरिस डायमंड लीग से नाम वापस ले लिया है। इसका मतलब ये है कि ये स्टार खिलाड़ी अब डायमंड लीग में खेलते हुए नहीं दिखाई देंगे। वहीं इसके बाद अब उनकी चोट को लेकर फैंस के बीच कई सावल उठ रहे हैं।

इस पर बता दें कि, नीरज ने जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों में असहजता के कारण इस लीग से नाम वापस लिया है। ईएसपीएन से बातचीत में नीरज ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था। लेकिन मुझे लगता है कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है, थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रुक जाना ही ठीक है।

बता दें कि, पिचले महीने फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले नरीज ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। साथ ही उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था। अब अनुभव के साथ सही फैसले लेने लगा हूं। फिनलैंड में प्रदर्शन अच्छा था लेकिन अभी और काम करना होगा।

# राज्य सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं करने पर शिक्षकों ने रोष प्रकट किया

तेज. रिपोर्टर | नोहर

राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा नोहर की बैठक उग्रसेन सहारण की अध्यक्षता में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल नंबर 1 नोहर में की गई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई एव मांग पत्र तैयार किया गया। उपशाखा मंत्री रणजीत सिंह गोदारा ने बताया की शिक्षकों की ब्लॉक स्तर पर और जिला स्तर पर लंबित समस्याओं का निराकरण शीघ्र ही करवाया जाएगा। निदेशालय स्तर की और संभाग स्तर की समस्याओं हेतु प्रदेश कार्यकारिणी को अवगत करवाया गया ताकि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो सके। राजसेवकों द्वारा अपना अचल संपत्ति विवरण स्वयं के एसएसओ आईडी से लॉगिन कर राज काज सॉफ्टवेयर पर आईपीआर मॉड्यूल के माध्यम से वंचित रहे कार्मिकों को राज काज सॉफ्टवेयर पोर्टल को एक बार पुन खोलकर वंचित रहे कार्मिकों को 31 जुलाई तक आईपीआर भरने का एक अवसर ओर दिया जाए, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में नियुक्त संविदा शिक्षकों का मई व जून 2024 का वेतन आहारित किया जाए तथा अधिशेष शिक्षकों की वेतन व्यवस्था के स्थान पर नए पद सृजित कर वेतन व्यवस्था को नियमित किया जाए, अंतर मंडल वरिष्ठता का विलोपन बंद किया जाए, साथ ही अंतर मंडल स्थानांतरण पर वरिष्ठता विलोपन प्रपत्र 6 संबंधित शिक्षक को तत्काल जारी किया जाए, एनटीटी अध्यापकों की शाला दर्पण पर आईडी जारी की जाए और इनका ग्रेड पे 3600 किया जाए, साथ ही राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्म अवकाश बीतने पर भी तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण



नहीं करने पर रोष प्रकट किया गया। तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण 2018 के बाद नहीं किए गए जबकि शिक्षा विभाग के अन्य सभी पदों पर स्थानांतरण लगभग प्रतिवर्ष किए जाते हैं। सरकार को पारस्परिक स्थानांतरण वर्ष भर खुले रखने चाहिए,पारस्परिक स्थानांतरण से किसी भी प्रकार का शिक्षण कार्य बाधित नहीं होता है। साथ ही राजकीय विद्यालयो में कक्षा चार से आठ तक के समस्त विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत पुरानी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर 100 प्रतिशत नई निशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करवाई जानी चाहिए, जिससे बच्चों में पाठ्य पुस्तक को लेकर रुचि बनी रहे और शिक्षण कार्य भी बच्चा रुचि पूर्ण तरीके से करें और सीखें। स्कूलों में उप प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य के पदों पर 50 प्रतिशत सीधी भर्ती के माध्यम से पदों को भरना चाहिए जिससे अध्यापकों और वरिष्ठ अध्यापको को भी अपने अनुभव के आधार पर कुशल नेतृत्व के अवसर मिले। कक्षा एक में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 5 वर्ष रखी जाए,शिक्षको को गैर शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतया मुक्त रखा जाए आदि मांग राज्य सरकार से की गई। बैठक के दौरान अध्यापक जगदीश जी झोरड़ पिचकराई का असामयिक निधन होने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बेगराज खोथ, राकेश कुमार गोदारा, बनवारी लाल लखारा, प्रहलाद ठोलिया, राधा कृष्ण नाई, डूंगरराम सिहाग, धर्मवीर गोदारा, हंसराम महरिया, मालाराम भांभू, दलीप ललानिया, हरिसिंह पुनिया, रवि दत्त शर्मा, राजेंद्र थोरी आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति के अवसर पर अभिनन्दन समारोह का आयोजन



**साहवा**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोमसीसर में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक राजकमल (मारुति) के रविवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों, ग्रामीण व स्टाफ की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति अभियोजन निदेशक मुरलीधर उपाध्याय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती चौधरी ने की। अनीता ने की इस अवसर पर मुरलीधर उपाध्याय ने कहा कि राजकमल को में ही विद्यालय में छोड़कर आया था और आज सुखद सहयोग रहा है की सेवानिवृत्ति पर में ही विद्यालय से लेकर जा रहा हूं। राजकमल लमानी ने विद्यालय में अपनी तरफ से 31000 रुपए पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को टिफिन सेट तथा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बॉल पेन के लिए दिए। राजकमल लमानी को प्रधानाचार्य ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधे भेंट कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर एडवोकेट मदनलाल संकरोत ने राजकमल लमानी को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संजय शर्मा, कृतिका शर्मा, कौशल्य शर्मा, एडवोकेट ओमप्रकाश लमानी, योगेश जोशी, एलडी जोशी, मनीष जोशी, एडवोकेट गजेंद्र सांखी, जुगल किशोर, एमपी सैनी, व्याख्याता शर्मिला सुथार अध्यापक विजेंद्र कुमार मीणा, आशा मीणा, दशरथ शर्मा, राकेश कुमार मिल, रोहतास सहू, आत्माराम सियाग, हरिकिशन पारीक, राकेश कुमार तिवारी, त्रिलोकचंद मेघवाल, प्रभु दयाल, रेनू शर्मा, कृतिका, हर्षित शर्मा, मुरलीधर उपाध्याय, रामकिशन निवास तेतरवाल आदि मौजूद रहे।

# जगदीश प्रसाद चाचाण की स्मृति में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारियां जौरो पर

## 3 जुलाई को जनता अस्पताल में आयोजित होगा रक्त दान शिविर

तेज. रिपोर्टर | नोहर

स्व. जगदीश प्रसाद चाचाण की स्मृति में 3 जुलाई बुधवार को स्थानीय जनता होस्पिटल में लगाये जाने वाले रक्तदान शिविर में कई नये नवाचार किये जायेगें। शिविर का उद्घाटन महायोगी गुरूदेव श्री श्री 1008 बाबा कालीदास कृष्णानंद परमहंस महाराज करेगें। जनता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चाचाण ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं को पौधे भी वितरित किये जायेगें। इसके अलावा रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाने के



लिये उन्हें उपहार स्वरूप पानी के कैंपर वितरित किये जायेगें। शिविर में रक्त संग्रह हनुमानगढ़ राजकीय ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर में अनेक जनप्रतिनिधि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। शिविर को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया है। सुरेश चाचाण ने रक्तदान शिवर में अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी को नया जीवन दे सकता है। बाबा कालीदास महाराज का परिचय महायोगी गुरूदेव श्री श्री 1008 बाबा कालीदास कृष्णानंद परमहंस महाराज पिछलें 44 वर्षो से केवल नारियल पानी पी रहे है। वे दिन में केवल दो बार नारीयल पानी पीते है। 37 वर्षो से सापला में आश्रम का संचालन कर रहे है। महाराज जी ने गलोक्सो यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रखी है। उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में भी कुछ समय के अध्यापन कार्य किया है।

**नागरिकों में है उत्साह**

बाबा कालीदास महाराज के नोहर आगमन को लेकर आमजन में भारी उत्साह है। नोहर आगमन पर नागरिकों व संगठनों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन व स्वागत किया जाएगा।

# सेवानिवृत्ति पर किया पौधारोपण



**नोहर**। बनवारी लाल बाजोलिया कोष अधिकारी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उपखंड नोहर परिसर में पंकज गढ़वाल उपखंड अधिकारी के सानिध्य में पौधारोपण किया गया इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा कोषाधिकारी, कालूराम सुथार, सुनील कुमार राठी, रतन सिंह, सतपाल जाखड़, कैलाश तिवारी, देवेंद्र पाल, द्वारका प्रसाद, भीम न्योल, इंद्रजीत, हरीश खन्ना, कुलदीप मोहम्मद आरिफ, पवन स्वामी, ओम भार्गव ,सुनील भीचर आदि अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति के अवसर पर पौधारोपण करने की अभिनव पहल है।


**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम सरिता से बदलकर सरिता देवी रख लिया है। मेरे पुत्र विवेक के स्कूल रिकॉर्ड में जन्म तिथि 07.04.2011 पिता का नाम राकेश कुमार व माता का नाम सरिता अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड, जन आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सरिता देवी अंकित है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम सरिता देवी पढ़ा जावे एवं अतः भविष्य में मुझे सरिता देवी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**सरिता देवी पत्नी राकेश कुमार जाति नाई निवासी वार्ड नं. 03 रोड़ावाली तहसील व जिला हनुमानगढ़**

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरी पुत्री लवप्रीत मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करती है। लवप्रीत 19 जून को बिना बताये घर से कहीं चली गई है। लवप्रीत ने अपनी मर्जी से विवाह भी कर लिया है। अतः मैं अपनी पुत्री की हरकतों से व समाज में हुई बदनामी से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। यदि आज के बाद कोई भी व्यक्ति मेरी पुत्री लवप्रीत के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार रखेगा, लेन-देन करेगा तो उसके वह स्वंय जिम्मेवार होंगी। लवप्रीत द्वारा किये गये कार्य या कृत्य के लिए वह स्वयं ही जिम्मेवार होंगी। मेरी या मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी और ना ही आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का लवप्रीत के साथ किसी भी तरह का रिश्ता नाता नहीं रहेगा। मेरी किसी भी सम्पति में लवप्रीत का कोई हक व हिस्सा नहीं होगा। सूचित रहे

**लक्खा सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी 3 चक केके, पंचायत 8 चक तहसील व जिला हनुमानगढ़**


## प्रथम पेज का शेष...

### मौजूदा कानून...

समिति के सदस्य थे। चिदंबरम ने लिखा-'नए कानूनों में कुछ इम्प्रूवमेंट्स हुए हैं। हमने उनका स्वागत किया है। उन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था। लेकिन कुछ कई विपरीत प्रावधान भी हैं। जो असंवैधानिक हैं। स्थायी समिति के सदस्य सांसदों ने प्रावधानों पर विचार-विमर्श किया है। तीनों विधेयकों पर असहमति नोट भी लिखे। सरकार ने उनमें की गई किसी भी आलोचना का खंडन या जवाब नहीं दिया। संसद में कोई सार्थक बहस नहीं हुई। कानूनविदों, बार एसोसिएशनों, न्यायाधीशों और वकीलों ने कई आर्टिकल और सेमिनारों में नए कानूनों की कमियां गिनाईं, सरकार इनकी भी परवाह नहीं की। शुरुआती असर ये होगा कि कानून-व्यवस्था बिगड़ेगी। बाद में अदालतों में कानूनों को कई चुनौतियां दी जाएंगी। उन्हें संविधान और आपराधिक न्यायशास्त्र के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप बनाने और बदलाव होने चाहिए।'

### नए कानूनों में...

ग्रामीणों के हितों को बढ़ावा देने के प्रावधानों को भी शामिल किया गया है। इन नए आपराधिक कानूनों में लिंग निरपेक्ष शब्दों द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा तथा मानसिक विमंदितों के प्रति बौद्धिक विकलांगता जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है।

**ये हैं कानून की खासियत**

मुख्यमंत्री के कहा कि नवीन आपराधिक विधि में आपराधिक मामले के महत्वपूर्ण चरणों को नियत समय-सीमा में बांधा गया है। नए कानूनों में परिवादी को 90 दिन होने पर मुकदमें की प्रगति से पुलिस को अवगत कराना, प्राथमिक जांच को 14 दिन में सम्पन्न करना, बलात्कार संबंधी मेडिकल रिपोर्ट 7 दिन में प्रदान करना, न्यायालय द्वारा पहली सुनवाई के 60 दिन में आरोप तय करना और विचारण पूरा होने के 45 दिन में निर्णय देने जैसे प्रावधान शामिल हैं, जिससे पीड़ित को त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में छोटे-मोटे अपराधों के लिए दंड के स्थान पर सामुदायिक सेवा, ई-चालान, ई-समन जैसे प्रावधान, मॉब लिंचिंग को परिभाषित, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, राजद्रोह के कानूनी प्रावधान को समाप्त कर देशद्रोह को स्थान देना जैसे प्रावधानों से देश में न्याय और कानून के शासन को बल मिलेगा।

**पुलिस थाने पर डेशबोर्ड लगाकर नए कानूनों की जानकारी**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पुलिस थाने पर इन कानूनों की जानकारी के संबंध में डेशबोर्ड लगाया जाए। साथ ही, नवीन आपराधिक विधियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में बताया गया कि सभी पुलिस कार्मिकों को इन नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 51 हजार से अधिक पुलिस कार्मिक इन नए कानूनों का प्रशिक्षण ले चुके हैं। साथ ही, आमजन को सरलतम शब्दों में जानकारी देने के लिए जन-जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

### नवाचारों को...

काम करना होगा। अजमेर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मदन लाल चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सहकारी संस्थायें सेवाभाव के साथ-साथ अपने आप को व्यापारिक केन्द्र के रूप में विकसित करें। बदलते बाजार प्रतिस्पर्धा के माहौल में अधिक से अधिक नवाचार किये जाये। उन्होंने पुरस्कृत समितियों के पदाधिकारियों को कहा कि वे और भी अच्छा कार्य कर सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाएं एवं प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान दे।

एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक सुनील छापोला ने कहा कि एनसीडीसी सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करती है। निगम द्वारा पूरे देशभर में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समितियों को यह पुरस्कार दिये जाते है राजस्थान की भी कई सहकारी समितियों एवं संस्थाएं राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित हुई है।

**प्रदेश की 8 सहकारी समितियां उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार-2023 से सम्मानित**

सहकारिता मंत्री ने एनसीडीसी के द्विवार्षिक पुरस्कार समारोह में चार श्रेणियों में उत्कृष्टता और श्रेष्ठता के तहत पुरस्कार दिये गये। सर्वश्रेष्ठ पैक्स श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए पलसाना ग्राम सेवा सहकारी समिति, सीकर को 25 हजार रूपये एवं स्मृति चिन्ह् तथा क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये 24 एपीडी ग्राम सेवा सहकारी समिति, अनूपगढ़ को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रूपये एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान किया गया।

इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ केवीएसएस श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए बांसवाडा क्रय विक्रय सहकारी समिति, बांसवाडा व क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये कोटपूतली क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., कोटपूतली तथा सर्वश्रेष्ठ महिला सहकारी समिति की श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए आपणी सहकारी सेवा समिति लि., माधोराजपुरा, क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये महिला सहकारी समिति में केलू महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि., अजमेर, को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिये सराधना दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. तथा क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये जेठाना दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार के लिये चयनित सोसायटी को एक ट्रॉफी, स्मृति चिह्न तथा 25 हजार रूपये का चैक तथा श्रेष्ठता पुरस्कार के लिये एक ट्रॉफी, स्मृति चिह्न तथा 20 हजार रूपये का चौक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार, अर्चना सिंह, प्रबंध निदेशक एसएलडीबी, विजय शर्मा सहित पुरस्कृत सहकारी समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### हल्की बारिश...

पड़ा। जंक्शन में बस स्टैंड के सामने तो वहीं टाउन में राजा कोठी के पास बरसाती पानी का भराव हो गया। राहगीरों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। शहरवासियों का कहना था कि जब थोड़ी सी बारिश से यह हालात हैं तो आगामी दिनों में मानसून की झमाझम बारिश के दौरान क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से समय रहते निचली जगहों पर पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की ताकि शहर को डूबने से बचाया जा सके। हनुमानगढ़ के अलावा नोहर, भादरा, रावतसर, पल्लू तहसील में भी बारिश दर्ज की गई।

### राज्य में 622 ग्राम...

सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु 'निःक्षय मित्र' बनाए जायेंगे। नि-क्षय मित्र के रूप में कोई भी व्यक्ति, भामाशाह या जनप्रतिनिधि टीबी रोगियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार एवं अन्य सहायता उपलब्ध करवाकर सहयोग कर सकता है। वर्ष 2023 में प्राप्त लक्ष्यों को देखते हुए चिकित्सा विभाग द्वारा अगले वर्ष पूरे राज्य में यह अभियान आयोजित किया जाएगा।

### सेना हर चुनौती...

वायुसेना और नौसेना के बीच तालमेल बनाए रखने की दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। लद्दाख में चीन से चल रहे सीमा विवाद पर आर्मी चीफ बोले 'भारतीय सेना हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और सक्षम है।'

### हनुमानगढ़ जिले...

तत्काल अस्पताल ले जाया गया,जहां मृत घोषित कर दिया गया।मृतक के एक परिजन बंसीलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिए।

### पटवार विश्रान्ति...

आने वाले कर्मचारियों को इस भवन के निर्माण का सर्वाधिक फायदा होगा। क्योंकि पटवारियों को देर रात तक जिला मुख्यालय पर कार्य करना पड़ता है। लेकिन रात्रि को उनके ठहरने के लिए कोई उचित स्थान नहीं था। चुनाव के समय कई अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी जिला मुख्यालय पर लगती है। उन्हें होटल, धर्मशाला आदि जगहों पर रुकने में समस्या आती थी। पटवारियों की मासिक बैठक आदि के लिए जिला स्तर पर विशेष स्थान उपलब्ध नहीं था। लेकिन भवन निर्माण के बाद यह समस्या दूर होगी। इस मौके पर प्यारेलाल बंसल, कानूनगो संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रभान ज्याणी, मुकेश सहारण, पतराम भाम्भू, अमरसिंह दहिया, मुकेश सहारण, सुखदेव सिंह, दानाराम मीणा, रामसिंह मीणा, रामरतन भारी, गुरविन्द्र सिंह, राधेश्याम टाक, गुलजार अहमद, बलदेव रणवां, राजेन्द्र जैन, बंशीलाल, दीपक चौहान, अमरीश जाखड़ सहित पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद थे। भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# चेतक कोर ने मनाया स्थापना दिवस

**श्रीगंगानगर**। चेतक कोर ने आज अपना 46 वां स्थापना दिवस मनाया। चेतक कोर की स्थापना 1 जुलाई 1979 को लेफ्टिनेंट जनरल एमएल तुली की कमान में की गई थी। अपनी स्थापना के पश्चात् से चेतक कोर परिवर्तनों की श्रृंखला से होकर सामरिक और प्रशासनिक रूप में प्रभावी कोर के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति तक पंहुचा है। इस अवसर पर चीफ आफ स्टाफ चेतन कौर मेजर जनरल मनदीपसिंह गिल ने अन्य अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों और सैनिकों के साथ देश की रक्षा में शहीद हुए वीरों को योद्धा यादगार स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित किये।मेजर जनरल मनदीप सिंह गिल ने कोर के सभी सैनिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और सेना के सर्वोच्च परम्पराओं को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी सैनिकों से निस्वार्थ संकल्प और साहस की अनुभूति के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा। साथ ही बहुमूल्य योगदान के लिए भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का भी धन्यवाद् किया।


# कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ (राजस्थान)

mch.hanumangarh@gmail.com

कमांकः-233 | दिनांक :- 28.06.2024

## !! नीलामी सूचना !!

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपरिषद् हनुमानगढ़ में परिषद कि अनुमोदित योजनाओं के निम्नलिखित भूखण्ड संख्या व माप अनुसार उनके सम्मुख अंकित दिवसों पर ई-नीलामी, ई-ऑक्शन पोर्टल https://lsgeauction.rajasthan.gov.in के माध्यम से की जायेगी। संपर्क सूत्र श्री जगजीत सिंह, कनिष्ठ सहायक नगरपरिषद (मोबाईल नं. +919460374924 एवं +917014169951) रहेगें। ई-ऑक्शन के माध्यम से नीलामी में विक्रय किये जाने वाले भूखण्डों का विवरण निम्नप्रकार से हैः

| क्र. सं. | योजना का नाम व स्थान | भूखण्ड का प्रकार | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड साईज वर्गमीटर | भूखण्ड साईज वर्गफुट | भूखण्ड साईज फुट में | रोड फुट मे आगे | रोड फुट मे साईड | कुल भूखण्ड | न्युनतम बोली आरम्भ | अमानत राशि (प्रति भूखण्ड) | बोली प्रकिया/आवेदन शुल्क (प्रति भूखण्ड) | बोली इंन्क्रीमेन्ट | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शोपिंग सेन्टर, मिनी सचिवालय, ब्लॉक सी, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 11 (C) | 74.35 | 800 | 20x40 | 60 | 30 | 3 | 2150000 | 43000 | 1000 | 2000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 15 | 74.35 | 800 | 20x40 | 40 | | | 2150000 | 43000 | 1000 | 1000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 31 | 29 | 312 | 13x24 | 30 | | | 1425000 | 28500 | 1000 | 1000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 2 | व्यापार मण्डल धर्मशाला के पीछे मेडिकल इन्स्टीट्यूशनल ऐरिया, राजकीय चिकित्सालय के पास, हनुमानगढ जं. | वाणिज्यिक | 7 | 100.37 | 1080 | 18X60 | 60 | | 1 | 4500000 | 90000 | 1000 | 2000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 3 | वाणिज्यिक योजना, शॉपिंग कांपलेक्स रेल्वे लाईन एवं हाउसिंग बोर्ड के मध्य, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 25 | 68.77 | 740 | 20x37 | 100 | | 1 | 2770000 | 55400 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 4 | कैनाल कॉलोनी के पास, आवासीय योजना, तिलक सर्किल, हनुमानगढ़ जंक्शन | आवासीय | 15 (c) | 150.23 | 1616.5 | 32'4"x50' | 30 | 40 | 1 | 3000000 | 60000 | 1000 | 2000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 5 | वाणिज्यिक योजना, बाईपास रोड, नजदीक वाटर वर्क्स, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 4 | 460.59 | 4956 | 59x84 | 150 | | 4 | 11000000 | 220000 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 16 | 460.59 | 4956 | 59x84 | 150 | | | 11000000 | 220000 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 23 | 460.59 | 4956 | 59x84 | 150 | | | 11000000 | 220000 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 32 | 460.59 | 4956 | 59x84 | 60 | | | 8500000 | 170000 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 6 | आवासीय योजना, मल्टीप्रपज योजना, मॉडल टाउन, ब्लॉक ए, नजदीक मेडिकल महाविद्यालय हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 172 | 218.03 | 2346 | 34x69 | 60 | | 2 | 4000000 | 80000 | 1000 | 2000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| | | | 173 | 218.03 | 2346 | 34x69 | 60 | | | 4000000 | 80000 | 1000 | 2000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 7 | आवासीय योजना, I.D.S.M.T योजना, बाईपास रोड, ब्लॉक ए, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 115 (c) | 178.44 | 1920 | 30x64 | 150 | 40 | 1 | 7000000 | 140000 | 1000 | 3000 | 08.07.24 से 10.07.24 |
| 8 | वाणिज्यिक योजना, चक नं. 02, एन, डब्ल्यू, एन, पत्थर नं. 133/242, मुरब्बा नं. 56,किला नं. 16/5, मेडिकल कॉलेज के नजदीक, बाईपास रोड हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 01 (c) | 170.77 | 1837.5 | 26'3" X 70' | 80 | 50 | 4 | 9500000 | 190000 | 1000 | 3000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| | | | 2 | 130.11 | 1400 | 20X70 | 80 | | | 7500000 | 150000 | 1000 | 3000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| | | | 5 | 184.71 | 1987.5 | 30X 66'3" | 50 | | | 9700000 | 194000 | 1000 | 3000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| | | | 11 | 142.31 | 1531.25 | 25X 61'3" | 50 | | | 8000000 | 160000 | 1000 | 3000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| 9 | आवासीय योजना, मिनी सचिवालय, ए ब्लॉक, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 205 A | 109.29 | 1176 | 24x49 | 30 | | 1 | 2460000 | 49200 | 1000 | 2000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| 10 | आवासीय योजना, मिनी सचिवालय, एफ ब्लॉक, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 08 (c) | 250.09 | 2691 | 39X69 | 30 | 100 | 1 | 3600000 | 72000 | 1000 | 2000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| 11 | आवासीय योजना, सेक्टर नं. 09/02, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 34 | 2383.83 | 25650 | (100x150)+(150x142)/2 | 30 | | 1 | 30000000 | 600000 | 1000 | 3000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| 12 | आवासीय योजना, आई. डी. एस. एम. टी. योजना, ब्लॉक बी, बाईपास रोड, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 25 (C) | 13.94 | 150 | 10x15 | 30 parking | 20 path | 1 | 550000 | 11000 | 1000 | 1000 | 15.07.24 से 18.07.24 |
| 13 | आवासीय योजना शिव मन्दिर के पास, I.D.S.M.T योजना, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 14 | 178.44 | 1920 | 30x64 | 40 | | 5 | 2750000 | 55000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 211 | 218.03 | 2346 | 34x69 | 60 | | | 3700000 | 74000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 78 | 250.09 | 2691 | 39x69 | 80 | | | 4000000 | 80000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 91(c) | 250.09 | 2691 | 39x69 | 80 | 40 | | 4500000 | 90000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 117 | 405.30 | 4361 | 49x89 | 100 | | | 7400000 | 148000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 14 | वाणिज्यिक योजना, सामुदायिक केन्द्र के सामने, सेक्टर नं. 06, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 4 | 74.35 | 800 | 20x40 | 100 | | 2 | 4400000 | 88000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 5 | 74.35 | 800 | 20X40 | 100 | | | 4400000 | 88000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 15 | संशोधित आवासीय योजना, मल्टीप्रपज नजदीक डी. टी. ओ. कार्यालय के पास, हनु. जं. | आवासीय | 12 | 195.17 | 2100 | 30x70 | 40 | | 2 | 2850000 | 57000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 13 | 195.17 | 2100 | 30X70 | 40 | | | 2850000 | 57000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 16 | आवासीय योजना, मल्टीप्रपज योजना, मॉडल टाउन, नजदीक मेडिकल महाविद्यालय, ब्लॉक डी, हनुमानगढ जंक्शन | आवासीय | 15 B | 259.29 | 2790 | 31x90 | 120 | | 1 | 3800000 | 76000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 17 | वाणिज्यिक योजना, बाईपास रोड, ग्रेफ, नजदीक ट्रांसपोर्ट नगर, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 26 | 162.64 | 1750 | 25x70 | 150 | | 2 | 6350000 | 127000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 27 | 162.64 | 1750 | 25x70 | 150 | | | 6350000 | 127000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 18 | आवासीय योजना, अतिरिक्त भूमि, मल्टीप्रपज योजना, मॉडल टाउन, ब्लॉक डी, नजदीक मेडिकल महाविद्यालय हनुमानगढ जंक्शन (नर्सिंग कॉलेज के पास) | आवासीय | 2 | 113.20 | 1218 | 28'x43'6" | 40 | | 2 | 1850000 | 37000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| | | | 3 | 113.20 | 1218 | 28'x43'6" | 40 | | | 1850000 | 37000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |
| 19 | जनरल मॉर्केट, नजदीक शिव मन्दिर सिनेमा, हनुमानगढ जंक्शन | वाणिज्यिक | 85 | 92.94 | 1000 | 20x50 | 100 | | 1 | 3500000 | 70000 | 1000 | 2000 | 22.07.24 से 24.07.24 |

ई-नीलामी से सम्बंधित विवरण व शर्त पोर्टल https://lsgeauction.rajasthan.gov.in के माध्यम से देखी जा सकती है।

| विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|
| ई नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि जमा करवाने की दिनांक<br>ई-नीलामी की दिनांक | दिनांक - 01.07.2024 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 10.07.2024 सांय 04.00 बजे तक<br>दिनांक- 08.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से 10.07.2024 सांय 05.00 बजे तक |
| ई नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि जमा करवाने की दिनांक<br>ई-नीलामी की दिनांक | दिनांक - 11.07.2024 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 18.07.2024 सांय 04.00 बजे तक<br>दिनांक- 15.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से 18.07.2024 सांय 05.00 बजे तक |
| ई नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि जमा करवाने की दिनांक<br>ई-नीलामी की दिनांक | दिनांक - 19.07.2024 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 24.07.2024 सांय 04.00 बजे तक<br>दिनांक- 22.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से 24.07.2024 सांय 05.00 बजे तक |

**नीलामी के नियम व शर्तें :-**

1. प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित Participation Fee (ई नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित राशि) एवं EMD (अमानत राशि) जमा कराने के उपरान्त ही बोली लगाई जा सकती है। पृथक-पृथक भूखण्ड की बोली में भाग लेने हेतु Participation Fee (ई नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित राशि) एवं EMD (अमानत राशि) पृथक-पथक जमा करवानी होगी।
2. जिस व्यक्ति के नाम से अमानत राशि ऑनलाईन जमा करवाई जावेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जावेगा। नाम में किसी प्रकार का संशोधन नही किया जावेगा।
3. दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम सम्पति लिये जाने पर पार्टनरशिप-डीड दिया जाना आवश्यक होगा, फर्म या अन्य व्यक्ति के नाम से बोली लगाने पर पावर ऑफ अटॉरनी एवं पहचान पत्र देना होगा। शेष शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय समय में, कार्य दिवस को नगरपरिषद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
4. The highest bidder shall be required to deposit 15% amount of his bid within three working days from the date of auction. In case of failure to deposit the said amount within prescribed time limit, the EMD deposited by the bidder shall be forfeited and auction of land shall automatically stand cancelled.
5. The bid shall be subject to the sanction or rejection within 5 working days from the date of auction and demand note shall be issued within 2 days from the date of sanction of the bid.
6. The bid shall be subject to the sanction of the Chairperson of the Municipality in whom the rights are reserved to accept or reject any bid without assigning any reason thereof.
7. After acceptance of the Bid the successful bidder shall deposit 35% of the. Bid amount within 120 days from the date of Auction. If bidder fails to deposit 35% amount within 120 days, after expiry of above period bidder may deposit due amount in next 60 days or within extended time period as per provisions of clause 5 alongwith intrest at the rate of 15% on remaining amount from the date of auction.
8. Successful bidder shall deposit remaining 50% of the Bid amount within 180 days from the date of Auction. If bidder fails to deposit 50% amount within 180 days, after expiry of above period bidder may deposit due amount in next 90 days alongwith intrest at the rate of 15% remaining amount from the date of auction.
9. If the successful bidder deposit the full amount within 15 days from the date of demand note, he will get 1% rebate of the bid amount.
10. In case of failure to deposit the amount within the extended time period, the 15% amount initially deposited shall be forfeited and auction of the land shall automatically stand cancelled.
11. भूखण्ड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेट के आधार पर विकय किया जावेगा जिसकी लीज राशि आवासीय भूखण्ड पर आरक्षित दर की 2.50 प्रतिशत एवं वाणिज्यिक भूखण्ड पर आरक्षित दर की 5.00 प्रतिशत नियमानुसार केता द्वारा जमा करवानी होगी।
12. यदि सफलतम बोलीदाता द्वारा लीजडीड जारी करने से पूर्व भूखण्ड की 10 वर्ष की लीज एक मुश्त जमा करवाई जाती है, तो भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जावेगा।
13. लीजडीड शाश्वत् पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसकी स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय भूखण्ड केता का होगा।
14. बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सभापति एवं आयुक्त नगरपरिषद हनुमानगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
15. भूमि का मानचित्र एवं शर्तें/प्रतिबन्ध व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकेगी।
16. उपरोक्त भूखण्डों का मौके पर क्षेत्रफल ज्यादा होगा तो अन्तर-राशि जमा करानी होगी। सड़क मार्गाधिकार अनुमोदित योजना मानचित्र के आधार पर अंकित की गई है, जो कि मौके पर कम या ज्यादा प्राप्त हो सकती है।
17. समयावधि घटाने-बढाने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
18. बोली बढाने की राशि कम से कम 1000 रूपये रहेगी। इससे कम बोली की राशि बढाने पर मान्य नही होगी।
19. पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने एवं राशि जमा करवाने की जिम्मेदारी स्वय बोलीदाता की होगी। किसी भी प्रकार की त्रुटि एवं असफल भुगतान/गलत भूगतान की कोई भी जिम्मेदारी नगरपरिषद हनुमानगढ़ की नही होगी।
20. नीलामी पोर्टल पर अंकित भूखण्ड के latitude@longitude केवल बोलीदाता की सुविधा हेतु भूखण्ड तक पहुँच के सन्दर्भ मात्र के लिये है। इसके आधार पर भूखण्ड के सीमा का दावा मान्य नही है।
21. पॉर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध "User Guide For Bidder" दस्तावेज आवश्यक रूप से पढ़े। https://lsgeauction.rajasthan.gov.in/Portal/ShowDocument?q=5anzxGfa84Bpx9FaWX6tDA==
22. नीलामी बोलीदाताओं को रजिस्ट्रेशन फीस, नीलामी भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि ऑनलाइन पोर्टल lsgeauction.rajasthan.gov.in पर जमा करवाने पर ही नीलामी की बोली में मान्य किया जावेगा। नीलामी से संबंधित समस्त विवरण पोर्टल lsgeauction.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक नीलामी बोलीदाताओ को अपने user id एवं password प्राप्त करने के लिये रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है।
23. भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम 14 ए में नीलामी की दिनांक से, नियम 17 में कब्जा प्राप्त करने की दिनाक से 07 वर्ष में निर्माण करना आवश्यक है। स्वतंत्र भूखण्ड मे एक इकाई निर्माण एवं व्यावसायिक भूखण्ड के क्षेत्रफल के 1/5 भाग का भूअच्छादान क्षेत्र में निर्माण करना आवश्यक है। 7 वर्ष पश्चात् निरस्त भूखण्ड की निर्माण अवधि विस्तार पर नियमानुसार पुर्नग्रहण शुल्क देय है।
24. भूखण्ड नीलामी राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 एवं राजस्थान नगरपालिका (शहरी भूमि निष्पादन नियम) 1974, एवं विभागीय आदेशों एवं परिपत्रों के अध्यधीन होगी।
25. बोली प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत हेतु विभाग द्वारा अधिकृत ई-मेल DLBSUPPORT@E-connectsolutions.com पर सम्पर्क करें। नगरपरिषद द्वारा किसी भी प्रकार की मौखिक/लिखित शिकायत स्वीकार नही की जायेगी।

राज.संवाद/सी/24/1506 आयुक्त सभापति

# डाइट में हुआ विकास कार्यों का लोकापर्ण

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डाइट) में 84.15 लाख रूपये लागत के कार्यों का लोकापर्ण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, ने चूरू विधायक हरलाल सहारण की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया एवं चूरू पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डाइट गोविन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि चूरू डाइट पूरे राजस्थान में दो वर्षों से प्रथम स्थान बनाये हुए हैं जिसका श्रेय यहां कार्यरत समस्त स्टाफ को जाता है जो दिन रात मेहनत कर डाइट को नई पहचान दिला रहे हैं। पर्यावरण पर चर्चा करते हुए बताया कि डाइट ने पर्यावरण संतुलन के लिए इस वर्ष 600 पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। डाइट परिसर में वर्तमान में आम, अमरूद, अंजीर, चीकू जैसे फलदायी पेड़ हैं जिनके फल लगने आरम्भ हो गये हैं। इस अवसर पर सीडीईओ जगवीर सिंह यादव ने कहा गोविन्द सिंह के नेतृत्व में डाइट नित नई ऊंचाईयों को छू रही है। चूरू जिले में भामाषाहों के कमी नहीं है लेकिन भामाषाहों का विष्वास जीतना बहुत बड़ी बात हैं। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़ ने डाइट के कार्यों की भूरि-भूरि प्रषंसा करते हुए बच्चों को मेहनत एवं लगन से कार्य करने को कहा। इस अवसर पर देवेन्द्र झाझड़िया ने बच्चों को उम्मीद और विष्वास के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित किया। आपका जोष और मेहनत ही आपको सफलता की सीढ़ी तक पहुंचा सकता है। झाझड़िया ने अपने गुरूओं को याद कर समस्त षिक्षक जनों को प्रणाम किया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बताया कि हम केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से चूरू के विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। फिर चाहे वह मीठे पानी को लाना हो अथवा गंदे पानी की शहर से निकासी हो। सहारण ने बताया की चूरू के विकास को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। पूर्व केबिनेट मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने मुख्य सड़क से डाइट परिसर तक पक्की सड़क के निर्माण की घोषणा की और कहा कि डाइट एवं जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने षिक्षकों से आह्वान किया कि वे ऐसी पीढ़ी तैयार करें जो देष निर्माण में आगे आयें। इस अवसर पर डीईओ प्रा.षि. संतोष महर्षि ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि चूरू जिला षिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान बरकरार रखे हुए है भामाषाहों द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल पर जमा राषि सम्पूर्ण राजस्थान में चूरू में सर्वाधिक है। इस अवसर पर डाइट के नरेन्द्र उपाध्याय, कुसुम शेखावत, उमा सारस्वत, बजरंग लाल मीणा, ओमप्रकाष कस्वां, संदीप महरोलिया, हंसराज मीणा, गिरीष शर्मा, प्रसन्ना मीणा, ओमप्रकाष बारूपाल, अमित ढाका, संतकुमार दैया, भीष्म सहारण, संजय गुप्ता, महेन्द्र शर्मा, राकेष मोटसरा, प्रवीण, निहाल सिंह लाम्बा, रामनिवास चाहर, हेमन्त, राजकुमार, श्यामलाल उपस्थित रहें। अतिथियों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान पर रहे रजिराम, पवन कुमार को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# ईश्वरीय प्रार्थना व मानवता की सेवा के संकल्प के साथ नए सत्र का आगाज

**- गौ सेवा व पक्षी सेवा की गई एवं चिकित्सकों व चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को किया सम्मानित**



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

विश्व की सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल प्रान्त 3233-ई-1 के लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास द्वारा ईश्वरीय प्रार्थना व मानवता की सेवा के संकल्प के साथ नये सत्र का आगाज किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिता-रमेश बलाना ने बताया कि अध्यक्ष लॉयन सरिता अरोड़ा के नेतृत्व में नये सत्र 2024-25 के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम गौ सेवा प्रकल्प के तहत सुखाडिया सर्किल स्थित श्रीगौशाला में गौवंश को हरा चारा व गुड़ की सवामणी खिलाई गई तथा पक्षी विहार में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। तत्पश्चात् डॉक्टर्स डे व सीए डे पर डॉ. अनुपम सुमित बंसल, डॉ. मोनिका मिड्ढा, डॉ. बृजेश माहवा, डॉ. देवेन्द्र ग्रोवर, सीए अंजलि लड्ढा, सीए सुमित एवं सीए रविंद्र अग्रवाल को पुष्पगुच्छ एवं अभिनंदन-पत्र भेंट कर अभिनंदन-सम्मान किया गया। सम्मानित डॉक्टरों व सीए ने आभार व्यक्त करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा में बढ़-चढ़कर योगदान देने तथा लॉयन्स क्लब विकास द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर पाण्डे, राजकीय चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा एवं श्रीगौशाला सुखाडिया सर्किल प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश खदरिया थे। सीएमडी लॉयन विनोद सेठी ने अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया तथा लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास द्वारा सामाजिक सरोकारों में निभाई जा रही अग्रणी भूमिका व सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव लॉयन रिंकू चावला तथा कोषाध्यक्ष लॉयन नीरू अनेजा ने सेवा कार्यों से नये सत्र की शुरुआत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि नए सत्र में समाजसेवा के क्षेत्र में पहला कदम रख रहे हैं तथा वर्षभर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का सहयोग बना रहेगा। श्रीगौशाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश खदरिया एवं उनकी टीम ने लॉयन्स क्लब विकास द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। डॉ. ब्रह्म भाटिया सहित वक्ताओं ने गौ माता की सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गौमाता की सेवा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है तथा घर-परिवार में सुख-समृद्धि व आनंद का वास होता है। चिकित्सकों एवं सीए द्वारा समाज के सर्वांगीण उत्थान में दिया जा रहा योगदान अतुलनीय है। शानदार मंच संचालन लॉयन प्रेम चुघ ने किया। कार्यक्रम के अंत में एमजेएफ लॉयन संदीप अनेजा ने सफल आयोजन के लिए सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लॉयन सतीश चावला, लॉयन अशोक कोठारी, लॉयन गुरमीत महल, लॉयन डॉ. मोहित अरोड़ा, लॉयन बालकिशन नागपाल, लॉयन प्रदीप अरोड़ा, लॉयन सुनीता सेठी सहित लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर के विद्यार्थी राज्य मेरिट में अव्वल

तेज | रिपोर्टर चारणवासी




राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा द्वि वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा का रिज़ल्ट घोषित किया गया जिसमें पशुधन अनुसंधान केन्द्र, नोहर की प्रथम वर्ष की छात्रा अनिता और आशिता ने क्रमशः प्रथम व तृतीय मेरिट स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय वर्ष के परिणाम में केन्द्र की छात्रा मोनिका और अंजू ने क्रमशः तृतीय व चतुर्थ मेरिट पर अपना क़ब्ज़ा जमाया। क्षविदित रहे की यह वरीयता सूची पूरे राजस्थान के 100 से ऊपर कॉलेज में पढ़ने वाले हज़ारों बच्चों के पशुपालन डिप्लोमा की कक्षाओं में आये हुए अंकों के आधार पर तैयार होती है। इस दौरान प्रभारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) कुलदीप सिंह नेहरा ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर ख़ुशी ज़ाहिर की तथा उन्हें निरन्तर अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर संस्था के कृषि अधिकारी बलवीर सिंह गोदारा, केंद्र के टीचिंग एसोसिएट डॉ. महेन्द्र पाल पूनियां, डॉ. धर्मवीर सिंह एवं डॉ. रामचन्द्र तिवाड़ी आदि ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 से सदस्य पद हेतु संजय कुमार निर्वाचित

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 8 से सदस्य पद हेतु संजय कुमार के विजयी होने पर आज भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने अपने चूरू निवास पर पहुचने पर माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, लोकसभा प्रतयाशी देवेन्द्र झाझड़िया, जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने भी संजय कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि इस जीत से यह साबित हो गया है कि गाँव का विकास भाजपा ही कर सकती है। ये प्रदेश सरकार की विकासोन्मुख योजना के प्रति जनता की सहमति है। जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने इसे जनता की जीत बताया। ब्लाक संख्या 8 से संजय कुमार ने 2677 मत प्राप्त करके बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने हरेंद्र कुमार को 1577 मतों के भारी अंतर से हराया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, पदम् सिंह राठौड़, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, रामस्वरूप मेघवाल, सी पी शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर मनाया बैंक का स्थापना दिवस

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



भारतीय स्टेट बैंक आरबीओ 6 द्वारा जंक्शन एसबीआई आरसेटी में सोमवार को बैंक का स्थापना दिवस पौधरोपण कर मनाया गया। बैंक कर्मियों ने पौधरोपण किया और लोगों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। बैंक आरएम सुनील कुमार ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधों की अधिकता जरूरी है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने मौजूद लोगों व प्रशिक्षणार्थियों को बैंक की तरफ से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैंक कर्मियों के साथ परिसर में पौधे लगाए। इस मौके पर एसबीआई आरसेटी अनुदेशक मुकेश कुमार, अनुदेशक अनिल सिंह राठौड़, रितिक अरोड़ा, गणेश राम, सरिता शर्मा, सूरज कुमार, विकास कुमार, रोहित कुमार, चीफ मैनेजर लक्ष्मण राम, तरुण छाबड़ा, राजवीर कौर, कंचन दर्गन, सुमित राजपूत, सुरेश गोदारा सहित अन्य बैंक कर्मी एवं संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागी मौजूद थे।

# रोटरी क्लब रिद्धि सिद्धि ने किया डॉक्टर्स व सीए का सम्मान



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

डॉक्टर डे व सीए-डे के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब रिद्धि सिद्धि द्वारा रेनबो हॉस्पिटल सेक्टर 17 में शहर के नामचीन डॉक्टर और सी ए को सम्मानित किया गया इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर नरेश गर्ग सचिव डॉक्टर राकेश आसेरी व कोषाध्यक्ष श्री अमित सिंगल क्लब के डॉक्टर संदीप सिहाग, संजय खेमका मौजूद थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्टर सोहम शाह व पूर्व मंत्री श्री सुरेंद्र पाल सिंह टी टी थे इस उपलक्ष में सीएमएचओ डॉक्टर अजय सिंगला पी एम ओ डॉक्टर दीपक मोंगा आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर हरिश रहेजा सहित शहर के नामी डॉक्टर व सी ए ने हिस्सा लिया इस अवसर पर सी ए नीरज चावला व सी ए आर एन गुगनानी मौजूद थे।

# सतीपूरा कल्याण भूमि में किया पौधारोपण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मानव उत्थान सेवा समिति हनुमानगढ़ द्वारा चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में सतीपुरा स्थित शमशान भूमि में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश बाजिया एवं ईएनटी वरिष्ठ चिकित्सा डॉ भवानी सिंह एरण ने नीम एवं पीपल का पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। मानव उत्थान सेवा समिति अध्यक्ष लादू सिंह भाटी ने बताया कि चिकित्सक दिवस के उपलक्ष में सोमवार को शमशान भूमि सतीपुरा में 25 पौधे में मय ट्री गार्ड लगाकर उनकी देखरेख का जिम्मा लिया। उन्होंने बताया कि अब तक सतीपुरा शमशान भूमि में 92 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में विशेष रूप से गांव के बुजुर्गों एवं युवाओं का सहयोग मिल रहा है। ग्रामीण उत्साह से पौधों की देखरेख का जिम्मा उठा रहे हैं। इस मौके पर गुरदेव सिंह, गोविंद सिंह, लोकराज शर्मा, नवनीत सिंह, रघुवीर घोयल, राकेश रंगेरा, राकेश जिनागल, रमेश शाक्य, विपिन शर्मा, राजाराम बिश्नोई व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# वार्ड 11 के उप चुनाव में समीरा भाटी की जीत

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 मे सम्पन्न उप चुनाव मे कांग्रेस उम्मीदवार समीरा भाटी के भारी बहुमत से निर्वाचित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर दौड गयी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मण्डेलिया ने नव निर्वाचित पार्षद समीरा भाटी को बधाई दी है। नव निर्वाचित पार्षद का शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मण्डेलिया हाउस मे नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया की अगुवाई मे जोरदार स्वागत किया गया। महनसरिया के अलावा चूरू शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोकर, संजय भाटी एवं अली मोहम्मद भाटी ने इसके लिए वार्डवासियो का आभार जताया। इसके अलावा अबरार खान, आरिफ रिसालदार, तौफीक खान, शाहरूख खान, इस्माइल भाटी, शाहिद खान, अजीज खान, आसिफ निर्वाण, तारिक नागौरी, आबिद जाबासरिया, नोमान सैयद, असलम खान मोयल, तौफीक खान, सुशीला सुण्डा, रामचंद्र सुण्डा, शिव कुमार शर्मा, महबूब खान, फरमान खान आदि ने नव निर्वाचित पार्षद को पुष्प गुच्छ भेंट किये।

# मिशन ग्रीन संस्था का पौधारोपण अभियान शुरू

**अतिथियों ने कहा कि बदलते मौसम एवं जलवायु परिवर्तन में पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प**




तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

मिशन ग्रीन संस्था द्वारा सोमवार से पौधारोपण अभियान शुरू हुआ। मुख्य अतिथि बीसीएमओ डा.मनोज अरोड़ा, सीएचसी प्रभारी डॉ.सुनील अग्रवाल, डॉ. हरिओम बंसल, डा.यूनस पंवार,डा.भानु प्रताप सहित मौजूद अतिथियो ने डिवाइडर एवम मार्ग के किनारे पौधे लगाते हुए आमजन से भी आगामी मानसून व बरसात के मौसम में अपने घर के आसपास पौधारोपण करने का आग्रह किया।सभी ने एक स्वर में कहा कि बदलते मौसम एवं जलवायु परिवर्तन में पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है। कार्यक्रम प्रमुख डॉ उग्रसेन जाखड़ व सदस्य अफरोज खान ने बताया कि अभियान को लेकर संस्था ने समस्त तैयारियां पूर्ण करते हुए मानसून से पूर्व ही गड्ढे खोदने एवं खाद/बीज, पौधे आदि की समुचित व्यवस्था करते हुए लगभग 5000 से अधिक पौधे ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस मौके पर सस्ता अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव, सचिव नितेश गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रिंस गर्ग, उपसचिव प्रिंस गर्ग, संरक्षक जितेंद्र गुप्ता एवं मनोहर लाल बंसल, मीडिया प्रभारी अर्पित गर्ग, सुनील अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, शकील खान, वरुण गर्ग, नरेगा जेईन राहुल सरना,जतिन सिंह राघव, जेपी लुगरिया, अनमोल गर्ग डॉ राजवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# कल्याण भूमि में पौधारोपण किया

**तेज. थालड़का।** स्थानीय गांव की कल्याण भूमि में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम किया गया इस मौके पर डॉक्टर मनोहर शर्मा द्वारा कल्याण भूमि में पीपल का पेड़ लगाकर के देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डॉक्टर शर्मा ने बताया कि पिंपल के पेड़ से हमारा जीवन जुड़ा हुआ है। इस पेड़ से धार्मिक आस्था भी जुड़ी हुई है। बताया कि में हर साल बरसाती सीजन शुरू होते ही गांव में सार्वजनिक स्थान पर पौधारोपण करवाया जाता है। और अन्य लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

# सचिन पायलट का विदेशों में बजा डंका: महनसरिया

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया ने कांग्रेस जनों की एक बैठक में कहा कि हमारे लोकप्रिय जन नेता पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट की 15 दिनों की विदेश यात्रा में सभी देशों में जोरदार स्वागत हुआ व पायलट को सुनने व देखने व सेल्फी लेने वाले में खूब उत्साह रहा महनसरिया ने बताया कि पायलट ब्रिटेन, इंग्लैंड, कैंब्रिज, लंदन सहित अनेक देशों में आयोजित विश्वविद्यालयो में प्रोफेसर व छात्रों के कार्यक्रमों में भाग लेते हुए भारत के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं की सत्ता में भागीदारी व आर्थिक व विकास नीति तथा राहुल गांधी की भारत में अब तक की सबसे अधिक दिनों तक चलने वाली ऐतिहासिक विशाल पैदल यात्रा भारत जोड़ों पर चर्चा की जिसे सभी जगह खूब सराहा गया, इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि 2022 में अगर सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री बनते तो 2023 में सचिन पायलट नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रिपीट होती व देश केट प्रधानमंत्री आज राहुल गांधी होते, इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचंद सैनी, किसान नेता अमर सिंह दनेवा, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया ,कायमखानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशी खा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतवीर बेनीवाल, हाजी यूसुफ लोहार, पार्षद हाजी अली मोहम्मद भाटी, पार्षद प्रत्याशी मुबारक भाटी, पार्षद प्रत्याशी मोहन ट्रेलर, पार्षद प्रत्याशी कालूराम महर्षि ,युवा कांग्रेस के फरमान खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।




# ऑक्सफोर्ड ग्रुप के संचालकों का दावा, प्रशासनिक दबाव व साजिश के चलते नियमानुसार नहीं हो रही कार्यवाही

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर




पत्रकार वार्ता में ऑक्सफोर्ड ग्रुप के संचालक सतीश सचदेवा, उनके भाई राजू सचदेवा, श्रुति सिडाना ने बताया कि उनके संस्थान से 4 महीने पहले सचिन लाहोटी नाम के विद्यार्थी को कनाडा भेजा गया इस प्रक्रिया में वह स्वयं वीजा ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक वह अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर अपने ही मेल से अप्रूवल कर अपनी मर्जी से कनाडा गया इससे पूर्व उसे यूनिवर्सिटी में कॉलेज से संबंधित संपूर्ण जानकारियां भी दी गई और उसे भी यह भी बताया गया था कि यूनिवर्सिटी/कॉलेज डी एल ई से अप्रूव्ड होती है वहां जाने के बाद वह बहाने बनाने लगा कि यह कॉलेज तो दो कमरों का है मुझसे अधिक फीस वसूली गई है जबकि इसका पूर्ण सत्यापन वह कनाडा जाने से पूर्व वह खुद कर चुका था डी एल ई अप्रूवल की जानकारी भी उसे थी उसकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ही उसे कॉलेज दिया गया था कनाडा जाने से पूर्व सचिन का ऑस्ट्रेलिया का वीजा रिजेक्ट हो चुका था क्योंकि वह उसके शैक्षणिक मापदंडों के अनुसार नहीं था जब सचिन के परिजनों ने संस्थान पर धरना प्रदर्शन करना शुरू किया तब ऑक्सफोर्ड के संचालको ने सचिन को सूचित किया कि वह गंगानगर आ जाए उसके आने जाने की हवाई टिकट व अन्य खर्च ऑक्सफोर्ड वहन करेगा और वह अपनी फीस वापस ले जाए परंतु ऐसा नहीं हुआ और इसके विपरीत इन लोगों ने संस्थान की एक महिला संचालिका की निजी रील सोशल मीडिया पर अपलोड कर उसे बदनाम करने का दबाव बनाया शायद प्रशासनिक पकड़ होने के कारण नगर परिषद द्वारा शॉप नंबर एक पर सतीश सचदेवा के नाम से नोटिस भेजा जिसमे फायर सेफ्टी के नियमों के उल्लंघन करना बताया गया जबकि सतीश सचदेवा द्वारा यह बिल्डिंग किराए पर ली गई है और इसका मालिक तो अन्य कोई व्यक्ति है नियमानुसार फायर सेफ्टी के मामले में किसी संस्थान को एक माह का नोटिस दिया जाता है जिसमें वह अपने संस्थान पर फायर सेफ्टी उपकरण लगता सके परंतु ऑक्सफोर्ड को पहले ही दिन सीज कर दिया गया संचालक लगातार आयुक्त व अन्य अधिकारियों से गुहार लगाते रहे कि उन्हें संस्थान केवल फायर सेफ्टी उपकरण लगाने के लिए खोलने दिया जाए पर प्रशासन पर इस पर मौन रहा राजू सचदेवा ने बताया कि आरोप लगाया कि जिस दिन यह मामला सामने आया उसी दिन कार्यालय में मनीष गर्ग के नाम का व्यक्ति ने यह मामला सुलझाने के लिए 300000 की मांग रखी थी परंतु उन्होंने इस के लिए मना कर दिया था शायद यह दबाव वह राशि ना पहुंच पाने के कारण ही बनाया जा रहा है।

# भारतीय मूल के डॉ. प्रशांत रेड्डी अमेरिका के चुनाव में कांग्रेस प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव लड़ने वाले दूसरे रिपब्लिकन भारतीय

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

भारतीय मूल के डॉ. प्रशांत रेड्डी अमरीका में होने जा रहें चुनाव में कांग्रेस प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव लड़ने जा रहें है।अमेरिकी इतिहास में प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव लड़ने हेतु रिपब्लिकन पार्टी द्वारा नामित होने वाले बॉबी जिन्दल के बाद वे दूसरे इकलौते भारतीय हैं। यदि वे चुनाव जीत जाते हैं तो रेड्डी संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में कांग्रेस प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने वाले दूसरे भारतीय अमेरिकी रिपब्लिकन कांग्रेसमेन बन जाएंगे तथा अमेरिकन सत्ता के निकट रहने वाले ताकतवर नेता के रुप में उभरेंगे। अमरीका की सेना और चिकित्सा के क्षेत्र में लम्बे समय तक सेवाएँ देने वाले डॉ. प्रशांत रेड्डी का जन्म दक्षिण भारत के चेन्नई शहर में हुआ।वे पाँच वर्ष की अल्पायु में ही अपने परिवार के साथ अमरीका के मैनहट्टन, कैनसस में जाकर बस गए थे। डॉ. प्रशांत रेड्डी आंतरिक चिकित्सा, चिकित्सा ऑन्कोलॉजी और हेमाटोलॉजी में ट्रिपल-बोर्ड प्रमाणित चिकित्सक हैं। उन्होंने कैंसर की दवा पर भी काम किया और एक दशक से अधिक समय तक विभिन्न नैदानिक संस्थाओं, शिक्षाविदों आदि के साथ-साथ कैनसस सिटी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में निजी प्रैक्टिस करते हुए विभिन्न पदों पर काम किया। जब अमरीका में 9/11 का अकल्पनीय हादसा हुआ था, तो डॉ. प्रशांत रेड्डी ने अपने देश की सेवा करने का अहम फैसला किया। एक सैन्य चिकित्सक के रूप में यूनाइटेड स्टेट्स एयरफ़ोर्स रिज़र्व में शामिल हो गए। लगभग 20 वर्षों की सैन्य सेवा के बाद उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल का पद अर्जित किया और चिकित्सा सेवा करना जारी रखा।छात्र जीवन से ही प्रतिभाशाली प्रशांत को हाई स्कूल के वरिष्ठ छात्र के रूप में, बर्कले, सीए में लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी में जैविक विज्ञान के क्षेत्र में कैनसस राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए



चुना गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ क्लिनिकल रिसर्च करिकुलम अवार्ड प्रोग्राम के माध्यम से कैनसस विश्वविद्यालय से एम.पी.एच. प्राप्त किया। दिसंबर 2016 से जुलाई 2019 तक, प्रशांत ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में लीडरशिप डेवलपमेंट का कार्यक्रम भी पूरा किया, जिससे उन्हें हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में पूर्व छात्र का दर्जा भी प्राप्त हुआ। अपने पूरे वयस्क जीवन के दौरान, प्रशांत रेड्डी चिकित्सा और सैन्य सेवा के माध्यम से अपने समुदाय और देश को सेवाएं दे रहे हैं। अब उन्हें एक बार फिर से कैनसस जिले में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में आगे आने और सेवा करने के लिए कहा गया है। यदि वे चुनाव जीत इस पद के लिए चुने जाते हैं, तो बॉबी जिन्दल के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में कांग्रेस के लिए चुने जाने वाले अकेले दूसरे ताकतवर भारतीय अमेरिकी रिपब्लिकन कांग्रेसमेन बन जाएंगे।

# बंदरो से निजात दिलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | भादरा

संयुक्त व्यापार मण्डल के नेत्तृव मे व्यापारीयो ने डीएसपी सुभाष गोदारा व उपखण्डाधिकारी जे पी चन्देलिया को ज्ञापन देकर शहर वासियों को बंदरो से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन मे कहा गया है कि शहरवासियो, महिलाओ बच्चो व आमजन के लिये शहर भादरा में गांधी पार्क लोगो की घुमाई व प्राणायाम करने का मुख्य केन्द्र है। यंहा सैकडो की संख्या में प्रतिदिन लोग भ्रमण करने के लिये आते है। सुबह 4-5 बजे से ही पार्क व आस पास क्षेत्र में बन्दरो का जमावडा लग जाता है। पिछले कुछ दिनो से बन्दरो ने विकराल रूप धारणकर रखा है। आमजन महिलाओ बच्चो को बन्दरो ने परेशान कर रखा है। कल दिनांक 30.06.24 की घटना में सुबह 6 बजे भ्रमणशील मनीष बंसल (लुहारीवाला) को बन्दरो ने. इतनी बुरी तरह से काटा व पांव की निचली पिन्डली से खुन बहने लगा लोगो के बीच बचाव के बाद भी बन्दर अन्य लोगो पर झपटने लगे व इलाज के दौरान 4-5 टाके लगे है। इस प्रकार पूर्व में बन्दरो ने लोगो को काट खाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भादरा के मुख्य बाजार, सरकारी अस्तपताल से बस स्टैण्ड व साहवा रोड तक ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल है। लोग अपने निजी साधन कार, बोलरो पिकअप टैम्पो बीच में रोड के किनारे खडा कर इधर उधर चले जाते है। जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। लगभग 10 से 15 मिनट तक जाम लग जाता है । ज्ञापन देते समय अध्यक्ष चम्पालाल गोयल, सचिव ओमड्क्षसह राठौड़ सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।

# मिस्त्री पर मजदूरी की पूरी राशि नहीं देने का आरोप

**» मजदूरी का कार्य करने वाली महिला ने थाना में प्रस्तुत किया परिवाद**

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

मिस्त्री पर मजदूरी की पूरी राशि नहीं देकर ठगी करने का आरोप लगाते हुए मजदूरी का कार्य करने वाली एक महिला ने सोमवार को जंक्शन थाना में परिवाद प्रस्तुत कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। रुकमा पत्नी साहबराम नायक निवासी वार्ड 12, मक्कासर ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करती है। पिछले दिनों मिस्त्री व ठेकेदारी का कार्य करने वाला मनप्रीत सिंह पुत्र गुरतेज निवासी मस्जिद के सामने, खरलिया तहसील पीलीबंगा उसके पास आया और बताया कि वह सूरतगढ़ रोड स्थित गणपति कॉलोनी में मकान बनाने का ठेका ले रहा है, इसलिए उसे मजदूरों की आवश्यकता है। मनप्रीत सिंह ने उसे बतौर मजदूर अपने साथ मजदूरी का कार्य करने का कहा। इस पर वह नौ अप्रेल से गणपति कॉलोनी में बतौर मजदूर चार सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मनप्रीत सिंह के साथ कार्य करने लगी। मनप्रीत सिंह के साथ उसने बतौर मजदूर 19 जून तक कार्य किया। उसकी कुल मजदूरी 28 हजार 800 रुपए बनी। मनप्रीत सिंह ने उसे



मात्र 10 हजार रुपए की मजदूरी राशि ही दी। मनप्रीत सिंह की तरफ उसके 18 हजार 800 रुपए अभी भी बकाया हैं। जब भी वह मनप्रीत से शेष मजदूरी राशि की मांग करती तो मनप्रीत कोई न कोई बहाना बनाकर टाल-मटोल करता रहा। 21 जून को मनप्रीत जब हनुमानगढ़ आया उस समय उसके साथ लिछमा देवी नाम की महिला भी थी। जब उसने मनप्रीत सिंह से शेष मजदूरी राशि मांगी तो मनप्रीत सिंह ने कहा कि उसने बहुत से लोगों के रुपए देने हैं। वह इसी तरह लोगों से ठगी मारता है। काम करवा लेता है और मजदूरी खा जाता है। वह उसके रुपए भी नहीं देगा। रुकमा ने मनप्रीत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर मजदूरी राशि दिलवाने की गुहार लगाई।

# शिक्षा के पिछड़ेपन को दूर करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया था श्याम विद्यालय

तेज. रिपोर्टर | भादरा

आज से 60 वर्ष पूर्व शिक्षा के पिछड़ेपन को दूर करने तथा समाज के प्रत्त्येक वर्ग को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्व.धनराज शर्मा द्वारा वर्ष 1963 में स्थापित श्री श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय, भादरा के 61 वें वर्ष में प्रवेश करने पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्री श्याम पाठशाला समिति, भादरा के अन्तर्गत संचालित सभी संस्थाओं की प्रगति के बारे में अमरनाथ शर्मा व शिवशंकर शर्मा ने विस्तार से बताया कि गत 60 वर्षों में संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित कर प्रशासनिक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजिनीयर के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र में उच्च पदों पर आसिन हुए विद्यार्थियों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का आ?ह्वान किया। वर्तमान में संस्था द्वारा विद्यालय स्तर पर अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में कक्षा 12 में विज्ञान, कृषि, कला एवं वाणिज्य वर्ग, स्नातकोतर स्तर पर कन्या एवं सहशिक्षा महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, बी.एड व एसटीसी कॉलेज, फॉर्मेसी कॉलेज के माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। विद्यालय के 61 वे वर्ष में प्रवेश के कार्यक्रम में संस्था प्रधान अमरनाथ शर्मा, शिवशंकर शर्मा, रविशंकर शर्मा, विरेन्द्र कौशिक, मिशांक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, ओमसिंह, श्रुति शर्मा, रूपराम शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ ने अपने अध्यापन के अनुभव को साझा करते हुए संस्था को प्रगति के पथ पर ओर अग्रसर करने हेतु सभी से समन्वय के साथ कार्य कर बच्चों को शिक्षित कर उनके भविष्य को उज्ज्वल एवं सुदृढ बनाने में सकारात्मक प्रयास के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

# नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय के प्रथम दिन नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात समस्त विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने मां सरस्वती की वंदना कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रिंसीपल प्रेरणा रस्तोगी ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत कर सरस्वती पूजा की जाती है, जिससे कि मां सरस्वती की कृपा सदैव बच्चों पर बनी रहे। उन्होने बताया कि विद्यालय का प्रयास बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान बनाना भी है।

## डोटासरा के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नोहर। विप्र सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सुनील तिवाड़ी के राज व्यापी आह्वान पर हनुमानगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी नोहर के माध्यम से राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में बताया गया की विगत दिनों एक सार्वजनिक कार्यक्रम में गोविंद सिंह डोटासरा ने आईपीएस रविदत्त गोड़ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर के एक लोक सेवक को धमकी दी थी। जिसका विरोध सर्व समाज के साथ साथ समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कंवरपाल सांखी ने बताया कि लोकसेवक पर एक जनप्रतिनिधि की अमर्यादित टिप्पणी अशोभनीय के साथ असहनीय है जिसे समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा तथा समाज के अग्रणी संगठन न्याय की लड़ाई जारी रखेगे। इस मौके पवन कुमार शर्मा, अनिल शर्मा, रामकुमार, वीर सिंह एव भंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

जंक्शन पुलिस थाना में दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग के संबंध में परिवादी ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। परिवादी ने जांच अधिकारी पर आरोपी पक्ष के प्रभाव में होने का आरोप लगाया। बलराज पुत्र बलविन्द्र सिंह निवासी चक छह एसटीजी, मक्कासर ने बताया कि उसने जंक्शन पुलिस थाना में कुलदीप सहारण वगैरा



के खिलाफ 4 मई को मुकदमा दर्ज करवाया था। उक्त प्रकरण की जांच एससीएसटी सीओ रणवीर साईं कर रहे हैं। बलराज ने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी की ओर से जातिगत समीकरणों के कारण उसकी ओर से दर्ज करवाए गए प्रकरण में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। अपने प्रभाव के कारण तथा मुकदमे में कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण आरोपी पक्ष के लोग उसे व उसके परिवार को तंग-परेशान कर रहे हैं। मुकदमा वापस लेने के लिए धमका रहे हैं। आरोपी पक्ष के प्रभाव में होने के कारण पुलिस की ओर से उसकी सुनवाई नहीं की जा रही। उन्होंने एसपी से गुहार लगाई कि जांच अधिकारी को निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया जाए।

## सफेद लैब कोट में देवदूत के समान हैंः डॉ. वर्मा

**भादरा।** सोमवार को स्थानीय वर्मा सामान्य हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड केंद्र पर चिकित्सा दिवस धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉक्टर बी.एस.वर्मा ने कहा कि भारतीय समाज में चिकित्सकों को भगवान के समान दर्जा दिया गया है। हालांकि यह अलग बात है कि निजी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की भूमिका पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं लेकिन यह भी सच है कि चिकित्सक लोगों को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों से निजात दिलाने में पूरी ताकत लगा देते हैं।सफेद लैब कोट में देवदूत के समान हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना हो या कैंसर, हृदय रोग, एड्स, मधुमेह इत्यादि कोई भी बीमारी, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से चिकित्सक ही करोड़ों लोगों को उबारते हैं। चूंकि चिकित्सक प्रायः मरीज को मौत के मुंह से भी बचाकर ले आते हैं, इसीलिए चिकित्सकों को भगवान का रूप माना जाता रहा है। चिकित्सा केवल पैसा कमाने के लिए एक पेशा मात्र नहीं है बल्कि समाज के कल्याण और उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. सारिका तिवारी, डॉ. जीएस सिंध,डॉ. बीएस आजाद, डॉ. रसदीप सिंह, डॉ. अमन मेंहदीरता, डॉ विवेक चाचान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मस्टरोल में फर्जी हाजरी लगाने का आरोप

**» ग्रामीणों ने विकास अधिकारी से की शिकायत**

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

मनरेगा में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत चौहिलांवाली के ग्रामीणों ने सोमवार को पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रकरण की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीण आत्माराम, मांगीलाल व नरेश ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत चौहिलांवाली में मनरेगा कार्य में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जयकोरी पत्नी उदाराम देहडू की सात फर्जी हाजरी 7 जून से 21 जून के बीच मस्टरोल में लगाई गई है। वर्तमान में जयकोरी व गौरधन पुत्र उदाराम देहडू की फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। कार्य चौहिलांवाली एनडीआर माइनर की सिल्ट निकासी



व बैंक मजबूतीकरण कार्य आरडी 68 से 96 तक मस्टरोल में दर्ज है। इसमें भी 22 जून से 1 जुलाई तक फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। पूरी ग्राम पंचायत में 1 जॉब कार्ड पर 1 ही श्रमिक का नाम लिखा जाता है जबकि ग्राम पंचायत चौहिलांवाली में 1 जॉब कार्ड पर 2 सदस्यों का नाम लिखा गया है। इस तरह पूरी ग्राम पंचायत के मनरेगा श्रमिकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने इस प्रकरण की तत्काल प्रभाव से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की। बीडीओ ने संबंधित मेट के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस मौके पर उग्रसेन, दलीप, आत्माराम, विनोद, राजेन्द्र, नरेश कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## उप जिला चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण किया

**भादरा।** सोमवार एक जुलाई को राजकीय उप चिकित्सालय भादरा परिसर में ऐलोपैथी व आयुर्वेद विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण किया गया। पीएमओ डा.सतवीर बैनीवाल, डॉ. राजेन्द्र भंवरिया, डॉ. जशवंत सहारन, डॉ. विजय पूनिया, डा. सुनील नोखवाल, डॉ. राजेन्द्र कुमावत, डॉ. विजय राहड़, आयुर्वेद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार शर्मा, चिकित्सकीय स्टाफ बलवान सिंह ढाका, राजेश गोदारा, विक्रम गोड द्वारा पौधरोपण किया गया व रोपित पौधों में समय-समय पर पानी देकर सार संभाल की जुम्मेवारी ली गई। पौधरोपण में विशेष कर आयुर्वेद विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जामुन, नीम, आंवला व अमलतास के पोंधे लगाए गए हैं जो विभिन्न बीमारियों में औषधीय रूप में काम आती हैं।

# लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभाली

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने आज जयपुर में प्रेरणा स्थल में एक समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित कर? सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली।लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के छात्र हैं। उन्होने



दिसम्बर 1986 में 19 मद्रास में कमीशन लिया। 37 साल के अपने प्रतिष्ठित और शानदार सैन्य करियर में उन्हें जम्मू कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे पर कमांड और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त हुआ है। जनरल ऑफिसर ने जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में अपनी बटालियन की कमान संभाली,।नियंत्रण रेखा पर इन्फैंट्री ब्रिगेड, डेजर्ट स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक इन्फैंट्री डिवीजन और जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में नियंत्रण रेखा पर तैनात कोर की कमान भी उन्होंने संभाली। उनकी विभिन्न स्टाफ नियुक्तियों में जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में तैनात कोर में कर्नल जीएस (आईडब्ल्यू) और कमांड मुख्यालय में कर्नल जीएस (ऑप्स/एयर), बीजीएस (ऑप्स), एमजी जीएस (ऑप्स) और सीओएस शामिल हैं। उनकी अनुदेशात्मक नियुक्तियों में भारतीय सैन्य अकादमी में प्लाटून कमांडर और प्रशिक्षक सीएलसी और भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल (इम्ट्राट), भूटान में डीएस कोऑर्ड शामिल हैं। उनके अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट के प्रति कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जनरल ऑफिसर को 2015 में युद्ध सेवा मैडल, 2019 में विशिष्ट सेवा मैडल और 2024 में अतिविशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित किया गया है। जनरल ऑफिसर 1 जनवरी 2021 से मद्रास रेजिमेंट के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट हैं। वे 30 नवंबर 2022 तक एकीकृत रक्षा स्टाफ (नीति, योजना और बल विकास) के उपप्रमुख थे। उन्होंने 1 दिसंबर 2023 को आर्मी ट्रेनिंग कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार संभाला।सेना कमांडर ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभालने पर, सभी रैंकों, वीर नारियों, वेटरन्स,डिफेन्स सिविलियन और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# घर-घर जाकर पिलाई पोलियों की दो बूंद जिन्दगी की

**» आज 13738 बच्चों को पिलाई पोलियों की खुराक**





हनुमानगढ़। राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के दूसरे दिन घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आज लगभग 13738 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई है जिसमें लगभग 854 वाइल का उपयोग किया गया। जिले में एएनएम, आशा एवं चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम की



मॉनिटरिंग व सुपरविजन के लिये जिला स्तरीय मोनिटरिंग टीम ने समस्त ब्लॉकों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 2 जुलाई को भी पोलियो डोज पिलाने का अभियान जारी रहेगा। इसलिए मंगलवार को आवश्यक रूप से छोटे बच्चों को पोलिया ड्रॉप्स पिला लें।

## सादुलशहर में अरोडवंश धर्मशाला के पीछे अढ़ाई दशक पुराना रास्ता बंद



**श्रीगंगानगर।** सादुलशहर में श्री अरोड़वंश धर्मशाला के पीछे वार्ड नंबर 13 में 14 की गली से मुख्य रोड़ संगरिया मार्ग को जोड़ने वाला करीब अढ़ाई दशक पुराना रास्ता कुछ लोगों की तानाशाही के कारण बंद हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को नगर पालिका में सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान कुछ वार्डवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन दिया, जिसमें पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण करवाने, वार्ड में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगवाने तथा गली के इस रास्ते को चौड़ा करने की मांग की थी। ज्ञापन देने के कुछ ही देर बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा एवं सफाई निरीक्षक हरप्रीतकौर ने दीवार को ऊंचा करने के लिए लाई निर्माण सामग्री को नगर पालिका की ट्रॉली में डलवा दिया। मौके पर पहुंचे इस प्लॉट के मालिक ने प्लॉट के दस्तावेज प्रस्तुत कर बताया कि वह अपनी जगह सही है। इस पर नगरपालिका अमले ने निर्माण सामग्री वापस उतार दी। प्लॉट मालिक ने बताया कि कुछ लोग बेवजह राजनीति करना चाह रहे हैं।आज यह रास्ता पूरी तरह बंद करवा दिया गया।

## विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभिनन्दन

**श्रीगंगानगर।**राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के दिल्ली प्रवास के दौरान प्रवासी राजस्थानियों की विभिन्न संस्थाओं ने उनका अभिनन्दन किया।राजस्थान अकादमी के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने उन्हें दुपट्टा ओढ़ाया और अकादमी की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।सुभाष लाखोटिया की स्मृति में एक लाख रू के श्रवण कुमार पुरस्कार की जानकारी भी दी। विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को दुपट्टे ओढ़ाए और साहित्य भेंट किया।

## रौट्रैक्ट क्लब ने किया चिकित्सक सम्मान



**हनुमानगढ़।** रौट्रैक्ट क्लब हनुमानगढ़ द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. इच्छित जैन, सचिव प्रतीक गोयल, रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष अश्वनी गर्ग व कोषाध्यक्ष केशव शर्मा द्वारा दंत रोग विशेषाज्ञ डॉ. एसके शर्मा व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तेज शर्मा को लाईफ टाइम एर्चिवमेन्ट अवार्ड के सम्मान से सम्मानित किया।

# अस्पतालों में वृद्धजनों के लिए 'रामाश्रय'

## एसी सुविधायुक्त वार्ड में मिल रहा है बेहतर उपचार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुषा एवं बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बेहतरीन प्रयास किए है। दूरगामी सोच और बुजुर्गो के लिए विशेष सुविधाओं के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में संवेदनशील पहल कर सभी जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) बनाए है। इन्हें 'रामाश्रय' नाम दिया गया है।

हनुमानगढ़ रामाश्रय के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश फगेड़िया ने बताया कि इन रामाश्रयों में वृद्धजनों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाए की गई है। रामाश्रय में 10 फाउलर बैड है। इनमें से 5 बैड महिला एवं 5 बैड पुरूषों के लिए आरक्षित किए गए है। हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए है। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए गए है, ताकि आपात स्थिति में वृद्धजन तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सके। वार्ड में महिला एवं पुरूष रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय है। इन शौचालयों में ग्रेब-बार लगाए गए है। वार्ड में फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियाथैरेपी से संबंधित उपकरणों की समुचित व्यवस्था है। इनमें शॉर्ट वेव डायाथर्मी, अल्ट्रासाउण्ड थैरेपी, सरवाइकल ट्रैक्शन, पैल्विक ट्रैक्शन, ट्रांस इलेक्ट्रिक नर्व स्टिमुलेटर जैसे उपकरण शामिल है। वार्ड में व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध है।

### वार्ड में ही विशेषज्ञ सेवाएं एवं जांच की सुविधा

डॉ. फगेडिया ने बताया कि रामाश्रय नोडल अधिकारी के साथ ही रोगियों की देखभाल के लिए अलग से नर्सिंग स्टाफ तथा साफ-सफाई के लिए कार्मिक नियोजित है। आईपीडी के समय विशेषज्ञ सेवाए वार्ड में ही उपलब्ध है। जांच के लिए सैम्पल भी वार्ड से ही एकत्र किए जा रहे है तथा रिपोर्ट भी बैड पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है। वृद्धजनों के उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, फिजियोथैरेपिस्ट एवं अन्य कार्मिकों के दूरभाष नंबरों की सूची वार्ड के बाहर प्रदर्शित है। वृद्धजनों को ओपीडी सेवाओं के लिए जीरियाट्रिक क्लिनिक की व्यवस्था की गई है। साथ ही अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन काउंटर, जांच काउंटर, दवा वितरण केंद्र आदि पर वृद्धजनों के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि उन्हें अधिक समय कतारों में नहीं खड़ा रहना पड़े और आसानी से उपचार मिल सके।

### निशुल्क एयर कंडीशनर युक्त सुविधाओं से लैस वार्ड

रामाश्रय वार्ड में भर्ती 85 वर्षीय नोहर निवासी श्री सागरमल सुथार ने बताया कि श्वांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें दो दिन पहले इस वार्ड में भर्ती किया गया था। शुरू में जब इस वार्ड में भर्ती किया गया तो एयर कंडीशनर, अलग-अलग शौचालय और साफ सुथरा वार्ड देखकर मन में आया कि कहीं इसके लिए कोई फीस तो नहीं देनी पड़ेगी, परंतु डॉक्टर ने बताया कि यह बिल्कुल निशुल्क है। परदों से बेडों को अलग किया गया है तथा आगंतुकों के लिए बैठने के लिए भी जगह है, चौबीसों घंटे स्टाफ मौजूद रहता है। भीषण गर्मी में वार्ड में एयर कंडीशनर लगे होने से राहत है। श्री सागरमल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि भला हो उनका, जो हम जैसे बुजुर्गो के बारे में इतना सोचते है। सुगर लेवल कम होने पर 75 वर्षीय जंक्शन निवासी श्री अमरीक सिंह को इस वार्ड में भर्ती करवाया गया। वो बताते है कि पहले जनरल वार्ड में भर्ती होना पड़ता था, लाइन में लगना पड़ता था। परंतु अब, अलग वार्ड होने से डॉक्टर यहीं आकर चौकअप करते है, बाहर जाने के लिए दोनों तरफ रेलिंग लगाई गई है. अलग होने से यहां भीड़ भी नहीं रहती। बेहतरीन सुविधाओं युक्त इस वार्ड के लिए अमरीक सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राजकीय अस्पतालों में आने वाले वृद्धजनों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जीरियाट्रिक वार्ड की स्थापना के निर्देश दिए थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इस मानवीय पहल को 100 दिवसीय कार्य योजना में शामिल करवाया। इन्हीं प्रयासों के चलते 100 दिवसीय कार्य योजना में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 49 जिला चिकित्सालयों में यह सुविधा प्रारंभ की है।

# आरोपी युवक का गैंगस्टरों से लिंक नहीं आया सामने

## पारस जैन को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने का प्रकरण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक पारस जैन को गैंगस्टर के नाम पर व्हाट्सएप कॉल व मैसेज कर जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी युवक का गैंगस्टरों से लिंक सामने नहीं आया है। आरोपी पीसी रिमांड पर चल रहा है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि डॉ. पारस जैन से फिरौती मांगने के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी दो जुलाई तक पीसी रिमांड पर है। उससे पूछताछ जारी है। जांच में आरोपी हरीश (23) पुत्र हेतराम जाट निवासी वार्ड चार, खिलेरी बास फतेहगढ़ के किसी प्रकार से गैंगस्टरों के सम्पर्क में होने की बात सामने नहीं आई है। गैंगस्टरों के नाम से धमकी देने वाला आरोपी हरीश फिरौती के जरिए चिकित्सक से धन लेकर शीघ्र धनवान बनना चाहता था। पूर्व में हरीश के खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण भी दर्ज नहीं हैं। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी कस्वां ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे अपराधियों व गैंगस्टरों को अपना आदर्श मानने की बजाए स्वच्छ विचारधारा रखते हुए समाज का अभिन्न अंग बनें। अच्छे से पढ़ाई कर अपना व माता-पिता का नाम रोशन करें। गौरतलब है कि डॉ. पारस मल जैन (77) पुत्र दुलीचन्द जैन निवासी पूर्णनगर, विजय सिनेमा के सामने, टाउन ने 27 जून को मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसे पूर्व में 25 जनवरी 2023 से लगातार दो माह तक अनमोल बिश्नोई के नाम से व्हाट्सएप पर धमकी भरे मैसेज व वाइस कॉल प्राप्त हुई थी। इस सम्बन्ध में उसने टाउन पुलिस थाना में प्रकरण दर्ज करवाया था। उक्त प्रकरण में पुलिस की ओर से छह जनों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से उसे धमकी भरे मैसेज, वाइस कॉल आनी बंद हो गए। अब 25 जून को उसके पास 1(778)748-1410 नम्बर से व्हाट्सएप पर कॉल आई। उक्त कॉल पर रोहित गोदारा का नाम लिखा हुआ था। इस कारण उसने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद व्हाट्सएप नम्बर पर मैसेज आया जिसमें लिखा था कि अनमोल बिश्नोई बोलूं। इसके बाद दूसरा मैसेज आया जिसमें लिखा था कॉल उठा। अगले दिन 26 जून को उसी नम्बर से व्हाट्सएप पर कॉल आई जिसको उसने रिसीव नहीं किया। फिर व्हाट्सएप मैसेज आया जिसमें लिखा था जान प्यारी नहीं है क्या। इसके बाद दूसरा मैसेज आया जिसमें लिखा था कॉल उठा। 27 जून को उसी नम्बर से पुनः व्हाट्सएप पर कॉल आई जिसको उसने रिसीव नहीं किया। डॉ. पारस मल जैन ने आरोप लगाया कि उसे रोहित गोदारा व अनमोल बिश्नोई के नाम से कॉल कर धमकी दी जा रही है। मोबाइल नम्बर 1(778)748-1410 के धारक की ओर से कॉल व मैसेज कर जान से मारने का भय दिखाकर रुपयों की मांग की जा रही है।

# सभापति ने नगरपरिषद उपकार्यालय में किया पौधारोपण



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत नगरपरिषद उपकार्यालय जंक्शन में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में नगरपरिषद सभापति सुमित रणवां, पूर्व उपसभापति नगीना बाई, पार्षद बलराज सिंह दानेवालिया, पार्षद निरंजन नायक, पार्षद जगदीप विकी, पार्षद अशोक गौरी, पार्षद सिंगाराम, जेईएन सत्यवीर कटारिया सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि शहर को हरा भरा करने के उद्देश्य से जल्द ही अभियान चलाकर शहर को हरा भरा किया जायेगा। उन्होने बताया कि शहर को हरा भरा करने के उद्देश्य नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा निर्माण स्वीकृती के साथ प्रत्येक व्यक्ति को दो पौधे लगाकर उसकी देखरेख करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

# जंक्शन पुलिस थाना में नए कानूनी प्रावधान के तहत दर्ज हुआ पहला मुकदमा

- » मारपीट के आरोप में दर्ज मुकदमे में जांच की नई पद्धति के तहत होगी आगामी कार्रवाई
- » मुख्यमंत्री ने भी वीसी के जरिए ली सीएलजी सदस्यों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

देशभर में सोमवार से नए आपराधिक कानून लागू हो गए। इसके साथ ही अंग्रेजों के जमाने की आईपीसी भारतीय न्याय संहिता में तब्दील हो गई। पूर्व के सीआरपीसी के प्रावधानों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। इसी संदर्भ में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डीजी की ओर से सीएलजी सदस्यों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की वीसी के जरिए मीटिंग ली गई। मीटिंग में प्रावधानों में किए गए विशेष बदलावों के संबंध में जानकारी दी। उधर, नए कानूनी प्रावधानों के तहत सोमवार को सबसे पहले जिले में हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना में मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। इसमें जांच की नई पद्धति के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि नए तीन आपराधिक कानून विशेष तौर पर परिवादी को केन्द्र बिन्दु में रखते हुए ही बनाए गए हैं। कोई भी प्रकरण दर्ज होगा तो उसके दर्ज होने के 90 दिन के अन्दर की गई कार्रवाई के बारे में परिवादी को अपडेट करने का प्रावधान जोड़ा गया है। मेडिकल प्रेक्टिशनर को सात दिन के अंदर जांच रिपोर्ट देनी होगी। इसके अलावा पुलिस के ऊपर अधिक भार बढ़ता जा रहा है। इसलिए कांस्टेबल से ऊपर के अधिकारी मेडिकल करवाने के लिए योग्य रहेंगे। पूर्व में सब इंस्पेक्टर व इससे ऊपर के अधिकारी की ओर से मेडिकल करवाने का प्रावधान था। पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस की वेबसाइट पर गिरफ्तार आरोपियों की सूचना प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। 164 के बयान महिला मजिस्ट्रेट के समक्ष ही करवाया जाना प्राथमिकता में रहेगा। गैंगरेप के मामले में अधिकतम मृत्युदंड की सजा से दंडित किया जा सकेगा। डिजिटल एविडेंस को प्राइमरी एविडेंस माना जाएगा। एनसीआरबी की ओर से साक्ष्य संकलन एप देश भर में लॉन्च किया गया है। जो भी सर्च, सीजर की कार्रवाई होगी या बयान होंगे वह वीडियो रिकॉर्डेड रहेंगे। यह पूरा प्रोसेस इस एप के माध्यम से किया जाएगा। हत्या के लिए लगाई जाने वाली धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। नए कानूनों में आपराधिक न्याय प्रणाली में तकनीकी का इस्तेमाल बढ़ जाएगा। नए आपराधिक कानून से 3 वर्ष में न्याय मिलेगा। एसपी ने बताया कि इसके संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षण दिया गया है। आगामी दिनों में भी लगातार जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। सभी थानों, कार्यालयों, चौकियों, परिसरों में इस संबंध में सूचना पट्ट लगाए जा रहे हैं ताकि अधिकाधिक नागरिक जागरूक हों।

# शिविर में 103 यूनिट रक्त संग्रहित



» इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंटस ऑफ इण्डिया की वर्षगांठ के मौके पर आयोजन

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंटस ऑफ इण्डिया की 76वीं वर्षगांठ के मौके पर आईसीएआई हनुमानगढ़ ब्रांच की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के तत्वावधान में आयोजित शिविर में कुल 103 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। शिविर में सीए मेंबर्स, सीए विद्यार्थियों आदि का सहयोग रहा। शिविर का आयोजन सीए दिवस पर पूरे भारत में आईसीएआई की सभी शाखाओं में आयोजित रक्तदान शिविरों के क्रम में किया गया। हनुमानगढ़ शाखा के सचिव राजेश गोयल ने कार्यक्रम की शुरुवात ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने बताया कि सीए दिवस का आयोजन भारत में सीए के आर्थिक व वित्तीय क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाने के लिए किया जाता है। उन्होंने राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम को उनके सहयोग के लिए सराहा। आईसीएआई शाखा की ओर से ब्लड बैंक की टीम को सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में हनुमानगढ़ शाखा के सीए रोहित मूंदड़ा, जगदीश शर्मा, विनय जिंदल, शशांक सिंगला, अंकुश सिंगला, यश मित्तल, संजय सिहाग, पवन पूनिया, अंकित गिल्होत्रा, साहिल गोयल, सुमित गुप्ता, गौरव बाघला, वासुदेव पारीक, तुषार गोयल, सुशील मित्तल, हर्ष जिंदल, निशांत चुघ, यशवर्धन गोयल का योगदान रहा।

# निराश्रित पशुओं के राजस्व कैम्पस में घुसने से रोकने की उचित व्यवस्था करने की मांग

## राजस्व चैम्बर्स के अधिवक्ताओं ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** निराश्रित पशुओं व भेड़-बकरियों के राजस्व कैम्पस में घुसने से रोकने की व्यवस्था करने तथा नवनिर्मित रिकॉर्ड रूम के आगे खाली पड़ी जगह में पौधारोपण करने की मांग के संबंध में राजस्व चैम्बर्स के अधिवक्ताओं ने सोमवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता वरिन्द्र गुप्ता ने बताया कि अधिवक्ताओं ने प्रशासन की मदद से राजस्व चैम्बर्स के आगे व पीछे तथा खाली स्थान पर काफी पौधे लगाए हैं। राजस्व कैम्पस में निराश्रित पशु घुस जाते हैं। भेड़-बकरी पालक भी भेड़-बकरियों को चराने के लिए राजस्व कैम्पस में लेकर आ जाते हैं। इससे यहां लगाए गए पौधे नष्ट हो रहे हैं। यह पौधे विकसित नहीं हो पा रहे। अधिवक्ताओं के अलावा आमजन तथा कर्मचारी राजस्व कैम्पस में अपने वाहन भी खड़े करते हैं। इन वाहनों को निराश्रित पशुओं की ओर से नुकसान पहुंचाया जाता है। अधिवक्ताओं ने निराश्रित पशुओं को कैम्पस के अन्दर घुसने से रोकने के लिए उचित व्यवस्था करने, भेड़-बकरी पालकों को राजस्व कैम्पस में भेड़-बकरियां नही लेकर आने के लिए पाबंद करने की मांग की। इसके अलावा नवनिर्मित रिकॉर्ड रूम के सामने व राजस्व अधिवक्ताओं के चैम्बर्स के बीच खाली पड़ी जगह पर तारबंदी व पानी की व्यवस्था कर पौधे लगाने की मांग की गई। इस मौके पर रामकुमार कस्वां, सोमप्रकाश शर्मा, संजय पाल गोदारा, सुरेंद्र सियाग, नरेश पारीक, आशीष भिड़ासरा, मोहन लाल यादव, ओम प्रकाश गोदारा सहित कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मोबाइल फोन छोड़ खेलकूद में लगाएं कुछ समय




## नेशनल डॉक्टर्स डे पर सेमिनार का आयोजन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाइम्स ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट में नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ सागरमल लड्ढा ने सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश बाजिया का स्वागत किया। प्रिंसिपल टाइम्स पब्लिक स्कूल, नेहा शर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया की डॉक्टर्स डे प्रतिवर्ष 1 जुलाई को महान स्वतंत्रता सैनानी, समाज सेवी व चिकित्सक बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य डॉक्टर्स की समाज के प्रति सेवा भावना का सम्मान करना है। डॉ बाजिया ने बच्चों को बताया कि मोबाइल में समय व्यतीत न करके कुछ समय खेल कूद में लगाना चाहिए। फ़ास्ट फ़ूड नहीं खाना चाहिए एकाग्रचित होकर अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार स्टडी करनी चाहिए। उन्होंने अलग अलग बीमारियों जैसे कि शुगर, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक आदि होने के कारणों पर प्रकाश डाला। धूम्रपान व अलग अलग प्रकार के नशे से बचने के लिए बच्चों को सचेत किया व प्रतिदिन योगा क्लास लगाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर गोपाल किशन लड्ढा, प्रिंसिपल टाइम्स बीएड कॉलेज रामप्रताप जांगू, प्रिंसिपल टाइम्स फार्मेसी कॉलेज अश्वनी कुमार शर्मा, स्कूल व कॉलेज विद्यार्थी व सभी स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

किसी भी कंपनी का
जीवन स्वास्थ्य
गाड़ी प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए सम्पर्क करें
विकास शर्मा
99585-95529
श्वेता शर्मा
97839-11999

# फसल बीमा क्लेम सहित अन्य मांगों को लेकर किसानों का नोहर उपखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

तेज | रिपोर्टर. नोहर





अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव कामरेड मंगेज चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को उपखण्ड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। फसल बीमा क्लेम जारी करने, बिजली कटौती, शहर व गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने, कानून व्यवस्था दुरुस्त करने शहरों और गांवों में हो रही चोरिया व लूटपाट पर रोक लगाने आदि मांगों को किसानों ने उपखण्ड कार्यालय के आगे जोरदार प्रदर्शन किया। उपखंड कार्यालय के अंदर घुसने को लेकर किसानों की पुलिस के साथ तकरार भी हुई। किसानों ने बैरीकेड तोड़ने के प्रयास भी किए। प्रदर्शन से पहले किसान यहां अनाज मंडी के किसान विश्राम गृह में एकत्रित हुए और वहा से रैली रूप में नारेबाजी करते हुए उपखंड मुख्यालय पहुंचे। उपखंड मुख्यालय के आगे टेंट लगाकर किसानों ने धरना लगाया धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा की जिला महासचिव कामरेड मंगेज चौधरी ने कहा कि फसल बीमा क्लेम को लेकर किसानों ने पहले भी 70 दिन तक उपखंड मुख्यालय के आगे आंदोलन किया था। इसके बाद जिला कलेक्टर के साथ हुए समझौते के अनुसार किसानों का क्लेम जल्द ही जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जिसके तहत कुछ पंचायत का क्लेम जारी किया फिर कंपनी और प्रशासन ने आचार संहिता का हवाला देकर किसानों का क्लेम रोक दिया। यह किसानों के साथ कुठाराघत है और अब तक किसानों के खातों में क्लेम नहीं पहुंचा किसानों की फसल तबाह हो रही है और प्रशासन कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है, 2020 से लेकर आज तक किसानों को उनकी फसल जो तबाह हुई उनका कलेम नहीं मिला, बीमा कंपनी को प्रीमियम सही समय पर देने के बाद में भी पॉलिसीयों को रिजेक्ट किया जा रहा है। कंपनी अपनी गुंडागर्दी के तहत जब मन चाहे उसे पटवार मंडल पर ऑब्जेक्शन लगाकर किसानों के क्लेम को रोकने की कोशिश करती रही है और किसानों को मजबूर होकर सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। मंगेश चौधरी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसानों का एक भी पैसा डकारने नहीं दिया जाएगा। मंगेज चौधरी ने बताया कि भाजपा व कांग्रेस के राज मे पेयजल योजना पर करोड़ों रुपए खर्च हो जाने के बाद भी कस्बे व अनेक गांवों के ग्रामीण आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नी के लिए आजादी के इतने सालों के बाद में भी गांवों और शहर के लोग तरस रहे हैं। कस्बे की जनता दूषित पानी पीने को मजबूर है जलदाय विभाग के अधिकारी बेलगाम है उन्हें आमजन की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। मंगेज चौधरी ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था लगातार बिगड रही है। लगातार चोरी कि घटनाएं हो रही है। ओर तो ओर लुटपाट की घटनाएं बढ़ रही है। गांव से लोग शहर में मोटरसाइकिल लाने को लेकर भयग्रस्त है कि क्या पता कब उसकी बाइक चोरी हो जाए पिछले तीन माह में 150 से अधिक मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है। चींटा का नशा खुलेआम बिक रहा है। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने उपखंड मुख्यालय के आगे बेरीगेट्स लगाएं। किसानों के प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने वार्ता का न्योता भेजा वार्ता में मांगो पर सहमति बनने के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

प्रशासन की तरफ से वार्ता मे उपखंड अधिकारी, फसल बीमा कंपनी जिला कोऑर्डिनेटर, कृषि विभाग के अधिकारी, बैंकिंग और बिजली ,और जलदाय विभाग, के अधिकारी मोजुद थे। किसानों की तरफ से अखिल भारतीय किसान सभा की जिला महासचिव कामरेड मंगेज चौधरी, प सुरेश स्वामी, कामरेड रिद्धकरण कस्वा, जीतराम बाजिया, पवन देहडू, बरवाली सरपंच राजाराम पूनिया, प्रताप सिंवर, ओम लाखलान, रणवीर खींची, भालाराम स्वामी, आदि उपस्थित थे। वार्ता में आगामी महीने के अंदर ऑब्जेक्शन वाले पटवार मंडलों जिनका हट गया है उनका क्लेम डाल दिया जाएगा, पीएनबी बैंक पॉलिसी रिजेक्ट मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी का फैसला आने के बाद में क्लेम डाला जाएगा, 10 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि वाली रिजेक्ट पॉलिसीयों के लिए जांच करवाई जाएगी जिनकी खेत में बुवाई हुई है उनकी पॉलिसियों बहाल कर दी जाएगी, जल जीवन मिशन में हुए कार्य की जांच करवाई जाएगी, बिजली और पानी की किल्लत दूर करने पर सहमति बनी। जिसको लेकर किसानों ने सहमति दी और अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव कामरेड मंगेज चौधरी ने धरने पर बैठे किसानों के बीच में समझौता वार्ता पढ़कर सुनाया जिसपर किसानों ने अपनी सहमति दी । जिसके बाद आंदोलन स्थगित किया गया।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442